दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 135 | जयपुर | शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
31.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 76,348.06 +899.02 (1.19%)
निफ्टी 23,190.65 +283.05 (1.24%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 91,015 /10g
चांदी 1,05,100 /Kg

# छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़, 30 नक्सली मारे गए
## बीजापुर में 26, कांकेर में 4 शव मिले, हथियार बरामद, एक पुलिस जवान शहीद



बढ़ता राजस्थान

**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान भी शहीद हुआ है। बस्तर द्रुत सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए।

### दंतेवाड़ा के पास एंड्री इलाके में एक दिन पहले पहुंची थी फोर्स

**पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंड्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है।**

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना में राजस्थान में गड़बड़ी
#### पाली में 29-हजार से अधिक फर्जी खाते मिले 7 करोड़ से ज्यादा बाहरी राज्यों में ट्रांसफर

बढ़ता राजस्थान

**पाली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में राजस्थान में गड़बड़ी सामने आई है। केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान के किसानों के लिए भेजी गई करोड़ों रुपए की राशि पश्चिम बंगाल और बिहार के खातों में ट्रांसफर हो गई। पाली जिले की रानी, मारवाड़ जंक्शन और देसूरी तहसीलों में भौतिक सत्यापन के दौरान यह खुलासा हुआ है। भौतिक सत्यापन में देसूरी में 20 हजार, रानी में 9,004 और मारवाड़ जंक्शन में 62 फर्जी खाते मिले हैं। देसूरी में 1.51 करोड़ और रानी में 5.40 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए हैं। तीनों तहसीलों के तहसीलदारों ने मार्च माह में अपने-अपने क्षेत्र के थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रानी तहसीलदार मनोहरसिंह ने 3 मार्च को, मारवाड़ जंक्शन तहसीलदार दीपक सांखला ने 6 मार्च को और देसूरी तहसीलदार हरेन्द्र सिंह चौहान ने 6 मार्च को संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

### हिमाचल के पूर्व परिवहन मंत्री का निधन

बढ़ता राजस्थान

**धर्मशाला।** हिमाचल के पूर्व मंत्री वजीर केवल सिंह पठानिया का आज निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने 88 साल की उम्र में आधी रात में अंतिम सांस ली। आज उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम संस्कार दोपहर 1 बजे बासा वजीरा के मोक्षधाम में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके बेटे राजीव पठानिया ने मुखाग्नि दी। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व मंत्री के निधन पर शोक जताया है। कहा कि पठानिया का निधन हिमाचल और कांग्रेस के लिए बड़ी क्षति है। 1972 में पठानिया ने नूरपुर क्षेत्र से चुनाव लड़ा और विधानसभा पहुंचे। 1990 में वीरभद्र सिंह की सरकार में ज्वालामुखी से दूसरी बार विधायक बने।

# राजस्थान में कुलपति कहलाएंगे कुलगुरु, विधानसभा में बिल पास
## जूली बोले- 32 में से सिर्फ 4 राजस्थान के, बाकी बाहरी; नाम बदलने से क्या होगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में विश्वविद्यालयों की विधियां (संशोधन) बिल बहस के बाद पारित कर दिया गया। इस बिल के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश के सभी 32 सरकारी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में अब कुलपति का पदनाम कुलगुरु और प्रतिकुलपति का नाम प्रतिकुलगुरु होगा। यह बदलाव केवल हिंदी भाषा में ही लागू होगा, अंग्रेजी में पदनाम पूर्ववत रहेंगे।

बिल पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश की 32 यूनिवर्सिटी में से केवल चार के ही वीसी राजस्थान के हैं, सबसे ज्यादा कुलपति यूपी से हैं। निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कुलपति नियुक्तियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बड़ी अटैची देने वाले को ही कुलपति बनाया जाता है और वे तीन साल में पैसा वसूलने की जुगत में लगे रहते हैं। जूली ने मेडिकल यूनिवर्सिटी का उदाहरण देते हुए बताया कि महाराष्ट्र से एक गैर-डॉक्टर को वीसी बना दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर्स को तनख्वाह तक नहीं मिल रही है और 4,000 पद खाली पड़े हैं। उनका कहना था कि सिर्फ नाम बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, जब तक सनातन धर्म और वैदिक संस्कृति के संस्कार नहीं लाए जाएंगे।

### बीजेपी विधायक सरकार की तारीफ में लगे, जूली ने सुनाया शोले का किस्सा

विधानसभा में बाजरे और मूंगफली खरीद से जुड़े सवाल पर भाजपा विधायक पब्बाराम बिश्नोई सवाल पूछने की बजाय सरकार की तारीफ करने लगे। स्पीकर को कई बार टोकना पड़ा और उन्हें सवाल पूछने के लिए कहा। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मजेदार अंदाज में शोले फिल्म का जिक्र किया। जूली ने कहा- यह वैसे ही हो रहा है, जैसे शोले में धर्मेंद्र और अमिताभ का मामला था।



### उच्च शिक्षा को बर्बादी के कगार पर लाकर छोड़ दिया

भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कहा- हम हार्वर्ड और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में जाते हैं। क्या वे यहां से ज्यादा सुंदर हैं? लेकिन रिसर्च में उनका नाम है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से हर साल 421 एजुकेशन और रिसर्च मैगजीन प्रकाशित होती हैं॥ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से 500 से ज्यादा रिसर्च मैगजीन्स प्रकाशित होती हैं। हमें किधर बढ़ना है, हमें उधर बढ़ना है जिधर कभी ध्यान नहीं गया। उच्च शिक्षा को बर्बादी के कगार पर जिस तरह लाकर छोड़ा है। गोपाल शर्मा ने आगे कहा- कहां आचार्य नरेंद्र देव, डॉक्टर संपूर्णानंद जैसे वाइस चांसलर हुआ करते थे और आज क्या हालत बना दी है। आपने ऐसे लोगों को कुलपति बना दिया जो जेल जा रहे हैं, पुलिस बाहर खड़ी है।

# बीकानेर में कार पर पलटा ट्रक, 6 भाइयों की मौत
## आधे घंटे तक गाड़ी में दबे रहे, शादी समारोह से लौट रहे थे



बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर।** बीकानेर में एक तेज रफ्तार ट्रक पास चल रही कार पर पलट गया। कार में सवार 6 चचेरे भाइयों की मौत हो गई। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे के बाद करीब आधे घंटे तक घायल ट्रक के नीचे ही दबे रहे। एक्सीडेंट देशनोक में बुधवार देर रात करीब 11 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार करणी मंदिर के पास रेलवे क्रासिंग पर बने पुल पर ये एक्सीडेंट हुआ। एक ट्रक नोखा से बीकानेर की ओर आ रहा था। तभी ये असंतुलित होकर नोखा की ओर जा रही कार पर पलट गया। कार पूरी तरह से सड़क पर पिचक गई। इस कार में 6 लोग थे। हादसे के आधे घंटे तक सभी घायल ट्रक के नीचे दबे रहे। जेसीबी की मदद से ट्रक को उठाकर सभी को बाहर निकाला गया।इनमें से 4 घायलों को देशनोक सीएचसी में और 2 को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में ले जाया गया था। जहां डॉक्टर्स ने इन्हें मृत घोषित कर दिया।

### शादी समारोह में शामिल होने आए थे

कार सवार बीकानेर में एक समारोह में शामिल होने गए थे। एक्सीडेंट में नोखा के रहने वाले अशोक (45) पुत्र जगन्नाथ नाई, मूलचंद्र (45), पप्पूराम (55) पुत्र गंगाराम नाई व श्याम सुंदर (60) व द्वारका प्रसाद (45) पुत्र चेतनराम, करणीराम (50) पुत्र मोहनराम शामिल है। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। मूलचंद व पप्पूराम सगे भाई थे। वहीं, श्याम सुंदर व द्वारका प्रसाद भी सगे भाई थे। एक्सीडेंट के कारण ओवरब्रिज पर देर रात तक जाम लगा रहा।

# मुख्यमंत्री नए इसलिए हमने जानबूझकर आंदोलन नहीं किया
## डोटासरा को टारगेट बनाकर एकतरफा बहस करवाना गलत था : गहलोत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि मुख्यमंत्री और मंत्री नए बने हैं, हमारी पार्टी विधायक दल ने तय किया था कि इनको मौका देना चाहिए। पहली बार विधायक बने मुख्यमंत्री बने हैं, इनको मौका देना चाहिए और इसलिए कांग्रेस ने साल भर से कोई आंदोलन खड़ा नहीं किया। गहलोत ने कहा- हमने मीडिया के माध्यम से अपनी बात कही। इनको समझ जाना चाहिए हम जो कहना चाहते हैं ,वह उनके हित में है। सरकार अगर अच्छी चलेगी अच्छी गवर्नेंस होगी तो फायदा किसको मिलेगा, जनता को मिलेगा। हमारा ध्येय है कि जनता को फायदा मिले, इसमें कोई समझौता नहीं हो। पक्ष और विपक्ष मिलकर ऐसा काम करें जिससे आम जनता को लाभ मिले विकास हो। अभी इन पर निर्भर करता है विपक्ष कितना साथ लेकर चलते हैं ।

गहलोत ने कहा-डोटासरा के मामले में आपने देख लिया इन्होंने 6 लोगों को सस्पेंड किया और जिस तरह का बर्ताव किया । धरना तक देना पड़ा , इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि मुख्य विपक्षी दल के विधायकों को धरना देना पड़े। जो व्यवहार रहा वह तारीफ के काबिल नहीं है हमारे वक्त भी निष्कासन हुए हैं , एक-दो दिन कोशिश की बुलाकर बात करें और निष्कासन समाप्त किया।




# नित्यानंद राय के 2 भांजों के बीच फायरिंग, एक की मौत
## दूसरे के जबड़े को चीरते हुए निकली बुलेट केंद्रीय मंत्री की बहन को भी लगी गोली

बढ़ता राजस्थान

**भागलपुर।** भागलपुर में गुरुवार सुबह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के भांजों के बीच गोलीबारी हुई है। इसमें एक भांजे विकल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि नित्यानंद राय की बहन को भी गोली लगी है। मामला नवगछिया के जगतपुर गांव का है। गोलीबारी के बाद दोनों को इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां एक विकल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जयजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। जयजीत की पत्नी ने कहा- दोनों भाइयों के बीच पिछले एक साल से जमीन को लेकर विवाद करता था।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# कलक्टर की संवेदनशीलता से पन्नालाल को मिलेगी ढाई साल से रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन

## आँखों-फिंगरप्रिंट के खराब होने पर नहीं हो पा रहा था सत्यापन, कलक्टर ने पहल की तो स्वीकृत हो गई ढाई साल से रुकी पेंशन, जिला स्तरीय जनसुनवाई में मौके पर ही मिली आमजन को राहत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा जिला स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों को पूरी गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण और राहत सुनिश्चित कर रहे हैं।

गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में नाथद्वारा के कुम्हारवाड़ा निवासी 72 वर्षीय पन्नालाल प्रजापत पिता घासी प्रजापत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में लाभ प्राप्त करने की मांग को लेकर पहुंचे थे। आवास को लेकर आयुक्त को निर्देश प्रदान करने के साथ ही जब कलक्टर ने जब बुजुर्ग से पूछा कि पेंशन मिलती है या नहीं ? तो उसने बताया कि 'साहब 36 महीने से मेरी वृद्धावस्था पेंशन सत्यापन के अभाव में रुकी हुई है, क्योंकि उम्र हो गई है, फिंगर प्रिंट नहीं आ रहे और एक आँख में भी समस्या है'। इस पर कलक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक



दीपेन्द्र सिंह शेखावत को हाथों-हाथ पीड़ित को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। अधिक उम्र होने से फिंगरप्रिन्ट और एक आँख में समस्या के कारण ई-मित्र पर सत्यापन संभव नहीं हो पा रहा था, ऐसे में तुरंत प्रभाव से नाथद्वारा उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक की आईडी के माध्यम से प्रार्थी का सत्यापन किया गया। उप निदेशक शेखावत ने बताया कि अब पन्नालाल को 36 माह से रुकी हुई पेंशन की राशि लगभग 27000 रुपए प्राप्त होंगे। वेरीफिकेशन होने के बाद कलक्टर ने जनसुनवाई में ही पीड़ित को स्वीकृति पत्र सौंप कर राहत दी और उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। कलक्टर ने कहा कि और भी कोई परेशानी हो तो वे मिलने आ सकते हैं। शेखावत ने बताया कि पन्नालाल प्रजापत की पेंशन मार्च 2021 को शुरू हुई थी और फरवरी 2022 तक उसे आखिर भुगतान हुआ। इसके बाद सत्यापन नहीं होने से वह वंचित हो गया लेकिन कलक्टर असावा की संवेदनशीलता से तुरंत राहत मिली।

### जनसुनवाई में आई पानी, बिजली सहित 31 शिकायतें

जिला स्तरीय जनसुनवाई में पेयजल, सड़क, बिजली, अतिक्रमण, नामांतरण, पट्टा वितरण सहित कई विषयों से संबंधित 31 परिवाद लेकर लोग उपस्थित हुए। कलक्टर ने हर समस्या को सुनते हुए नियमानुसार समाधान करने के लिए निर्देश दिए।

## डिजिटल वेब साइट पब्लिक बोलेगी न्यूज़ का अतिरिक्त जिला कलक्टर सी एस भंडारी ने किया शुभारंभ

# मीडिया कर्मी जन कल्याण के मकसद से कार्य करे-ए डी एम सी एस भंडारी





बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/केकड़ी ( पवन राठी ) ।** डिजिटल क्रांति के दौर में समाचारों के तत्तकाल प्रसारण की कड़ी में रंग पंचमी के पावन पर्व पर 'पब्लिक बोलेगी न्यूज़' वेब साइट का अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्र शेखर भंडारी ने कंप्यूटर पर एक क्लिक करके वेबसाइट का शुभारंभ किया।

वेबसाइट शुभारंभ से पूर्व पब्लिक बोलेगी न्यूज़ नेटवर्क के डायरेक्टर एवम चीफ एडिटर पवन राठी ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर भंडारी का माल्यार्पण कर साफा बंधवा कर स्वागत किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर भंडारी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और वही लोकतंत्र का रक्षक भी है। मीडिया कर्मी निर्भीक होकर समाज के सर्वांगीण कल्याण के मकसद से पत्रकारिता के स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए पत्रकारिता करे।इसके साथ ही भंडारी ने पब्लिक बोलेगी न्यूज़ नेटवर्क संस्थान को नए आयाम स्थापित करने एवम उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर होने की शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर परचीफ एडिटर पवन राठी, लक्ष्मीचंद मीणा, पंकज शर्मा ,कुलदीप सहित अनेकों गण मान्य उपस्थित रहें।

## लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को ढांढस बंधाया, अरविंद सिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। बीएन संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेड़ी, सचिव महेंद्र सिंह आगरिया, बीएन विद्यालय अध्यक्ष हनुमंत सिंह बोहेड़ा मय कार्यकारिणी, क्षत्रीय महासभा संभाग अध्यक्ष बालूसिंह कानावत मय कार्यकारिणी, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष राव नरेंद्रसिंह मय कार्यकारिणी, पूर्व संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, गीतांजलि ग्रुप के चेयरमैन जेपी अग्रवाल, कारोबारी शांतिलाल मारू, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, श्रीमाली समाज अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली मय कार्यकारिणी ने गुरुवार को शंभू निवास जा कर अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर श्रंद्धाजलि दी।

## हाड़ोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आयोजित, मथुरा-वृंदावन से आए लोक कलाकारों ने पुष्प होली खेली

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। हाड़ोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का होली मिलन समारोह पाषाण भवन पर हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी परम्परा को निभाते हुए इस वर्ष भी संस्था के सभी सदस्यों ने परिवार सहित उल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आनंद लिया। इस वर्ष होली मिलन समारोह में मथुरा-वृंदावन से आए लोक कलाकारों ने पुष्प होली के साथ फाग उत्सव मनाया। संस्था के द्वारा संचालित डम्पिंग यार्ड एवं विकास सहायता शुल्क में उत्कृष्ट सहयोग देने पर संस्था के सदस्यों को मंच पर सम्मानित किया गया।

### सदस्यों के लिए लकी ड्रॉ भी निकाला

संस्था के सदस्य हरिओम यादव के भोपाल में आयोजित आयरन मैन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। महासचिव रवि निमोदिया ने बताया कि इस होली मिलन समारोह में एडीएम कोटा सिटी अनिल सिंघल शामिल हुए और सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दीं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सदस्यों के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 30 ग्राम चांदी, द्वितीय पुरस्कार में 20 ग्राम चांदी एवं तृतीय पुरस्कार में 10 ग्राम चांदी के सिक्के दिए गए। कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल भी इस आयोजन में मौजूद रहे। अंत में संस्था के पूर्व अध्यक्ष विकास जोशी ने सभी अतिथियों व सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन सलाहकार बोर्ड आरएन गर्ग, संरक्षक सुरेश मित्तल, संस्थापक अध्यक्ष राजेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी मेवाड़ा, सतनाम सिंह आनंद, कोषाध्यक्ष गौरव गर्ग, समस्त पूर्व अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## सामाजिक समरसता के संवर्द्धन का पर्व है हिन्दू नववर्ष,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिन्दू नववर्ष सामाजिक समरसता के संवर्द्धन का पर्व है। इस पर्व पर हो रहे उत्सव में हिन्दू समाज का कोई भी घटक शामिल होने से चूकना नहीं चाहिए। उसके लिए सभी समाजों तक पहुंचकर उन्हें हिन्दू नववर्ष उत्सव में भागीदारी का आग्रह करना होगा यह आव्हान हिन्दू नववर्ष समारोह समिति के कार्यकर्ताओं ने मधुकर भवन पर आयोजित बैठक में व्यक्त किये।

## भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दिशा कल्याणक पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** राजस्थान सरकार के अल्पसंख्यक मामलात विभाग के निर्देशानुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दिशा कल्याणक के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 20 मार्च से 22 मार्च 2025 तक विभिन्न अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों जिनमे पंजीकृत मदरसा स्कूलों, अल्पसंख्यक बालक एवं बालिका छात्रावास एवं अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त संस्थानों में आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें जैन धर्म के सिद्धांतों और शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राजस्थान मदरसा बोर्ड के आदेशानुसार, इन कार्यक्रमों में निबंध लेखन, पोस्टर बनाना, पेंटिंग प्रतियोगिता और व्याख्यान जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और न्याय की भावना को बढ़ावा देना है।

**मदरसों और अल्पसंख्यक छात्रावास में हुआ विशेष आयोजन :** जयपुर के विभिन्न मदरसों जिनमे मदरसा जामिया महमुदुल कुरआन और मदरसा जिया उल कुरआन में भी इन आयोजनों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रवास मानसरोवर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों को भगवान ऋषभदेव के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने कहा, भगवान ऋषभदेव न केवल जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के आधार स्तंभ भी रहे हैं। उन्होंने समाज को नैतिकता, अहिंसा और मानवता की राह दिखाई।

यह आयोजन सामाजिक समरसता और शांति के संदेश को फैलाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को जैन धर्म की गहराइयों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा- 20 हजार का जुर्माना भी लगाया, पत्नी ने पति के मर्डर की दी थी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में हत्या के मामले में जिला एवं सेशन न्यायालय ने दोषी को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल ने हत्या के प्रकरण में आरोपी लच्छीराम पुत्र वेणाराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है।लोक अभियोजक रामलाल जाट के अनुसार 8 अप्रैल 2021 को पीड़ित भूरी बाई ने पुलिस थाना केलवाड़ा में अपने पति हरिंग भील की हत्या की रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि वो अपने पति हरिंग और बेटी कंकू के साथ गेहूं की फसल काट काटने के बाद दोपहर में कुएं पर आम के पेड़ के नीचे अपने पति को खाना खिलाने रही थी। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे के बाद लच्छीराम शराब के नशे में खेत पर आया और जान से मारने की धमकियां देने लगा। लक्ष्मी राम के शराब के नशे में होने के कारण भूरी बाई चुप रही।उसके बाद भूरी बाई खेत व उनकी बेटी घर पर चली गई और पति खेत की पाली पर ही सो गया। कुछ समय बाद भूरी बाई जब वापस आई तो लच्छीराम के हाथों में बड़ा पत्थर था, जिससे लच्छीराम ने हरिंग के सिर पर वार कर हत्या कर दी। जिसके बाद गांव के लोग भी खेत पर पहुंचे ओर पुलिस को सूचना दी। रिपोर्ट के आधार पर केलवाड़ा थाना इंचार्ज शैतान सिंह ने अनुसंधान कर धारा 302 आईपीसी में लच्छीराम पुत्र वेणाराम भील निवासी मजेरा कुंडाला थाना केलवाड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। लोक अभियोजक जाट ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 16 गवाह को पेश किया गया और 21 दस्तावेज एवं 5 आर्टिकल प्रदर्शित कराए गए।कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनी व जिला न्यायालय ने आरोपी लच्छीराम को हेरिंग की हत्या के मामले में दोषी पाया। जिस पर दोषी को आजीवन कारावास एवं 20 हजार के जुर्माने की सजा से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक रामलाल जाट एवं फरियादी अधिवक्ता सीमा जैन ने उक्त प्रकरण में पैरवी की।

## ब्यावर की कांग्रेसी महिला नेता के बैतुके बयान की विप्र फाउंडेशन ने की निंदा

### तहसीलदार को मुख्यमंत्री ने नाम दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** तहसील के विप्र फाउंडेशन द्वारा राजस्थान के ब्यावर में कांग्रेस की एक महिला नेता रेखा जैन के द्वारा हमारे आराध्य देव भगवान परशुराम पर की गई घटिया प्रतिक्रिया के खिलाफ विप्र फाउंडेशन के द्वारा विरोध जताते हुए तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा व राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा के नेतृत्व में तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की हैं। विप्र फाउंडेशन ने ज्ञापन में बताया कि ब्यावर में कांग्रेस की एक महिला नेता द्वारा भगवान परशुराम की तुलना औरंगजेब से करने वाली इस मानसिक रोगी रेखा जैन के खिलाफ सख्त से सख्त कड़ी कानूनी कार्रवाई कर एक संपूर्ण राजस्थान में सांप्रदायिक सौंदर्य बिगाड़ने वालों लोगों को मैसेज दिया जाए। कांग्रेस की इस कुटीत मानसिकता में हमेशा हमारे धर्म गुरुओं, आराध्य देव के बारे में ही बेवजह अपनी पब्लिसिटी करने के लिए अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। जिससे हिंदू समाज में व्यापक रोष व्याप्त हैं। विप्र फाउंडेशन द्वारा यह मांग की जा रही है कि ऐसे समाज कंटकों पर राज्य सरकार को शक्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे लोगो को इस प्रकार के मर्यादित बयान देने से पहले सोचना पड़े। संगठन यहां यह भी उल्लेख करना चाहता है कि कांग्रेस एक विश्व स्तर पार्टी है लेकिन कभी इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष व कभी इनके प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भी बैतुक बयान बाजी कर हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलने का कार्य करते रहते हैं जो कि देश व राज्य में करोड़ों हिन्दुओं कि भावनाओं के खिलाफ है। अगर ब्यावर की इस कांग्रेस की महिला नेता रेखा जैन पर या ऐसे लोगों पर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो विप्र फाउंडेशन संपूर्ण राज्य के अंदर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी।

## पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो दूसरे ही दिन चढ़ा परवान पर

### तकनीकी सत्रों में आज उद्यमियों को मिलेगी उपयोगी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई में पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो दूसरे ही परवान पर चढ़ता दिखा और वहां पर शहर वासियों की काफी भीड़ देखने को मिली। वहां पर लगी कोई भी स्टॉल ऐसे नहीं थी जो सुनी पड़ी हो। हर स्टॉल पर लोगों की चहल कदमी और वहां के उत्पादों के बारे में जानकारी लेते हुए लोग दिखाई दिए।

यूसीसीआई अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत एवं पीएचडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख आर.के.गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे यूसीसीआई के महासचिव पवन तलेसरा स्वगत उद्बोधन देंगे। इसके बाद उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स समिति के अध्यक्ष कपिल सुराणा जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक शैलेन्द्र सिंह,उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त आयुक्त पी.एन.शर्मा कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। सोनाली बायोगैस प्रा.लि.के निदेशक शबरीक



दास कश्यप बायोगैस में एमएसएमई के लिये व्यवसायिक अवसरों पर संबोधन देंगे। एमएसएमई के लिये क्रेडिट फेसिलिटी पर यस बैंक लि. के रामसिंह यादव व इण्डियन फिनेन्स मशीन के देवनारायण माली जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि आज जेल बैण्ड द्वारा दी गई धमाकेदार प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। जेल प्रशासन द्वारा कैदियों के लिये चलाये जा रहे प्रोजेक्ट झरिया को भी यहां पर प्रमोट किया जा रहा है। इन सब के बीच में जिस पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई वह स्टॉल थी मिल्को मिक्स। यहां पर हर उत्पाद के पाउडर मिल रहे थे वह भी हर पैकिंग में।

## विद्या के मंदिर में नाबालिक बच्चों का शारीरिक शोषण

### अध्ययन के समय बाल श्रम करवा कर सरकार को दिखाया ठेंगा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/भिनाय ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कनेई कला के गांव कनेई खुर्द की राजकिय उच्च प्राथमिक विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा पोषाहार के 50 किलो के बेग उठाने को मजबूर हो रहे हैं।पत्रकार घनश्याम दास को रास्ते से गुजरते हुए नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा गेहूं के बेग उठाकर ले जाते देखा तो रहा नहीं गया और विद्यालय में जाकर देखा। अंदर गए तो कम से कम 10 से 15 बैग गेहुं के रखे हुये थे, जो वहा के शिक्षक ने बताया की पोषाहार आया है उसको कमरे में रखवा रहे हैं। मौके पर पड़े बेगो को कमरे में रखने के लिए मासूम नाबालिग बच्चे जूझ रहे थे,,



जिससे उनकी मांस पेशियों,रीढ़ की हड्डी में खिंचाव होके दुर्घटना या अनहोनी घटना घटित हो सकती हैं।एक और तो सरकार बाल श्रम पर रोकथाम की बात करती हैं,,वही दूसरी और शिक्षक एवम शाला प्रबंधन द्वारा मजदूरी का पैसा बचाने की नियत से नाबालिग छात्रों के भविष्य और जीवन से खिलवाड़ कर रहा हैं। वहीं शिक्षक से बात करने पर शिक्षक ने बताया कि आठवीं तक विद्यालय हैं और यहां पर चार रूम ही है जिससे छात्रों को बैठाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्राम पंचायत फुलिया कला में सरपंच एवं एवं ग्राम विकास अधिकारी द्वारा घोटाले की नीयत से हो चुकीं सीसी सड़क निर्माण मे दूसरी बार निकली निविदा

### नई निविदा में जो निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने हैं उन वार्डों में पूर्व ठेकेदार द्वारा ही सड़क निर्माण हो चुका है

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** भीलवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत फूलिया कला के सरपंच आजाद राव एवं ग्राम विकास अधिकारी सांवरलाल दहिया के द्वारा अल्पकालीन सीमित निविदा सूचना वर्ष 2024 दिनांक 2025 को राज्य वित्त आयोग सप्तम एवं सांसद मद योजना के अंतर्गत स्वीकृत करने हेतु निविदा जारी की गई जिसका न तो अखबार में विज्ञापन और ना ही आम सूचना जारी की गई।इस दौरान ठेकेदारों को आनलाइन से पता चलने पर ग्राम पंचायत पहुंचे तो वहां पर ग्राम विकास अधिकारी सांवरलाल दहिया ने निविदा लेने से मना कर दिया।

बड़ी मुश्किल से ठेकेदारों से निविदा ली गई। सरपंच एवं सचिव और पंचायत समिति के लेखा अधिकारी की मिली भगत से पूर्व में निर्मित सड़क का दोबारा टेंडर कर सरकारी राजकोष को हानि पहुंचाने की नीयत से उक्त फर्जी निविदा का खेल खेला जा रहा है जो सर्वदा नियम विरुद्ध है भौतिक सत्यापन किया जाए तो जो आमंत्रित निविदा है उन वार्डों में पूर्व में ही ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क निर्माण पूर्ण हो चुका है तो आखिर सरपंच ग्राम विकास अधिकारी चोरी छुपे भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे हैं। जबकि ग्राम पंचायत की निविदा पूर्व में शिवम कंस्ट्रक्शन के नाम से वर्ष 2024 25 के लिए हो रखी है इसके उपरांत अल्पकालीन सीमित निविदा ग्राम पंचायत द्वारा क्यों आमंत्रित की गई है जो संदेह के घेरे में है।

जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि अब तक भ्रष्टाचार पर कहीं भी अंकुश लगने जैसी कोई बात सामने नहीं आ रही है। इसके लियाजे से लग रहा है कि ऊपर से नीचे तक अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचारी में लिप्त नजर आ रहे हैं।



# राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि हम सभी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बौद्धिक रूप से मजबूत करें। हम बौद्धिक रूप से सुदृढ़ होंगे तो देश खुशहाल होगा।

राज्यपाल बागडे ने नागौर के जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का बेहतरीन क्रियान्वयन करें। शिक्षा नीति के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दें तथा शैक्षिक सुदृढ़ीकरण के लिए संकल्पित रहें।


उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए तथा घने जंगल के रूप में विकसित करें। पारिस्थितिकी व पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक पौधारोपण करें तथा प्रयास करें कि छायादार पौधे लगाएं।

इसी के साथ राज्यवृक्ष खेजड़ी का संरक्षण, संवर्द्धन करें। बागडे ने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिले और अधिकाधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएं। यहां की क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा दें ताकि रोजगार के बेहतरीन अवसर सृजित हों। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर भी उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राजीविका, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधि सहित जल जीवन मिशन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की उन्होंने समीक्षा की। राज्यपाल ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना में किसानों व आमजन को प्रेरित करें। पीएम कुसुम योजना में किसानों को प्रेरित करते हुए खेतों में अधिकतम सौर उर्जा संयत्र स्थापित किए जाएं ताकि काश्त में काश्तकारों को संबल मिल सके। किसानों को उनकी फसल को खरीद केन्द्रों पर विक्रय करने के लिए प्रेरित करें तथा कृषि, विपणन, उद्यानिकी व बैंकों आदि की विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक करें। जल जीवन मिशन में सभी गांवों में पेयजल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें तथा पेंडिंग कनेक्शन पूरे करें। राज्यपाल ने राजीविका महिलाओं को विभिन्न ऋण योजनाओं में लाभान्वित करें और प्रयास करें कि योजना में ऋण योजना में लाभ का बेहतरीन यूटीलाइजेशन हो। महानरेगा योजना अंतर्गत सुदूर गांवों-ढाणियों में सड़कों की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें।

# तीसरी आंख से रहेगी शहर की हर गतिविधि पर नजर

## बदमाशों की तलाशी में होगी आसानी, 35 पोल पर 95 सीसीटीवी लगाने का काम पूरा, 100 जगहों पर 250 कैमरे और लगेंगे

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला मुख्यालय में 100 स्थानों पर 250 कैमरा लगाया जाना प्रस्तावित है, जिसमें से 88 स्थानों का चिह्निकरण कर 83 स्थानों पर फाउंडेशन का कार्य किया जा चुका है एवं शेष 12 स्थानों का चिह्निकरण का कार्य प्रगतिशील है एवं पुलिस विभाग द्वारा 12 स्थानों का चिन्हीकरण किया जाना शेष है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश सहारण ने बताया की मैसर्स टेक्नोसिस इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 83 स्थानों पर पोल का फाउण्डेशन का कार्य किया जा चुका है, जिसमें फर्म द्वारा 35 पोल पर 95 कैमरे लगाये जा चुके है एवं शेष कार्य प्रगतिशील है। जिले के उपखंड/नगरपालिका/ब्लॉक पर आवश्यकता अनुसार स्थानों का समस्त एसडीएम एवं अभय कमांड समिति से 375 स्थानों का चिह्निकरण कर लिया गया है और सूची सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग मुख्यालय जयपुर को अग्रिम कार्रवाई हेतु भिजवाई गई है। इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए मैसर्स सावित्री टेलीकॉम प्रालि. द्वारा किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल अधिकारी को विहित समय में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करवाते हुए पोल्स पर विद्युत मीटर लगवाने, नगर परिषद्, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कैमरा पोल पर इन्टरनेट कनेक्टिविटी हेतु ओएफसी बिछाए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने एवं नियमानुसार एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष रहे पोल्स पर बिजली कनेक्शन देते हुए मीटर लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान लाडली योजना के तहत पुलिस विभाग से प्राप्त सूची अनुसार चिह्नित किए गए 80 स्थानों पर संबंधित फर्म से सर्वे कराने के लिए फर्म से समन्वय करने को कहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला नोडल अधिकारी अभय कमांड (पुलिस) वैभव शर्मा ने बताया की लाडली योजना के तहत बालिका विद्यालय, छात्रावास आदि को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा स्थानों का चिह्निकरण किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कैमरा कार्य के कर्मचारी मौजूद रहे।

# रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा का विशाल होली स्नेह मिलन समारोह हुआ आयोजित, पेंशनर्स ने खेली फूलों की होली

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** फुलेरा की सांभर रोड़ स्थित शेखावत गार्डन पर गुरुवार को प्रात: 11.15 बजे रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा का विशाल होली स्नेह मिलन समारोह अध्यक्ष रमेश चंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी सत्यनारायण देवतवाल एवं विशिष्ट अतिथि पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक अंकिता अग्रवाल,पेंशनर्स सोसायटी संरक्षक रामेश्वर दास कुमावत,सचिव लालचंद कुमावत,उपाध्यक्ष महेश सहाय शर्मा,दिनेश चंद शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य थे। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान एडवोकेट सुमित्रा नाथावत ने बाबा श्याम के सुरीले भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पेंशनर्स ने फूलों की होली खेलते हुए एक दूसरे को सुभकामनाये दी। समारोह में संस्कार स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार नाटक की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी सत्यनारायण देवतवाल ने कहा कि पेंशनर्स अपनी दिनचर्या को नियमित रखें, खानपान का विशेष ध्यान रखें, इससे स्वास्थ्य सही रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे पेंशनर्स सोसायटी को जहां भी उनकी जरूरत होगी वह अग्रिम पंक्ति में खड़े दिखाई देंगे।

इस मौके पर अध्यक्ष रमेश चंद वर्मा ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। समारोह में टी सीरीज गायक कमलेश शर्मा ने भी शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोहा। मंच संचालन कोषाध्यक्ष सीपी त्रिपाठी ने किया। इस दौरान श्याम लाल सैनी,शेषनारायण सैनी,एम.के वर्मा,वीरेंद्र बंसल सहित सैकड़ों की तादात में पेंशनर्स मौजूद थे।

# श्वेता भोडीवाल यंग साइंटिस्ट अवार्ड 2025 से हुई सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** झुंझुनू जिला, निराधनु गांव निवासी एवं वर्तमान में जयपुर रहने वाली डॉ श्वेता भोडीवाल, पुत्री जयचंद को एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सोसाइटी, गाजियाबाद द्वारा यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड - 2025 से सम्मानित किया गया हैढ्ढ उन्हें यह सम्मान उनकी डॉक्टर की उपाधि के दौरान खरपतवार लैंटाना कैमरा को उपयोग करते हुए हैंडमेड पेपर निर्माण हेतु दिया गया। उनका यह कार्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रकाशित हुआ है ढ्ढ ये सम्मान उन्हें गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया गया। डॉ श्वेता भोडीवाल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, गुरुजनों और सहकर्मियों को दिया।

# फ्री आधारभूत कौशल प्रशिक्षण एवं स्किल कंप्यूटर कोर्स बैच का किया उद्घाटन

## संस्था द्वारा किया जाएगा जॉब मेले का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** बॉश इंडिया बेंगलुरु के सहयोग एवं भावी निर्माण सोसायटी के द्वारा गायत्री कंप्यूटर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को निशुल्क आधारभूत कौशल प्रशिक्षण स्किल कंप्यूटर कोर्स के दूसरे बैच का उद्घाटन रामधन सैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष व संस्था सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बालिकाओं को संबोधित करते हुए संस्थापक रमा शर्मा ने जेंडर समानता पर व्याख्यान दिया। सुनील शर्मा ने बालिकाओं को आधारभूत कौशल प्रशिक्षण स्किल कंप्यूटर कोर्स के बारे में विस्तार से बताया। और कहा कि इस से पूर्व इसी प्रकार का एक 25 बालक बालिकाओं का बैच पूर्ण किया जा चुका है। आगंतुकों ने पूर्व में कंप्लीट कोर्स की हुई बालिकाओं का भौतिक सत्यापन किया और पाया कि बालिकाओं में कम समय में जो दक्षता देखने को मिली है वो निश्चित तारीफ के काबिल है।पूर्व छात्रा खुशी ने बताया कि मैं पहले बात करने में शर्माती व झिझक थी। इस कोर्स के बाद आज मेरे मन में जो झिझक,डर था वो नहीं है।मैं आज खुल कर अपनी बात को सबके सामने रख सकती हु और बायोडेटा तैयार करना,जॉब इंटरव्यू कि बेसिक जानकारी मिली तथा रोज कम में आने वाले अंग्रेजी के शब्द एवं वाक्यों की समझ बनी।ये बदलाव बॉश इंडिया एवं भावी निर्माण सोसायटी द्वारा चलाए जारहे कोर्स की ही देन है। कार्यक्रम में रामस्वरूप शर्मा भाजपा मंडल महा मंत्री रामबाबू गोडीवाल मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में आमजन के सुने परिवाद

# आमजन के परीवादों का तुरंत निस्तारण कर राहत पहुंचाए, योजनाओं से लाभान्वित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को पंचायत समिति के वीसी कक्ष में आयोजित की गई।जनसुनवाई में 50 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें व्यक्तिश: सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये।जनसुनवाई में सड़क, पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, अवैध निर्माण कार्य, पेंशन, पुलिस, पट्टा, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित विभिन्न परिवेदनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों से फीडबैक लेकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने परिवादी को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश के कारण आपसी विवाद,आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में पुलिस सहायता लेकर अंतिम रूप से समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें एवं जिले कि रैंकिंग को बेहतर करें, उन्होंने कहा कि परीवादों का संतोषजनक व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें जिससे कि परिवादी को बार बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम कोटपूतली बृजेश कुमार, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, तहसीलदार रामधन गुर्जर सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक सेवा समिति कार्यकर्ताओं ने बिलाली माता मेले में दी सेवा शिविर का आयोजन कर विभिन्न सेवा कार्य किये



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** बिलाली माता मेले में सेवा कार्यो के लिये युवक सेवा समिति कार्यकर्ताओं की टोली को बुधवार शाम एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। समिति द्वारा मेले में गुरूवार को शिविर का आयोजन किया गया। समिति कार्यकर्ताओं ने मेले में विभिन्न सेवा कार्य किये। इस दौरान खोया-पाया समेत भारी भीड़ में श्रद्धालूओं को पंक्ति लगवाकर दर्शन करवाने, भूले भटके बच्चों को परिजनों से मिलाना समेत अनेक सेवा कार्य किये गये। शिविर में श्रद्धालूओं के लिये भोजन व चाय-नाश्ता की भी व्यवस्था की गई। इस मौके पर मेले में श्री श्याम हॉस्पिटल कोटपूतली द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस दौरान डॉ. के एम गुप्ता, सुरेन्द्र पालीवाल, रामनिवास, बिड़दीचंद सैनी, संतराम कश्यप, रामकुमार सैनी, रोहिताश सैनी, सियाराम बंसल, रामौतार गुप्ता, बनवारी लाल, महावीर मीणा, कैलाश सैनी, प्रमोद, कमल सैनी, उमराव, अर्जुन, श्रीराम, बालकिशन शर्मा, सूर्यकान्त बिदाणी, कृष्णा गुप्ता,मिथलेश सैनी,करण समेत समिति के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रूबी कॉइन अपनी स्वयं की नेटिव ब्लॉकचेन पर संचालित होता है निवेशकों को नकली टोकनों से सतर्क रहने की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रूबी कॉइन अपनी स्वयं की नेटिव ब्लॉकचेन पर आधारित है, जिसे नए युग के लिए एक इकोसिस्टम के रूप में डिज़ाइन किया गया है। हालांकि, कुछ धोखेबाज निवेशकों को गुमराह करने के लिए नकली टोकन बना रहे हैं। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे रूबी कॉइन (RBC) केवल CMC-अधिकृत एक्सचेंजों जैस Coinsbit, De&trade, और Vinda& या FIU-नियामित एक्सचेंजों जैसे चश्वद्धठ्ठश्चड्डुह्लद्ध से ही खरीदें। रूबी कॉइन (RBC) किसी भी निश्चित रिटर्न की पेशकश नहीं करता है, और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश बाजार जोखिम के अधीन है। रूबी कॉइन (RBC) उन लेनदेन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा जो विनियमित एक्सचेंजों के बाहर किए जाते हैं।

# मिलावट रोकने के लिए राज्य सरकार संकल्पित, नामी कम्पनियों से लिए सैम्पल, जांच जारी, विभाग करेगा कड़ी कार्रवाई : चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार फल, सब्जियों सहित अन्य खाद्य वस्तुओं में मिलावट रोकने के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में विभाग निरंतर औचक निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाईयां कर रहा हैं। विभाग ने 3 मार्च से 12 मार्च, 2025 तक 1340 खाद्य निरीक्षण करते हुए 3 हजार 363 सैम्पल लिए गए हैं। इनमें नामी कम्पनियों के भी सैम्पल लेकर जांच की जा रही है। कई विक्रेताओं पर एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने गुरुवार को विधान सभा में सदस्य श्री भागचंद टांकड़ा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे।

# उपभोक्ता सप्ताह जागृति कार्यक्रम के संबंध में बैठक टिकाऊ और प्रमाणित उत्पादों का उपयोग करें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अन्तर्गत मनाये जा रहे उपभोक्ता सप्ताह जागृति कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने विश्व उपभोक्ता सप्ताह की थीम ''टिकाऊ जीवनशैली की ओर एक उचित बदलाव'' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें वर्तमान संसाधनों का उपयोग संयम से करना होगा तथा इस तरह की जीवनशैली को अपनाना होगा जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचे। उन्होंने प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित रखने, प्लास्टिक का उपयोग नही करने, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण तथा ऐसी जीवनशैली अपनाने पर बल दिया जो टिकाऊ तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिये पृथ्वी को संरक्षित एवं सुरक्षित रख सके। बैठक में जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना द्वारा उपभोक्ता अधिकार एवं संरक्षण तथा विभागीय गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी गई।


**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड, जयपुर द्वितीय**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-09/2024-25**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड जयपुर में कार्य आधार/दर अनुबंध पर कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु एवं दो संविदा कार्मिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवाएं खण्डीय कार्यालय जयपुर द्वितीय हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवाकर (GST), आय कर (पेन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, से निम्नलिखित प्रकार से ऑफलाईन वित्तीय बिड/प्राईस बिड) आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रूपये (लाखो में) | निविदा शुल्क | अमानत राशि (2 प्रतिशत) | निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक | अनुबंध अवधि | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) खण्डीय कार्यालय ट.मा. जयपुर हेतु। | 2.40 | 500/- | 4800.00 | 25.03.2025 5.00 PM | 12 माह | 26.03.2025 03.00 PM |
| 2 | 1 कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन), वृत्त कार्यालय जयपुर हेतु। | 2.70 | 500/- | 5400.00 | 25.03.2025 5.00 PM | 12 माह | 26.03.2025 03.00 PM |
| 3 | 1 कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) खण्डीय कार्यालय जयपुर-प्रथम हेतु। | 2.40 | 500/- | 4800.00 | 25.03.2025 5.00 PM | 12 माह | 26.03.2025 03.00 PM |
| 4 | 1 कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) खण्डीय कार्यालय जयपुर-द्वितीय हेतु। | 2.40 | 500/- | 4800.00 | 25.03.2025 5.00 PM | 12 माह | 26.03.2025 03.00 PM |
| 5 | 2 संविदा कार्मिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवाऐं खण्डीय कार्यालय जयपुर द्वितीय हेतु। | 2.25 | 500/- | 4500.00 | 25.03.2025 5.00 PM | 12 माह | 26.03.2025 03.00 PM |

1. बिड आमंत्रण सूचना मय निविदा दस्तावेज विभागीय वेबसाईट http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। 2. वित्तीय बोली/प्राईस बिड निर्धारित बी.ओ.क्यू. (BOQ) में राशि का अंकन किया जाना है। 3. निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक तक यदि किसी कार्य के लिए तीन से कम प्रस्ताव प्राप्त हो रहे होंगे तो उस कार्य की निविदा विक्रय एवं प्राप्त करने की अवधि बढ़ाई जा सकती है। 4. निविदा प्रपत्र वृत कार्यालय, खण्ड जयपुर प्रथम/द्वितीय एवं टर्मिनल मार्केट किसान भवन जयपुर से निविदा शुल्क एवं अमानत राशि जमा करवाकर प्राप्त की जा सकती है। 5. क्रम संख्या 1 पर अंकित निविदा बन्द लिफाफे में अधिशाषी अभियंता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-टर्मिनल मार्केट, किसान भवन जयपुर के कमरा नं. 406, क्रम संख्या 2 पर अंकित कार्य श्रीमान अधीक्षण अभियंता, वृत्त-जयपुर के कमरा संख्या 408, क्रम संख्या 3, 4 एवं 5 पर अंकित कार्य अधिशाषी अभियंता, खण्ड-जयपुर, प्रथम/द्वितीय के कमरा संख्या 403 व 410 में भौतिक रूप से निविदा प्रपत्र दिनांक 25.03.2025 को सांय 5:00 बजे तक प्राप्त कर सकते है एवं दिनांक 26.03.2025 को भरी हुई निविदा अपराहन 1.00 बजे तक जमा करवा कर उसी दिन (तकनीकी वाणिज्यिक/ क्वालिफाईड बिड) सांय 3:00 बजे निविदादाता/संवेदक या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। 6. किसी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का सुरक्षित है। (UBN No. AGM2425SSOB00763 to 767)

राज.संवाद/सी/24/13622

अधिशाषी अभियंता



**कार्यालय : प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डिडावता माधोराजपुरा जयपुर**

क्रमांक: 205

दिनांक 11/3/2025

**नीलामी सूचना**

इस कार्यालय के भण्डार में पड़े अनुपयोगी एवं नाकारा घोषित सामान जिसका पुस्तक मूल्य रूपये 91944/- (रूपये इकराणवे हजार नो सो चवालिस मात्र) है

| क्र.स | विद्यालय का नाम | नकारा घोषित सामान का पुस्तक मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | रा.उ. मा.वि डिडावता | 91944 |
| | योग | 91944 |

सार्वजनिक नीलामी दिनांक 25.03.2025.. ..को प्रात: 11.00 बजे इस कार्यालय में की जावेगी। नियमानुसार धरोहर राशि रूपये 1900 (एक हजार नौ सौ रू मात्र) नकद जमा करवाकार बोलीदाता नीलामी में भाग ले सकेंगे। नीलामी की अन्य शर्ते नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व बतला दी जावेगी। बोली स्वीकार करने अथवा न करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता का सुरक्षित रहेगा।

**प्रधानाचार्य**
**रा. उ. मा. वि. डिडावता**
**माधोराजपुरा (जयपुर ग्रामीण)**
**DDO कोड - 9863**

**DIPR/C/4021/2025**

## सम्पादकीय

# युद्ध विराम को लेकर रूस ने अमेरिका के सामने रखी शर्तें, यूक्रेन की जड़ों पर कर दिया प्रहार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी हाल में रूस-यूक्रेन संघर्ष रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई बार दावा भी कर चुके हैं कि वे यह युद्ध जल्दी ही समाप्त करा देंगे। इस सिलसिले में उन्होंने पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत की, उन्हें चेतावनी भी दी और फिर यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य और वित्तीय मदद पर रोक लगा दी। यूक्रेन एक तरह से असहाय नजर आने लगा है। अब ट्रंप ने इस मुद्दे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से फोन पर बातचीत की और पूरी तरह युद्ध रोकने का प्रस्ताव रखा। मगर रूस ने भी इसके लिए अपनी कुछ शर्तें रख दी हैं। उसका कहना है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को इसके लिए सैन्य और खुफिया सूचनाएं उपलब्ध कराना पूरी तरह बंद करना होगा।

हालांकि पुतिन इस बात के लिए राजी हो गए कि रूस तीस दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिकी प्रशासन इसे ट्रंप की बड़ी उपलब्धि बता रहा है। जबकि माना जा रहा था कि यूक्रेनी राष्ट्रपति को जिस तरह ट्रंप ने फटकार लगाई और यूक्रेन पर शिकंजा कसा है, उससे रूस बहुत आसानी से ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेगा। मगर ऐसा हो न सका।

दोनों नेताओं के बीच हुई इस लंबी बातचीत को एक बड़ी उपलब्धि इस अर्थ में माना जा सकता है कि पिछले तीन वर्षों से पश्चिमी देशों से बिल्कुल अलग-थलग पड़े रहे और उसके पहले तनावपूर्ण रिश्तों के बाद रूस की उनसे सीधी बातचीत संभव हो सकी है। मगर पुतिन मंजे हुए राजनेता हैं और वे ऐसे मामलों में बिल्कुल हड़बड़ी नहीं दिखाते। वे उस तरह अमेरिका के किसी दबाव में भी नहीं हैं, जिस तरह यूक्रेनी राष्ट्रपति हैं। फिर, उन्हें इस बात का भरोसा नहीं है कि अमेरिका कब तक अपने ताजा रुख पर कायम रह सकेगा। इसलिए वे जल्दबाजी में किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहते। यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष ही इस बात को लेकर है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेना चाहता है। नाटो पश्चिमी देशों का संगठन है और यूक्रेन अब भी उस पाले में शामिल रहने की जिद पर है। इसलिए जब ट्रंप ने अमेरिकी मदद बंद करने की घोषणा की, तो यूक्रेन ने अन्य पश्चिमी देशों से मदद पाने की कोशिश शुरू कर दी। वे अब भी यूक्रेन के साथ खड़े हैं। इसलिए रूस ने यूक्रेन की जड़ों पर प्रहार करने की शर्त रख दी है। हालांकि माना जा रहा है कि ट्रंप की पुतिन से बातचीत युद्ध विराम की दिशा में पहला कदम है और इसके बेहतर नतीजे निकलेंगे। मगर अमेरिका के लिए रूस की शर्तों को मानना आसान नहीं होगा।

वह नाटो के दूसरे सदस्य देशों पर कैसे दबाव बना सकता है कि वे यूक्रेन को सैन्य और खुफियां जानकारियां उपलब्ध कराने पर पूरी तरह रोक लगा दें। यह एक तरह से रूस के सामने समर्पण करने जैसा होगा। यह ट्रंप भी शायद नहीं करना चाहेंगे। दरअसल, ट्रंप की नजर यूक्रेन के खनिज संपन्न इलाकों पर है और वे उन पर कब्जा करना चाहते हैं। रूस उन क्षेत्रों में अमेरिका की पैठ पर सहमति दे चुका है, पर इसके लिए युद्ध विराम जरूरी है। ट्रंप इसके लिए क्या रास्ता निकालते हैं, देखने की बात है। इस संघर्ष में काफी खून बह चुका, बहुत कुछ तबाह हो चुका है, मानवता के लिए भी इस युद्ध को रोका जाना जरूरी है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



प्रहलाद सहाय (पुलिस निरीक्षक, राज: पुलिस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के इंस्पेक्टर प्रहलाद सहाय इनका जन्म दिनांक 06 जुलाई 1972 को ग्राम भौनावास तहसील कोटपूतली जिला जयपुर में हुआ था। कक्षा 1 से 8 तक राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय भौनावास में पढाई की। इनके गाँव भौनावास से ग्राम टसकोला की दूरी करीब 3-4 किलो मीटर है। ग्राम टसकोला में स्कूल में पढने के लिए पैदल ही जाया करते थे। सन् 1990 में 10 कक्षा उतीर्ण करने के बाद पावटा कस्बा में अध्ययन किया। कक्षा 11 वी एवं 12 वीं पावटा से उत्तीर्ण की। कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण के पश्चात बाबा भगवान दास राजकीय स्नातकोतर महाविधालय चिमनपुरा, शाहपुरा जिला जयपुर में प्रथम वर्ष कला एडमिशन लिया। जहां इन्होंने वर्ष 1995 में बी.ए उत्तीर्ण किया। बीए उत्तीर्ण के पश्चात नागपुर, महाराष्ट्र से बी.पी.एड (शारीरिक शिक्षक) किया। इसके बाद शाहपुरा जिला जयपुर में एम.ए प्रिवियस में एडमिशन लिया। एम.ए. प्रिवियस संस्कृत विषय में एडमिशन लिया। एम.ए प्रिवियस एवं एम.ए. फाईनल प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। वर्ष 1997 में राजस्थान पुलिस के बेड़े में 15 अप्रेल 1998 को पुलिस लाईन जयपुर ग्रामीण में कानि. के पद ज्वाईन किया। 7 वर्ष कानि. के पद पर कार्य करने के पश्चात वर्ष 2005 में हैडकानि. के पद पर प्रमोशन टैस्ट उत्तीर्ण कर प्रमोशन प्राप्त किया किया गया। वर्ष 2010 में सहायक उप निरीक्षक के पद पर प्रमोशन टैस्ट फाईट कर प्रमोषन प्राप्त किया गया। वर्ष 2012-13 वितीय वर्ष में सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक प्रमोशन टैस्ट फाईट कर प्रमोशन प्राप्त किया गया। उप निरीक्षक प्रमोशन के पश्चात जिला अलवर में पदस्थापन हुआ। जिला अलवर में प्रथम पद स्थापन थाना कोतवाली पर पद स्थापित रहा। वर्ष 2016 में थाना कोतवाली पर पदस्थापन हुआ। करीब एक साल छः माह तक थाना कोतवाली जिला अलवर में पदस्थापित रहा। वर्ष 2017 में थानाधिकारी थाना लक्ष्मणगढ के पद पर पदस्थापित रहा। थानाधिकारी थाना लक्ष्मणगढ में करीब एक साल सेवायें दी। थानाधिकारी थाना लक्ष्मणगढ में पदस्थापन के दौरान ग्राम इलाका क्षेत्र के एक गॉव में मात्र सात माह की छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे किया तथा मात्र 22 दिन में चालान माननीय न्यायालय में पेष किया गया। उक्त प्रकरण को केस आफिसर में लिया जाकर, गवाहान के शीघ्र बयानात करवाया जाकर माननीय न्यायालय द्वारा प्रतिदिन सुनवाई कर शीध्र ही उक्त प्रकरण में निर्णय सुनाया गया। 21 अप्रेल 2018 को केन्द्र सरकार द्वारा कानून बनाया गया कि 12 वर्ष से कम उम्र की किसी बालिका के साथ दुष्कर्म होता है तो दुष्कर्मी को फांसी की सजा से दण्डित किया जावे। उक्त कानून बनने के बाद भारत का यह तीसरा मामला था तथा राजस्थान का यह पहला मामला था। उक्त प्रकरण में जिस दिन फांसी की सजा सुनायी गयी उसी दिन महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज श्रीमान हेमन्त प्रियदर्शी जी ने प्रेस कांफ्रेंस कर शीध्र अनुसंधान कर, केस ऑफिसर में लेकर प्रकरण की प्रतिदिन कि कार्रवाई मे समस्त गवाहान को माननीय न्यायालय में पेष किया गया जिसकी भूरी भूरी प्रषंसा की गयी। नगद इनाम तथा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। थाना लक्ष्मणगढ से स्थानान्तरण थाना भिवाडी में हुआ। जहां पर करीब 6 माह तक सेवाऐं दी। फिर थाना भिवाडी से थाना अरावली विहार स्थानान्तरण होने पर करीब 3 माह तक थाना अरावली विहार में सेवायें दी। अरावली विहार के पश्चात थाना प्रतापगढ थानाधिकारी के पद पर पदस्थापन होने पर पर थाना प्रतापगढ सेवायें दी। फिर प्रतापगढ से थाना रामगढ द्वितीय अधिकारी के पद पर पदस्थापन होने पर थाना रामगढ में करीब 3 माह तक सेवायें दी। थाना रामगढ पर पदस्थापन के दौरान उप निरीक्षक पुलिस से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदौन्नति हुई। पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रमोशन होने के पश्चात उदयपुर रेंज में जिला राजसमंद में पदस्थापन हुआ। जिला राजसमंद में पदस्थापन के पश्चात जिला टोंक में पद स्थापन हुआ। जिला टोंक में थाना निवाई पर थानाधिकारी के पद पर पदस्थापन रहे। फिर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध सहायक के पद पर रहे। तत्पश्चात थानाधिकारी थाना निवाई सदर के पद पर परस्थापित रहे। उसके पश्चात थाना पीपलू पर थानाधिकारी के पद पर पदस्थापित रहे। फिर जिला टोंक से वर्ष 2023 में जिला अजमेर में स्थानान्तरण हुआ। जिला अजमेर में थाना किशनगढ पर थानाधिकारी के पद पर पद स्थापित रहे। फिर वर्ष 2024 में थानाधिकारी थाना नसीराबाद के पद पर पद स्थापित रहे। अब वर्तमान में 16 जनवरी 2025 से थाना पीसांगन पर थानाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं। अब तक थाना लक्ष्मणगढ, थाना प्रतापगढ जिला अलवर थानाधिकारी के पद पर पदस्थापित रहा। जिला टोंक में थानाधिकारी थाना निवाई, थानाधिकारी थाना निवाई सदर, थानाधिकारी थाना पीपलू के पद पर पदस्थापित रहा। जिला अजमेर में थानाधिकारी थाना किषनगढ, थानाधिकारी थाना नसीराबाद सदर एवं थानाधिकारी थाना पीसांगन के पद पर पदस्थापित रहा हूॅ। उक्त समस्त थानों में पदस्थापन के दौरान कानून व्यवस्था माकूल रखा तथा चोरी एवं नकबजनी पर अंकुश लगाया। बहुत संवेदनशील अधिकारी हैं पहलाद सहाय जी। हमेशा कार्य को बोझ समझ कर नहीं बल्कि ऊर्जा के साथ करने में विश्वास रखते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

# अंतरराष्ट्रीय वन दिवस : प्रकृति का आभार मानने का वक्त वनों की पुकार: क्या हम सच में सुन रहे हैं?



प्रो. आरके जैन

**वनों का महत्व सिर्फ पर्यावरण तक सीमित नहीं है; यह जीवन का आधार है। वैज्ञानिक दृष्टि से ये पृथ्वी के सबसे बड़े कार्बन अवशोषक हैं। हर साल लगभग 10 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर ये ग्रीनहाउस गैसों के प्रभाव को कम करते हैं। यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक प्राकृतिक कवच है। दूसरी ओर, जैव विविधता के संदर्भ में वन एक अनमोल रत्न हैं। अमेज़न वर्षावन की बात करें, तो वहाँ 16,000 से अधिक वृक्ष प्रजातियाँ और लाखों जीव-जंतु बसते हैं। यह धरती का सबसे जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है, जो प्रकृति की रचनात्मकता का जीता-जागता प्रमाण है। वनों का आर्थिक और सामाजिक महत्व भी कम नहीं है।**

जंगल की गहराइयों में, जब सूरज की पहली किरण पत्तियों की ओट से छनकर धरती को स्पर्श करती है, तो प्रकृति एक अनूठा चमत्कार रचती है। हवा में घुलती मिट्टी की सोंधी खुशबू, पेड़ों के झुरमुट में गूंजती चिड़ियों की मधुर चहचहाहट और हर कदम पर बिछी हरी चादर—यह वनों का वह जीवंत राग है, जो धरती को साँस देता है। वन हमारे ग्रह के प्राण हैं, जो हर साँस में शुद्ध ऑक्सीजन का उपहार देते हैं। ये जलवायु को संतुलित करते हैं, जैव विविधता को आश्रय देते हैं और अनगिनत जीवन को सहारा देते हैं। हर साल 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में हम इस अनमोल धरोहर को नमन करते हैं, इसके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं और इसे संरक्षित करने की शपथ लेते हैं। इस बार की थीम ‍卐वन और भोजन卐 वनों की उस अनदेखी शक्ति को उजागर करती है, जो खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका का आधार बनती है। मगर यह सवाल मन को मथ डालता है—क्या हम वास्तव में इस अमूल्य संपदा के मोल को पहचानते हैं, या इसे खो देने की दहलीज पर आ खड़े हुए हैं?

विश्व भर में करीब 1.6 अरब लोग अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हैं। खासकर आदिवासी समुदायों के लिए जंगल जीवन का आधार हैं। ये उन्हें भोजन, औषधीय पौधे, लकड़ी और आश्रय देते हैं। भारत के घने जंगलों में बसे आदिवासी आज भी वनों से मिलने वाली जड़ी-बूटियों से अपनी चिकित्सा करते हैं। इसके अलावा, वन पर्यटन और लकड़ी आधारित उद्योगों के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हैं। सच कहें, तो वन केवल हरे-भरे पेड़ नहीं, बल्कि सभ्यता का वह आधार हैं, जिस पर हमारा वजूद टिका है। लेकिन यह हरा सपना तेजी से मुरझा रहा है। हर साल 13 मिलियन हेक्टेयर जंगल-यानी पुर्तगाल के बराबर क्षेत्र-काट दिया जाता है। शहरीकरण की अंधी दौड़, कृषि भूमि का विस्तार और औद्योगिक जरूरतों ने वनों को निगलना शुरू कर दिया है। भारत में भी वन क्षेत्र घट रहा है, हालाँकि कुछ प्रयासों से स्थिति सुधरी है। वन कटाई का असर सिर्फ पेड़ों तक सीमित नहीं है। यह मिट्टी के कटाव को बढ़ाता है, नदियों को सूखने देता है और बाढ़ जैसी आपदाओं को न्योता देता है। जैव विविधता पर इसका प्रभाव और भी भयावह है। हर पेड़ के साथ अनगिनत प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं। उदाहरण के लिए, अमेज़न में वन कटाई के कारण कई दुर्लभ प्रजातियाँ हमेशा के लिए खो गईं। कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि से धरती का तापमान बढ़ रहा है, और ग्लोबल वार्मिंग अब एक दूर की बात नहीं, बल्कि हमारी आँखों के सामने की हकीकत है। यह सब उस भविष्य की ओर इशारा करता है, जहाँ जंगल सिर्फ बच्चों की किताबों में रंगीन चित्र बनकर रह जाएँगे। क्या हम सचमुच ऐसी दुनिया चाहते हैं?

इस संकट से निपटने के लिए दुनिया भर में कदम उठाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों में वनों के सतत प्रबंधन को प्रमुखता दी गई है। यह लक्ष्य 2030 तक वन क्षेत्र को बढ़ाने और उनकी गुणवत्ता को बेहतर करने की बात करता है। भारत भी इस दिशा में पीछे नहीं है। राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम और ग्रीन इंडिया मिशन जैसी योजनाएँ वन क्षेत्र को हरा-भरा करने में जुटी हैं। भारत सरकार ने 33% भू-भाग को वन क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया है, जो एक महत्वाकांक्षी लेकिन जरूरी लक्ष्य है। अवैध कटाई पर रोक के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। कई देशों में ड्रोन और सैटेलाइट तकनीक से जंगलों की निगरानी की जा रही है।

गैर-सरकारी संगठन और स्थानीय समुदाय भी इस मुहिम में शामिल हैं। भारत में चिपको आंदोलन जैसी मिसालें आज भी प्रेरणा देती हैं, जहाँ लोगों ने पेड़ों से चिपककर उन्हें बचाया। वृक्षारोपण अभियान भी जोर पकड़ रहे हैं। लेकिन क्या ये प्रयास पर्याप्त हैं? शायद नहीं। हमें और तेजी से, और बड़े पैमाने पर काम करना होगा। वनों की रक्षा सिर्फ सरकारों या संगठनों का काम नहीं है; यह हमारी साझा जिम्मेदारी है। हम में से हर एक इस बदलाव का हिस्सा बन सकता है। एक पेड़ लगाना, कागज का कम इस्तेमाल करना, प्लास्टिक से दूरी बनाना—ये छोटे कदम हैं, जो मिलकर एक बड़ा फर्क ला सकते हैं। अपने घर के आसपास हरियाली बढ़ाना, बच्चों को पेड़ों का महत्व समझाना, और सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना—ये सब हमारे हाथ में है। आदिवासी समुदायों से हम सीख सकते हैं कि प्रकृति के साथ तालमेल कैसे बिठाया जाता है। उनकी जीवनशैली में वनों के प्रति सम्मान और संरक्षण की भावना गहरे से बसी है। हमें भी अपने जीवन में यह भावना अपनानी होगी। अगर हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हम लाखों हेक्टेयर जंगल को वापस ला सकते हैं। यह सिर्फ पर्यावरण की बात नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया की नींव रखने की बात है। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस हमारे सामने एक सुनहरा अवसर लाता है—सोचने का, महसूस करने का और कुछ कर दिखाने का। यह वह पल है, जब वनों की गहरी पुकार हमारे कानों तक पहुँचती है, हमें झकझोरती है। हर पेड़ जो हम बचा लेते हैं, वह धरती की साँसों में एक नई जान फूँकता है। हर बीज जो हम धरती की गोद में सौंपते हैं, वह उम्मीद की एक नई गाथा रचता है। वन हमारे अतीत की जीवंत कथा हैं, वर्तमान की सजीव हकीकत हैं और भविष्य का वो सपना, जो हम सच कर सकते हैं। इस वन दिवस पर एक अटूट संकल्प लें। अपने हाथों में एक नन्हा पौधा थामें, उसे धरती की गोद में सौंपें और उसे जीवन की नई ऊँचाइयों तक बढ़ते देखें। उस पौधे के साथ एक वचन दें—कि हम जंगलों को मुरझाने नहीं देंगे, कि हम उस मधुर संगीत को ठहरने नहीं देंगे, जो पत्तियों की सरसराहट से हवा में गूँजता है।

वन लहलहाएँगे, तो धरती खिलखिलाएगी। यह हँसी हमारी होगी, हमारे बच्चों की होगी और उन अनगिनत पीढ़ियों की होगी, जो हमारा इंतज़ार कर रही हैं। अब वक्त है एक पेड़ लगाने का, एक जंगल बचाने का और धरती को फिर से हरी-भरी शोभा से सजाने का। यह वही पल है, जब हमें आगे बढ़कर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना होगा, क्योंकि वन हैं, तो जीवन है, और वन हैं, तो हम हैं, हमारी धरा की मुस्कान है।

# क्या राजनीति में सब दाग अच्छे हैं?

## गोबर पीने तक का ज्ञान दे रहे हैं नेता लोग? नेता तोड़ रहे भाषा की मर्यादा, असली मुद्दे गायब गुड़ 'गोबर' हुई राजनीति

चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों की बयानबाजी अक्सर चरम पर पहुंच जाती है। पार्टी नेता अपनी बात बेबाकी से कहने लगते हैं, जिससे आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो जाता है। हाल ही में संसद और विधानसभाओं में भी व्यक्तिगत हमले बढ़े हैं। उदाहरण के लिए, हरियाणा के विधायक राजकुमार गौतम ने गोहाना में जलेबी की गुणवत्ता के बारे में टिप्पणी की, जिस पर गोहाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि गौतम तो गोबर भी खाते हैं और उन्हें जलेबी की गुणवत्ता की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग सार्वजनिक धन की कीमत पर मामूली विवादों में उलझे रहते हैं। इससे हमारे देश के भविष्य को आकार देने वालों की क्षमता पर सवाल उठता है। राजनीति की भाषा तभी सुधर सकती है जब मतदाता अधिक जागरूक और सहभागी होंगे। इन बहसों के बीच शब्दों के अर्थ बदल रहे हैं, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। जनता को यह भी सोचना चाहिए कि क्या ऐसा नेता जो ऐसी कठोर और अपमानजनक भाषा का सहारा लेता है, लोकतंत्र के मंदिर में जगह पाने का हकदार है। लोकतंत्र में नेता अपनी शक्ति और अधिकार जनता से प्राप्त करते हैं, जिसका वे प्रयोग भी कर सकते हैं और दुरुपयोग भी कर सकते हैं।



प्रियंका सौरभ

बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास जैसी चिंताओं के बीच, एक परेशान करने वाला नया चलन सामने आया है, राजनीतिक दलों की वादा खिलाफी तथा नेताओं की अमर्यादित भाषा का। राजनीतिक दल अपने वादे पूरे करने में विफल रहे हैं और नेता अनुचित भाषा का सहारा ले रहे हैं। हमारी सड़कों की हालत बहुत खराब है; कई इलाकों में, वे बमुश्किल ही सड़कों जैसी दिखती हैं। जल प्रबंधन और सीवेज सिस्टम जैसी ज़रूरी सेवाओं का अभाव है। चिकित्सा सुविधाएँ भी इसी तरह अपर्याप्त हैं, आबादी के सापेक्ष अस्पतालों की कमी है, और जो मौजूद हैं उनमें अक्सर ज़रूरी संसाधनों की कमी होती है। ऐसा लगता है कि नेता सिर्फ़ दिखावटी बनकर रह गए हैं, जो असली मुद्दों को हल करने की उपेक्षा कर रहे हैं। अतीत में, राजनेता अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते थे, और राजनीति में जो संस्कृति, सभ्यता और शालीनता की भावना थी वो अब गायब हो गई है। आजकल, नेता अक्सर व्यक्तिगत हमलों में शामिल होते हैं, विमर्श की सीमा को पार करते हैं। राजनीति में भाषा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है; लोकतंत्र में, एक नेता की शक्ति भाषा पर उसके नियंत्रण से बहुत हद तक जुड़ी होती है। स्वतंत्रता के बाद से, राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है, साथ ही राजनेताओं के आरोपों के लहज़े और शैली में भी बदलाव आया है। आज कुछ नेता अपने विरोधियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, जबकि अन्य आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। क्या हमारे राजनीतिक क्षेत्र में गरिमा की कोई भावना बची है? ऐसी भाषा का सहारा लेने से पहले, ये राजनेता देश और उसके नागरिकों के लिए संभावित नतीजों से बेखबर लगते हैं। अपने विरोधियों को कमतर आंकने की कोशिश में, नेता अक्सर ऐसे बयान देते हैं जो न केवल निरर्थक होते हैं बल्कि आपत्तिजनक भी होते हैं। ऐसी टिप्पणियाँ स्वस्थ और रचनात्मक राजनीति के आदर्शों को धूमिल करती हैं। क्या ये नकारात्मक प्रभाव हमारी राजनीतिक व्यवस्था में स्वीकार्य हैं? ये बयान स्वस्थ्य और अच्छी राजनीति की परिकल्पना पर दाग भी लगाते हैं. फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती. क्या राजनीति में ये दाग अच्छे हैं? हरियाणा विधानसभा में नेताओं द्वारा गोबर पीने वाले जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल अक्सर स्वीकार्य भाषा की सीमाओं को लांघ देते हैं। पार्टी नेता अपनी बात बेबाकी से कहते हैं, अक्सर मुखर होकर बोलते हैं। चुनाव के मंच पर आरोप-प्रत्यारोप के अलावा व्यक्तिगत हमले अब संसद और विधानसभाओं में भी होने लगे हैं। उदाहरण के लिए, जब विधायक राजकुमार गौतम ने गोहाना में मिलावटी जलेबी बनने की बात कही, तो गोहाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि गौतम तो गोबर भी पीते हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें जलेबी की गुणवत्ता की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग सार्वजनिक धन की कीमत पर तुच्छ काम कर रहे हैं। हमें सोचना चाहिए कि हमारे देश के भविष्य को आकार देने वालों की भाषा कितनी खराब हो गई है। जागरूक मतदाताओं से ही राजनीतिक विमर्श में सुधार हो सकता है। तर्क-वितर्क और भ्रांतियों के बीच शब्दों के अर्थ विकृत होते जा रहे हैं, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। यह स्पष्ट है कि आज के राजनीतिक परिदृश्य में भाषा के सम्मान की अवहेलना की जा रही है, और यह सब उन्हीं सदनों में हो रहा है जो लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए बने हैं। नेताओं द्वारा शब्दों का चयन कई सवाल खड़े करता है। उन्हें यह समझना चाहिए कि उनके अनुयायी उनकी बयानबाजी को ही दोहराएंगे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**वृष**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**मिथुन**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**कर्क**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**सिंह**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**कन्या**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है।

**तुला**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**धनु**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**मकर**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**कुंभ**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**मीन**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। इससे आपका मन द्रवित हो उठेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## राज सखी मेला शुरू, 25 मार्च तक होगा आयोजन

# महिलाओं को आर्थिक संबल में राज सखी मेलों का महत्वपूर्ण योगदान : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद सवाई माधोपुर द्वारा 19 से 25 मार्च तक इन्द्रा मैदान में प्रतिदिन प्रात:10 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय राज सखी मेला-2025 का जिला प्रमुख सुदामा मीणा ने प्रथम पूज्य गणेश जी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मेले का अवलोकन कर कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहो को आत्मनिर्भर बनाने एवं आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के लिए राजसखी मेलों का आयोजन महत्वपूर्ण कदम है इसमें आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामान उचित दरों पर एक स्थान पर उपलब्ध होने के साथ-साथ मनोरंजन व खान-पान के लिए भी प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि राज सखी मेले में राजीविक की महिलाओं की योग्यता और हस्थ कला को एक मोड़ मिला है जिससे महिलाओं की जो हस्तकलाएं हैं उनको एक मंच मिला है। उन्होंने कहा कि हुनर हर किसी के पास होता है परंतु उन्हें प्रदर्शित करने का मौका हर किसी को नही मिलता और खासकर ग्रामीण महिलाओं को ये मौका मिलना बहुत मुश्किल होता है परंतु राजीविका द्वारा महिलाओ को ये अधिकार और अवसर दिया गया है जिससे राजीविका की महिलाओ को अपना हुनर और सामर्थ्य दिखाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि, लोककला, परम्पराओं को एक मंच देने के मनभावन उत्सव के रूप में यह महत्वपूर्ण कदम है। इसमें महिलाओं द्वारा निर्मित अनूठे उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी, प्रदेश की विविध कला शैलियों, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों को प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पाद विशेषताओं के साथ उपलब्ध होंगे जिनमें दस्तकारी, टेरीकोटा, मसाले, आचार, चमडे के उत्पाद, वस्त्र, खाद्य सामग्री आदि की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने आमजन, महिलाओं से 25 मार्च तक चलने वाले राज सखी मेला 2025 का अवलोकन कर लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने कहा कि मेले में लोक कलाकारों, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका डॉ. सरोज बैरवा ने बताया कि राज सखी मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित ब्लैक पोटरी, मिट्टी के बर्तन, हैंडीक्राफ्ट, पेंटिंग, कपड़े, डेकोरेशन, लाख की चूड़ियां, फैन्सी स्टोर, मूर्तियां सहित अनूठे उत्पादो की 60 से अधिक स्टॉल्स लगाकर भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। जिला प्रबंधक ने बताया कि राज सखी सवाई माधोपुर मेले में हस्तशिल्प कला जैसे हाथ से बनी ज्वैलरी, बंधेज, लाख की चूडियां , कशीदाकारी, टेराकोटा कला, मिट्टी के बर्तन, स्थानीय और पारम्परिक खान-पान की स्टॉल भी लगाई गई हैं।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा , बीआरकेजीबी मैनेजर ऐ.के.दुग्गल , ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक कमल कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक में कलक्टर ने दिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की उपस्थिति में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुआ।

जिला कलक्टर ने सभी जिला एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर आमजन के कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने आगामी त्यौहारों के मध्यनजर सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को सर्तक रहते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने कहा कि जूलूसों के मार्गो में परिवर्तन नहीं करे और ड्रोन के माध्यम से सम्पूर्ण गतिविधियों पर पूर्ण निगरानी रखे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में अवैध खनन रूकवाने, वर्ष 2022-23 की छात्रवृति दिलवाने, खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जुड़वाने, सड़क बनवाने, 11 हजार केवी विद्युत लाईन हटवाने, पोल शिफ्ट करवाने, रोड़ लाईट चालू करवाने, अवरूद्ध रास्ता खुलवाने, श्याम वाटिका पानी की टंकी के पास से अवैध अतिक्रमण हटवाने, जनाधार से नाम हटवाने, वार्ड नंबर 12 सीसी सड़क बनवाने, बापू नगर खेरदा में सीवरेज लाईन डलवाने, पुलिस जाप्ता उपलब्ध करवाने सहित कुल 53 प्रकरण प्राप्त हुए। कलक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय पर प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम अनूप सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हरिसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजनीतिक दल बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की सूचना अपडेट कर भिजवाएं : डॉ. सौम्या झा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर राजनीतिक दलों को बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) प्रथम एवं द्वितीय की नियुक्ति की सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को भिजवाई जानी है। जिससे यह सूचना निर्वाचन विभाग राज. जयपुर को समय पर उपलब्ध कराई जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बूथ लेवल अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में आयोजित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट की सूचना अपडेट होने से आगामी चुनाव में जिला प्रशासन के बूथ लेवल अधिकारी से समन्वय कर कार्य करने में सुगमता एवं पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट, बूथ लेवल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र नाम हटाने और मतदाता सूची में संशोधन कराने में सहायता करेंगे। इससे मतदाता सूची अधिक सटीक और त्रुटिरहित तैयार हो सकेगी। उन्होंने सूचियों में नये नाम जोड़ने के क्रम में मतदाता लिंगानुपात (जेंडर रेश्यों) को सुधारने पर भी विशेष जोर दिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन सौकरिया ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस के त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान वे मौजूद रहे। बैठक में भाजपा के चंद्रवीर सिंह चौहान, ओमप्रकाश गुप्ता, कांग्रेस के सीपी श्रीवास्तव, सीपीआईएम के अख्तर जंग, आम आदमी पार्टी के हनुमान सैन, बीएसपी के सुखलाल आर्य एवं निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी बुद्धिप्रकाश शर्मा एवं विवेक मीणा मौजूद रहे।

# देवनारायण महाराज के 1113वें जन्मोत्सव पर देवडूंगरी मेले में उमड़ा जन सैलाब

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** गांव मंडावर में देवडूंगरी में लोकदेवता श्री देवनारायण महाराज के 1113वें जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय वार्षिक मेले की शुरुआत गुरुवार को ध्वजारोहण और कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा ठाकुर जी के मंदिर से शुरू होकर देवडूंगरी स्थित श्री देवनारायण महाराज के मंदिर पहुंची। इसके बाद मंदिर के शिखर पर ध्वज पताका फहराकर मेले का शुभारंभ किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चौथमल गुर्जर ने बताया कि दोपहर में पैदल दौड़, साइकिल दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद जैसी खेल प्रतियोगिताएं हुईं। विजेताओं को मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण, किसान और मजदूर फसल की कटाई का काम छोड़कर मेले में पहुंचे। दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए नि:शुल्क जगह दी गई। छाया और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई। महिलाओं ने घरेलू सामान और सौंदर्य प्रसाधनों की जमकर खरीदारी की। किसानों ने पशुओं को सजाने का सामान खरीदा। मेले में कस्बे सहित पराना, हतौना, गोपालपुरा, शुक्लपुरा, मंडावर, भांची-देवली, सीतारामपुरा, कंवरपुरा और सिरस सहित कई गांवों के लोग शामिल हुए।

**पहले लोकगीतों से होती थी मेले की शुरुआत :** बुजुर्ग रामफूल गुर्जर, सीताराम गुर्जर और देवनारायण गुर्जर ने बताया कि पहले मेले की शुरुआत पारंपरिक लोकगीतों से होती थी। इन गीतों में संस्कृति और रीति-रिवाजों की झलक मिलती थी। लेकिन अब बैंड-बाजों की जगह डीजे ने ले ली है। स्वरचित लोकगीतों की जगह अब रीमिक्स गाने बजने लगे हैं, जो अटपटे लगते हैं।

**1156 वर्ष पुराना है देवडूंगरी धाम :** मंडावर में स्थित देवडूंगरी धाम का श्री देवनारायण भगवान का मंदिर 1156 वर्ष पुराना है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष और पीएचडी रिसर्च स्कॉलर चौथमल छाबड़ी ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, श्री देवनारायण भगवान अपने ननिहाल देवास नगर में थे। लंबे समय बाद उनकी मुलाकात अपने पूर्वजों के इतिहासकार छोटू भाट से हुई। इसके बाद उन्होंने अपने जन्म स्थल और पूर्वजों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रण लिया कि उनके पूर्वजों ने जहां-जहां प्रवास के दौरान धार्मिक स्थलों की स्थापना की थी, उन स्थानों को संरक्षित किया जाएगा। इस प्राचीन मंदिर का निर्माण श्री सवाईभोज बगड़ावत ने करवाया था। बाद में विक्रम संवत 982 (925 ईस्वी) में श्री देवनारायण भगवान ने इसका जीर्णोद्धार करवाया। देवजी द्वारा स्थापित इन स्थानों को देवडूंगरी के नाम से जाना जाता है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन, आगामी चुनावो को लेकर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** काली का बाग रोड स्थित एक निजी गार्डन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता निवाई-पीपलू विधानसभा प्रभारी और पीसीसी सचिव राजेंद्र चौधरी ने की। चौधरी का कांग्रेस के पदाधिकारीयो ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी पंचायती और निकाय चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भूलाकर कांग्रेस के पूर्ण बहुमत के लिए काम करें। हमारी पार्टी ने संचार क्रांति सहित कहीं महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस कई सीटों पर मामूली अंतर से हारी थी। बैठक में पंचायतो के प्रारूप पर भी चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा,कमल लोदी,मनिंदर सिंह बैरवा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर चौधरी, नगर पालिका पार्षद, सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गंभीरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो,क्षेत्रीय कार्यालय, सवाई माधोपुर द्वारा संगोष्ठी,प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी स्वच्छता की शपथ के माध्यम से जिले के मलारना डूंगर ब्लॉक ग्राम गंभीरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय प्रचार सहायक नेमीचंद मीणा ने संविधान के 75 वर्ष पर हमारा संविधान -हमारा स्वाभिमान, विश्व जल दिवस, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस स्वच्छता की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

# विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य मौखिक स्वच्छता, इसके महत्व और मुख रोगों में योगदान देने वाले कारकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मुंह के कैंसर के बढ़ते मामले को देखते हुए मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रखने पर जोर दिया जा रहा है। लोगो को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुंह के कैंसर सबसे बड़ा कारण है तंबाकू उत्पाद का सेवन करना। इसलिए कैंसर से बचाव के लिए धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद से दूरी बनानी ही पड़ेगी। मुख स्वास्थ्य सप्ताह में मुख स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दांत, मसूड़े एवं मुख कैंसर संबंधित अन्य बीमारियों की जांच बचाव व उपाय के संबंध में आमजन को जानकारी दी जाएगी। बीड़ी सिगरेट गुटका तंबाकू खाने वाले मरीजों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा साथ ही तंबाकू छोड़ने हेतु दवाइयां भी दी जाएगी। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी एनओएचपी डॉ चेतराम मीना, एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राएं और विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

## कवि की कविताओं को सुनकर श्रोता देर रात तक जमे रहने का हुए मजबूर

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के माणक चोक बाजार में रंग पंचमी की संध्या पर बुधवार की रात्रि में माणक चोक बाजार व्यापार मंडल के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कवि सम्मेलन का शुभारम्भ अतिथि के रूप में मौजुद भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, युवा समाजसेवी गोपाल गुर्जर, थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, होली आयोजन समिति के सरंक्षक त्रिलोकचन्द जैन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलवित कर किया। कार्यक्रम में कवियत्री उषा दास ने मां सरस्वती की वंदना कर कवि सम्मेलन विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। वहीं कार्यक्रम में कवि देवकरण मेघवंशी केकड़ी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) जयपुर पी.के मस्त, मध्यप्रदेश के संदीप शौर्य, नेनवां के ओम आदर्शी, लक्ष्मण शर्मा ने श्रोताओं को देश भक्ति, हांस्य, वीर रस सहित अन्य कविताऐं प्रस्तुत कर श्रोताओं को देर रात्रि तक बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन कवि विष्णु द्विवेदी ने किया।

कार्यक्रम के सभी अतिथियो व कवियो का मंडल अध्यक्ष रामबाबू हलवाई, सुनील जैन, ओमप्रकाश जैन सहित अन्य सदस्यो ने मालाऐं पहना कर स्वागत किया।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थीयों के तिलक लगाकर दी शुभकामनाऐं



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के आठवीं बोर्ड परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहे 521 परीक्षार्थीयों का तिलक लगाकर शुभकामूनाऐं दी। गुरूवार से आठवीं बोर्ड परीक्षाऐं प्रारम्भ हो गई। इसके लिए राउमावि में परीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। केन्द्राधीक्षक एवं प्रधानाचार्य अलका पारीक ने बताया कि इस केन्द्र पर कुल 521 परीक्षार्थीयों ने कक्षा आठवीं बोर्ड की परीक्षा दी। परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थीयों का प्रधानाचार्य की मौजुदगी में सम्पूर्ण शाला परिवार के सदस्य मौजुद रहकर तिलक लगाकर परीक्षा की शुभकामनाऐं देकर उज्जवल भविष्य की कामना व अच्छे अंको से परीक्षा उत्तीर्ण करने की कामना की। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी कानाराम जाट, एसीएस दीपक गुप्ता, जीतराम चौधरी, रमेश गियाड़, बाबूलाल यादव, गिरधर शर्मा, बनवारीलापल, देवेन्द्रं कुम्हार, सरिता शर्मा, आस्था लसाड़िया, गीतेश विजय, मीनाक्षी जैन सहित शाला परिवार के सभी सदस्य मौजुद रहे।

### रांदा पुआ सम्पन्न : आज होगी शीतला माता की पूजा घर परिवार में बने ठण्डे पकवानो का लगेगा माता के भोग

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा शहर व सम्पूर्ण ग्रामीण क्षैत्रो में 21 मार्च शुक्रवार को शीतलाष्टमी के पावन अवसर शीतला माता की पूजा अर्चना के बाद ठण्डे पकवानो की महाप्रसादी से भोग लगाया जाएगा। इसी को लेकर गुरूवार को महिलाऐं रसाई में रहकर पकवान बनाए। जिसमें मुख्य रूप से पुओ पापड़ी, मक्के के आटे की राबड़ी साहित अन्य कई तरह के पकवान बनाए गए। परम्परा के अनुसार महिलाऐं शुक्रवार को सवेरे जल्दी अपने नित्य कामो से निवृत होकर शीतला माता के पवित्र स्थानो पर पहुंच कर पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद ठण्डे पकवानो की महाप्रसादी का भोग लगाएगी।

# परिवादियों की इष्टतम संतुष्टि हेतु करें प्रयास : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को परिवादों के तीव्र निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण करायें जिससे परिवादियों की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। सभी परिवादों का निस्तारण हेतु फॉलोअप किया जाये। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें, जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। जिला कलेक्टर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान




सीवरेज एवं नालों की सफाई, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटवाने, सीवरेज लाइन कनेक्शन, राजस्व, सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिनका शीघ्र निस्तारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में परिवादी मुनेन्द्र सिंह ने ग्राम तरवा में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने तहसीलदार सरमथुरा को त्वरित ढंग से अतिक्रमण हटवाये जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी जगदीश सिंह सिकरवार ने गिर्राज कॉलोनी में स्थित अपने मकान में सीवरेज कनेक्शन दिलवाये जाने हेतु परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर उन्होंने नगर परिषद को समुचित कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द सीवरेज कनेक्शन दिलवाये जाने हेतु निर्देशित किया। परिवादी विनोद कुमार ने कृषि विद्युत कनेक्शन दिलवाये जाने से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल को परिवादी के खेत पर त्वरित कृषि कनेक्शन स्थापित कराने हेतु निर्देशित किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौराखेड़ा के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में चारदीवारी कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी सैंपऊ को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। मनियां में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाये जाने के मामले में जिला कलक्टर ने तहसीलदार को त्वरित ढंग से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सालय में हुआ अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** नगरपालिका की ओर से गुरुवार को महिला चिकित्सालय में अन्नपूर्णा रसोई का उद्घाटन भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने की। नगरपालिका की ओर से संचालित अन्नपूर्णा रसोई में गरीब व जरूरतमंद लोगों को 8 रूपए में पोष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जायेगा। इस पर मुख्य अतिथि बन्नाराम मीना ने कहा कि सरकार की इस योजना से आमजन को मात्र 8 रूपए में घर जैसा सस्ता व स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने कहा कि अस्पताल और तहसील के पास स्थित यह रसोई आमजन के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इसके बाद अतिथियों ने रसोई का अवलोकन कर भोजन का स्वाद चखा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, प्रहलाद सैनी, धर्मचंद सैनी, प्रधान प्रतिनिधि जयप्रताप राठौड़, लोकेश रावत, भूपेंद्र शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अनियमितताओं के चलते पर कार्रवाई, 15 दिन का निलंबन और 5000 रुपये का जुर्माना



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** ई-मित्र परियोजना के अंतर्गत सेवाएं प्रदान करने वाले एक कियोस्क संचालक के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। एक शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया था कि ई-मित्र संचालक अविनाश कुमार ने खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने के लिए 1500 रुपये की अवैध राशि की मांग की थी। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित ई-मित्र कियोस्क निर्धारित स्थान की बजाय किसी अन्य स्थान जगदीश तिराहे पर संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा केंद्र पर आवश्यक रेट लिस्ट और अनिवार्य बैनर नहीं पाए गए, साथ ही अधिक राशि लिए जाने की पुष्टि हुई। उपखंडाधिकारी साधना शर्मा ने अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ई-मित्र कियोस्क को 15 दिनों के लिए निलंबित करने और 5000 रुपये का आर्थिक दंड लगाने का आदेश जारी किया है।

# महिलाओं ने मनाया बास्योड़ा पर्व, सुख समृद्धि की कामना



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे सहित आसपास के इलाकों में गुरुवार को बास्योड़ा का पर्व मनाया गया। अलसुबह से ही महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। महिलाओं ने एक दिन पूर्व बने राबड़ी, पुआ पकौड़ी, चावल आदि ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। कस्बे के मालाखेड़ा दरवाजा स्थित शीतला माता मंदिर, गोल सर्किल स्थित माता का मंदिर, पुराना राजगढ़ स्थित सेढ़ माता के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर माता को ठण्डे पकवानों का भोग लगाकर घर, परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर जल अर्पित किया। वहीं सायं को शीतला माता मंदिर में शीतला माता के जागरण का आयोजन हुआ।

# टीम डब्ल्यू आर आर सी के मिशन सुरक्षा के तहत हुई पहली नि:शुल्क नसबंदी

## डॉग्स व इंसान के बीच संघर्ष खत्म हो अब



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** टीम डब्ल्यू आर आर सी के मिशन सुरक्षा के तहत गुरुवार पहली नि:शुल्क नसबंदी डॉ अनुज तोमर जी द्वारा की गई ।

ये एक दो वर्षीय मादा है। जिसकी सर्जरी की गई है । सभी स्ट्रे डॉग लवर्स से निवेदन है कि वे अपने प्यारे डॉग्स की अधिक से अधिक सर्जरी करवाकर उन्हें स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने का मौका दें । टीम के सदस्यों ने इस पुनीत कार्य मे सभी के सहयोग की प्रार्थना की हैं। टीम के सदस्य और युवा समाजसेवी शशांक झालानी ने कहा कि स्ट्रीट डॉग्स और आमजन के बीच में जो संघर्ष का दौर चल रहा है ये सबके समझने योग्य है।

ये श्वान भी जीव है और इंसान इनकी भी भावनाओं को समझे टीम द्वारा किया जा रहा है यह मिशन आमजन के सहयोग से ही कामयाब हो पाएगा और हम भी यह चाहते हैं कि स्ट्रीट डॉग्स और इंसान के बीच का यह संघर्ष खत्म हो ताकि जियो और जीने दो के संकल्प को हम सिद्धि तक ले जा सके।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने की आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं,समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी सभागार में आयोजित हुई।

माह के तीसरे गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में भूमि पर अतिक्रमण, भूमि विभाजन, बिजली, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, सड़क, यातायात व्यवस्था सुधारने, पट्टा दिलाने बाबत, विभिन्न प्रकरणों की पुलिस जांच कराने तथा पेयजल आपूर्ति करवाने सहित विभिन्न जन समस्याओं से संबंधित कुल 80 प्रकरण प्राप्त हुए जिन पर कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारीयों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर तुरन्त कार्यवाही कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के साथ - साथ सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री कार्यालय सहित विभिन्न स्तरों से प्राप्त होने वाले परिवादों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर उनका गुणवत्तापुर्ण निस्तारण करें।

जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव, समाज कल्याण अधिकारी रमेशदहमीवाल, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रतनलाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, डीएसओ राकेश सोनी, सहकारिता विभाग अधिकारी वेद प्रकाश सैनी, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता आदेश कुमार, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीना गुप्ता, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, नोडल अधिकारी आयुर्वेदिक विभाग अजीत बालयांण, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र यादव सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकरी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

# 45 दिन से प्रदर्शन कर रहे वकीलों का कार्य बहिष्कार जारी



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट की स्थापना की मांग को लेकर वकील लगातार विरोध कर रहे हैं। पिछले 45 दिनों से बहरोड़ अभिभाषक संघ कार्य बहिष्कार पर है।

वकीलों के समर्थन में स्टांप विक्रेता, डीड राइटर और टाइपिस्ट भी हड़ताल पर हैं।बहरोड़ की सात न्यायिक और तीन राजस्व अदालतों में कोई कार्य नहीं हो रहा है। वादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रियां बंद होने से सरकारी राजस्व को भी नुकसान हो रहा है।वकीलों का कहना है कि बहरोड़ क्षेत्र में लंबित मामलों की संख्या अधिक है। यहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नहीं होने से लोगों को अलवर जाना पड़ता है।

कोटपूतली-बहरोड़ नए जिले में डीजे कोर्ट की स्थापना उनकी प्रमुख मांग है।बार अध्यक्ष नरपाल यादव ने कहा कि 25 मार्च को वकीलों का प्रतिनिधिमंडल राजस्थान हाईकोर्ट जाएगा। मांग पूरी नहीं होने तक विरोध जारी रहेगा। वकीलों ने आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है।

इस आंदोलन में इस दौरान बाहर संघ पूर्व अध्यक्ष राजपाल यादव, संजय यादव, हवासिंह यादव, अजय यादव, जितेंद्र शर्मा, आशीष यादव, संदीप यादव, भूपेंद्र प्रजापत, जितेंद्र यादव, प्रेमचंद शर्मा, प्रभुसिंह, समीर कौशिक, रोहित यादव सहित बार सदस्य मौजूद रहे। न्यायिक कार्य ठप होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# आग से बचाव के लिए बच्चों को दिया प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सैन ने बताया कि अपेक्स फायर एंड सेफ्टी प्रशिक्षण संस्थान के भगवान सहाय सैनी एवं अग्नि सुरक्षा के प्रशिक्षक सुरेन्द्र कुमार गुर्जर के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने घरेलू सिलेंडर में अचानक आग लगने से कैसे बचा जाए, आग लगने पर कैसे बचाव किया जाए के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय के सुरेन्द्र सिंह गहलोत, छोटेलाल बैरवा, रिंकू कुमार सैनी, कालूराम सैनी तनीषा तिवारी, सुनील कुमार सैनी, संतोष कुमार शर्मा, रामबाबू सैन, आनंद शर्मा, रितिका मीना, गोविंद शरण मीना सहित विद्यालय के बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।

# देहदान, अंगदान, रक्तदान, नेत्रदान की अलख जगाने हेतु नि:शुल्क विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 7 अप्रैल को

## अलवर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के संयुक्त तत्वाधान में होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन व आई.एम.ए. अलवर के अध्यक्ष डॉ.एस.सी. मित्तल ने बताया कि जीवन की आजकल की भागदौड़ भरी जिन्दगी में बदलती जीवनशैली के कारण जीवन की साँसे सुकडती जा रही है जिसका कारण तनाव, होडाहोड़ी, अनिद्रा, कुपोषण असंतुलित आहार, नशा इत्यादि है युवा पीढ़ी में ही ब्लड प्रेशर, मधुमेह, थाइरोइड, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों ने जगह ले ली है इसी कारण आजकल बहुत बड़ी संख्या में युवा मृत्यु दर बढ़ती जा रही है इस मृत्युदर को कम करने हेतु देहदान, अंगदान, रक्तदान, नेत्रदान की अलख जगाने हेतु अलवर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर के संयुक्त तत्वाधान में एक नि:शुल्क विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार, 7 अप्रैल 2025 को प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित कर रहे है । इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के सेक्रेटरी डॉ. रूप सिंह ने बताया कि बहुत लम्बे समय से इस कार्यक्रम को आयोजित करने पर विचार चल रहा था इसीलिए एक ऐसा दिन चुना गया ताकि आमजन उस दिन इस मुहीम को समझकर देहदान, अगदान, रक्तदान, नेत्रदान करने पर सोचे तथा मृत्यु के बाद भी खुद को दुसरे शारीर में जीवित रखकर किसी को नयी जिन्दगी प्रदान करके एक मानवता का परिचय दे। विश्व प्रसिद्ध वीररस के कवि विनीत चौहान ने बताया कि इस विशाल अखिल आरतीय कवि सम्मेलन में आमजन की एन्ट्री नि:शुल्क रहेगी जिसमे पूरे देश के चिर-परिचित कवियों को बुलाया है जिसमे जयपुर से संजय झाला, कानपूर से हेमन्त पाण्डेय, ग्वालियर से तेजनारायण बैचैन, दिल्ली से अनिल अग्रवशी, फरीदाबाद से दिनेश रघुवंशी, गाजियाबाद से अंजू जैन प्रमुख है। कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य आमजन में देहदान, अंगदान, रक्तदान, नेत्रदान करने के प्रति जागरूक करना है । आई.एम.ए. अलवर के सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार, 7 अप्रैल 2025 को सही 06.00 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में प्रारम्भ होकर सही रात्रि 10.00 बजे समाप्त कर दिया जाएगा अत: सभी व्यक्ति अपना स्थान शाम 05.45 बजे तक अवश्य ग्रहण कर ले। कार्यक्रम संयोजक सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर आमजन को सभी तरह के देहदान, अंगदान, रक्तदान, नेत्रदान के फॉर्म्स भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जायेंगे ताकि इच्छुक व्यक्ति अपना फॉर्म भरकर इस मुहीम को सफल बनाने में अपना सहयोग दे सके एवं एम मानवता का परिचय दे। साथ ही इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्यता का फॉर्म भी उपलब्ध रहेगा स्वेच्छिक रूप से जो भी व्यक्ति सदस्य बनना चाहता है वो फॉर्म भरकर रेड क्रॉस भवन, मोती डूंगरी अलवर में जमा करवा सकते है।

# यूनिक संस्था के विद्यार्थी का जीएसटी इंस्पेक्टर में चयन होने पर संस्था द्वारा किया गया भव्य स्वागत

## कस्बे में निकाली रैली, जगह-जगह पुष्प वर्षा से लोगों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** कस्बे के भृर्तहरि रोड स्थित यूनिक ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन के विद्यार्थी का जीएसटी इंस्पेक्टर में चयन होने पर संस्था द्वारा किया गया रैली का आयोजन।संस्था चैयरमैन डॉ. सुमित यादव ने बताया कि यूनिक स्कूल के विद्यार्थी यशस्वी शर्मा पुत्र योगेश शर्मा निवासी मोमनपुर तलवाड़ का जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ इस उपलब्धि पर क्षेत्र में लोगों ने उनको बधाई दी व खुशियां मनाई व एक दूसरे को मिठाई खिलाई। और शाला प्रांगण में इस होनहार बालक पर पुष्प वर्षा की और माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया और शहर में भव्य रैली का आयोजन किया गया।रैली के दौरान शिक्षक कॉलोनी, पतासा गली, पुराना बस स्टैंड, हमीदपुर मोड पर जगह जगह लोगों के द्वारा माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। पूरे क्षेत्र में इस बात को लेकर खुशी की लहर है।आपको बतादें यूनिक संस्थान के अनेक ऐसे विद्यार्थी हैं जो मां भारती की अलग-अलग क्षेत्र में सेवा कर रहे हैं।इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन सुमित यादव, प्रिंसिपल निरंजन सिंह, नीरज चौधरी, वार्ड नंबर 35 नगर परिषद पार्षद मनोज चौधरी सुनील दास महाराज सुभाष यादव एडवोकेट, योगेश शर्मा,तेजपाल यादव, धर्मवीर शास्त्री संजय स्वामी विकास कुमार वेद प्रकाश यादव,नरेंद्र कुमार, राजेश जोशी, आशा शर्मा निशा शर्मा संजू शर्मा सहित सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# ईडी की टीम का स्क्रेप कारोबारी के घर पर छापा, शाम तक भी जारी रही कार्रवाई

## कारोबारी समीउद्दीन के दो मंजिला मकान में खंगाले जा रहे कागजात, परिवार के सदस्यों से हो रही पूछताछ





बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के विज्ञान नगर निवासी एक स्क्रेप कारोबारी के घर पर गुरुवार सुबह ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने छापा मारा। इसके दो मंजिला मकान में देर शाम खबर लिखे जाने तक भी ईडी की कार्रवाई जारी थी। इस दौरान हथियारों से लैस जीआरपी व सीआरपीएफ के जवान-अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। घर को पूरी तरह से जैसे कब्जे में लिया हुआ है। यह अलग बात है कि ईडी की ओर से आधिकारिक तौर पर इस कार्रवाई की पुष्टि नहीं की गई है, ना ही इसका कोई कारण सामने आया है।

ईडी की टीम प्राइवेट वाहनों से सुबह साढ़े आठ बजे करीब विज्ञान नगर इलाके में पहुंची और सेक्टर 4 में स्थित समीउद्दीन के दो मंजिला मकान में छापा मारा। समीउद्दीन का बंगाली कॉलोनी में वेल्डिंग व लोहे का कारोबार है। इसके चार बेटों में से दो बेटों फहीम व नईम की वेल्डिंग की अलग-अलग दुकानें हैं। एक अन्य बेटा वसीम मोबाइल की दुकान पर काम करता है। वहीं, यूनुस ठेकेदारी और लोहा स्क्रेप का काम करता है। जो जानकारी सामने आई उसके अनुसार कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम ने परिवार के किसी भी सदस्य को ना तो बाहर जाने दिया, ना ही किसी को मकान के अंदर आने दिया। परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की गई।

भीलवाड़ा में भी ईडी की कार्रवाई

कोटा के साथ ही भीलवाड़ा में मोबाइल के कारोबारी गिरीश सिंधी के आवास पर भी ईडी ने छापा मारकर कार्रवाई की। गिरीश सिंधी का मकान बापूनगर में है। इसका मुख्य बाजार में भगवान मोबाइल के नाम से कारोबार है। इस दुकान का ताला नहीं खुला। कार्रवाई के दौरान मोबाइल कारोबारी के घर के बाहर सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहा। यहां तक कि जिस गली में मोबाइल कारोबारी का घर है, उसमें भी किसी को जाने नहीं दिया गया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में किया आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण

# 60 दिन से ऊपर की अवधि का कोई भी प्रकरण निस्तारण से शेष नहीं रहे : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए गुरूवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने आमजन की परिवेदनाएं सुनी और मौके पर ही विभिन्न प्रकरणों का समाधान कर राहत दी। साथ ही अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई से सभी उपखंड अधिकारी भी वर्चुअली जुड़े रहें। इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्राप्त समस्याओं के संबंध में संबंधित उपखंड अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 78 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्राप्त समस्याओं का समाधान निर्धारित समयावधि में हो, इसकी पूर्ण सुनिश्चितता की जाएं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों के निस्तारण की प्रभावी कार्यवाही की जावें, ताकि परिवादी को बार-बार नहीं आना पड़े। अधिकारियों का यह प्रयास रहें कि शिकायतों का पूर्ण समाधान हों। किसी भी विभाग के पास 60 दिन से ऊपर की अवधि का कोई भी प्रकरण निस्तारण से शेष नहीं रहे। इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। जनसुनवाई में आमजन द्वारा जिला कलेक्टर को खेल मैदान समतल कराने, गैर खातेदारी से खातेदारी,राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरूस्तीकरण, सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटाने, आवासीय पट्टे बनवाने, भुगतान राशि दिलाने एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया।इस पर जिला कलेक्टर ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर राहत दी। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी आवश्यक रूप से जनसुनवाई में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।उन्होंने निर्देश दिए कि जन सुनवाई में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अनुमति लेनी जरूरी होगी।

# विश्व मुख स्वास्थ्य सप्ताह के तहत शिविर और जागरुकता गतिविधियों का आयोजन शुरू




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में गुरुवार से विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के रूप में मनाए जाने की शुरुआत की गई।

सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि सप्ताह के दौरान 26 मार्च तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण सीएचसी और मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल व एमबीएस चिकित्सालय, जहां दंत चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं, वहां मुख स्वास्थ्य जागरुकता शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में मुख सम्बंधी रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी तथा मुख दंत सम्बंधी बीमारियों से बचाव-रोकथाम पर जागरुक किया जाएगा।

गुरुवार को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर सप्ताह की शुरुआत करते हुए यूसीएचसी कुन्हाड़ी व भीमगंजमंडी में शिविर लगाकर मुख रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। एनओएचपी कार्मिक डॉ. राशिद खान व ओसाफ अंसारी ने रोगों से बचाव सम्बंधी जानकारियां दीं। लोगों को ब्रशिंग टेक्निक और मुंह की सही देखभाल करने के बारे में भी बताया गया। इस दौरान डेंटल प्रोसिजर भी किए गए। इसी तरह अब पूरे सप्ताह के दौरान शहरी और ग्रामीण सीएचसी, जिला अस्पताल, एमबीएस चिकित्सालय में केम्पों का आयोजन किया जाएगा। इनमें तम्बाकू से होने वाले नुकसान व दुष्प्रभावों के बारे भी मे युवाओं को सचेत किया जाएगा।

साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों और आमजन को मुख सम्बंधी बीमारियों और मुंह की साफ-सफाई, मुंह का केंसर और बच्चों व अधिक उम्र के लोगों में होने वाली दांतों की बीमारियों-समस्याओं व सही ब्रश टेक्निक के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं, मुख केंसर की प्रारम्भिक अवस्था में जांच की जाएगी।

# नैनवां एसडीएम कार्यालय में रीडर एंव दलाल ट्रेप

## 50 हजार रूपये मांगे थे, स्टे प्रकरण में, टोंक, भीलवाड़ा टीम के हत्थे चढ़े

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** नैनवां एसडीएम कार्यालय में गुरूवार को एसीबी ने बड़ी कार्यवाही की है। मौके पर टोंक एंव भीलवाड़ा टीम ने एसडीएम के रीडर एंव दलाल को 50 हजार की रिश्वत के साथ रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। सांय को एकाएक उपखण्ड कार्यालय पर मची अफरार तफरी का माहौल पैदा हो गया। एसीबी टीमे लगातार एसडीएम कार्यालय पर कार्यवाही करती हुई नजर आई।

जैसे जैसे कार्यवाही के साक्ष्य मिलते गये एसीबी की टीम ने दोनो आरोपियो को एंव एसडीएम को नैनवां पुलिस थाने में बुला कर पुछताछ की गई। हर कोई एसीबी की कार्यवाही की जानकारी लेने के लिए उत्सुक नजर आ रहा था। एसडीएम कार्यालय एंव पुलिस थाने पर तमाशाबीन लोगो की भीड़ जमा नजर आई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ रवि प्रकाश मेहराड़ा ने बताया कि नैनवां एसडीएम कार्यालय पर एक परिवादी को उपखण्ड कार्यालय में लम्बित वाद में स्टे आदेश को लेकर परेशान किया जा रहा था। उनसे 50 हजार रूपये रिश्वत की डिमांड की जा रही थी। परिवादी ने टोंक एसीबी कार्यालय में इस बारे में शिकायत की गई। परिवादी का कहना था कि ऐसे भष्ट्रचारियो के खिलाफ कार्यवाही किया जाना चाहिए। टोंक एसीबी टीम ने एक व्यक्ति को नैनवां उपखण्ड कार्यालय में भेज कर शिकायत की पुष्टी की गई। इसके बाद एसीबी के कालुराम रावत उप महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज के सुपरविजन में टी.एल.ओ झाबर मल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भष्ट्राचार निरोधक ब्यूरो टोक ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए नैनवां एसडीएम कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक मारूती नागर निवासी रविन्द्र कॉलोनी नैनवां एंव सह आरोपी लक्ष्मीकांत निवासी वार्ड 4 निवासी नैनवां को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भष्ट्राचार निवारण अधिनियम के अर्न्तगत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसडीएम की भूमिका संदिग्ध-ट्रेप कार्यवाही की जानकारी देते हुए एसीबी टीम के अधिकारियो ने बताया कि ट्रेप की कार्यवाही एसडीएम कार्यालय पर हुई है। प्रकरण में एसडीएम की भूमिका भी संदिग्ध है। फिलहाल एसीबी टीम इस पर भी जॉच कर रही है।

# जनसुनवाई में 135 परिवाद सुने, कलक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कुल 135 परिवाद प्राप्त हुए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से अतिक्रमण, अवैध निर्माण, विद्युत चोरी जैसे मामलों पर सुनवाई हुई। कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने परिवादियों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से सुनी और संबंधित विभागों को नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने हाउसिंग बोर्ड में अनधिकृत निर्माण के मामलों पर नगर निगम एवं हाउसिंग बोर्ड को संयुक्त टीम बनाकर मौके पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक छात्रा की टीसी (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) के मामले में शिक्षा विभाग को आवश्यक सहायता प्रदान करने को कहा। वहीं एक छात्र के सुरक्षा राशि (सिक्योरिटी मनी) से जुड़े मामले में तत्काल राहत दी गई। जनसुनवाई में एक विधवा महिला के परिवाद पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए कि महिला को पेंशन योजना के लाभ की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। श्रम विभाग द्वारा सामान्य मृत्यु के एक मामले में पीड़ित परिवार को 2 लाख की सहायता राशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करें। पहली श्रेणी में वे मामले जो तत्काल निस्तारित किए जा सकते हैं, दूसरी श्रेणी में वे मामले जिनमें विभागीय समन्वय की आवश्यकता हो और अधिकतम 15 दिनों में समाधान संभव हो, तथा तीसरी श्रेणी में वे मामले जिन्हें न्यायालय या नियमों के कारण प्रशासनिक स्तर पर हल करना संभव न हो। जनसुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव सुधांश पंत भी जुड़े। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही 'संपर्क 2.0' लॉन्च किया जाएगा, जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण 25 मार्च को होने की संभावना है। इस नए प्लेटफॉर्म के माध्यम से परिवादों का समयबद्ध निस्तारण होगा और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रशासनिक तंत्र में सुधार आएगा। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के तहत जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी जिलों को अधिकतम प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले को भूजल स्तर बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध कार्य करना चाहिए। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) मुकेश चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला की हत्या करने का आरोपी पड़ोसी युवक गिरफ्तार

## भतीजी पर बात करने के लिए बनाता था दबाव, टोका तो आधी रात के बाद दिया वारदात को अंजाम, भांजा गम्भीर घायल

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** भीमगंजमंडी थाना क्षेत्र के हुसैनी नगर में अपने घर के बरामदे में सो रही महिला की मंगलवार देर रात चाकू से हत्या कर देने के आरोपी पड़ोसी युवक आमिर उर्फ शिबू (23) को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इस वारदात में महिला का भांजा भी गम्भीर घायल हो गया था। उसका इलाज जारी है। भीमगंजमंडी थान सीआई रामकिशन गोदारा ने बताया कि आरोपी आमिर फर्नीचर का काम करता है। वह पड़ोसी सुमित्रा (42) की भतीजी पर उससे फोन पर बात करने का दबाव बनाता था। इस पर सुमित्रा व उसके भांजे अरविन्द ने आमिर को टोका था। इसी बात की रंजिश में आमिर ने इस वारदात को अंजाम दिया।

### यह है पूरा घटनाक्रम

घटना मंगलवार रात दो बजे के आसपास की है। सुमित्रा अपने मकान के बरामदे में सो रही थी। उसके साथ उसका भांजा अरविंद (17) भी सोया हुआ था। सुमित्रा का बेटा जितेन्द्र व बहू दूसरे कमरे सो रहे थे। उसी दौरान पड़ोसी आमिर खिड़की से कूदकर बरामदे में आया। उसने आते ही अरविंद के गले पर चाकू से वार कर दिया। इस पर उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर सुमित्रा की नींद खुल गई और उसने बीच-बचाव करते हुए आमिर को पकड़ लिया। इस पर आमिर ने सुमित्रा पर भी चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे सुमित्रा की छाती और सिर पर गम्भीर चोटें आईं। मौके पर खून ही खून हो गया। इससे कुछ देर सुमित्रा की मौत हो गई, जबकि अरविंद गम्भीर घायल हो गया।

# भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिरीक्षक द्वारा जनसंवाद संगोष्ठी का आयोजन किया

## ना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे, ना भ्रष्टाचार करने देंगे, और ना ही भ्रष्टाचार करेंगे की शपथ दिलाई



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में गुरुवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिरीक्षक शिवराज मीणा कोटा संभाग द्वारा जनसंवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बूंदी पुलिस सहित आम जन प्रबुद्ध जन ,शामिल रहे ।

संगोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक बूंदी राजेंद्र कुमार मीणा ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ,सहित एडिशनल एसपी एसीबी बूंदी, मौजूद रहे । इस दौरान डीएसपी ज्ञानचंद मीणा, सहित अन्य एसीबी के सभी अधिकारी मौजूद रहे ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा आज की गई जन संवाद संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है सरकार की दिशा निर्देशों में भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाना ,विभागों को भ्रष्टाचार से मुक्त करना ,अगर कोई रिश्वत लेता है या रिश्वत देता है तो इस पर रोक लगाना है । भ्रष्टाचार करने या रिश्वत मांगने पर टोल फ्री नंबर 1064 पर बात करने और कार्रवाई करवाने की बात कहते ,उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सभी विभाग भ्रष्टाचार मुक्त हो ,और बिना रिश्वत के आमजन के कार्य संपादित हो, इसी को लेकर यह संगोष्ठी आयोजित की है ,ताकि ज्यादा से ज्यादा आम जन में जागरूकता आ सके। इस पश्चात शपथ भी दिलाई गई , ना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे, ना भ्रष्टाचार करने देंगे, और ना ही भ्रष्टाचार करेंगे।

# 'कामयाब कोटा की पहल, छात्राओं के लिए बना यादगार रिवर फंट दौरा'

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कामयाब कोटा एवं कोटा केयर्स के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों की छात्राओं को गुरुवार को कोटा रिवर फ्रंट का भ्रमण कराया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना और उन्हें तनाव मुक्त वातावरण प्रदान करना था। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने 10 मार्च को छात्राओं के साथ संवाद किया था, जिसमें उन्होंने उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन को लेकर चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया था कि रिवर फ्रंट पर भ्रमण करने से छात्राओं को सकारात्मक अनुभव मिलेगा। कलक्टर के इस प्रस्ताव पर छात्राओं में उत्साह का माहौल बना और गुरुवार को उनके लिए विशेष भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

इस भ्रमण दल का नेतृत्व संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने किया। छात्राओं ने रिवर फंट की भव्यता को नजदीक से देखा और इसके निर्माण, पर्यावरणीय महत्व एवं ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी ली। छात्राओं ने इस दौरान संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर की और टीम भावना को प्रोत्साहित किया।

# जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की नैनवां शाखा कार्यकारिणी गठित

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** जर्नलिस्ट एसोसिएशनऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेश अध्यक्ष संजय सैनी, प्रदेश संयोजक राकेश शर्मा एवं प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक, की सहमति के बाद एवं जिलाध्यक्ष कलिमुदीन अंसारी एवं चुनाव संयोजक महेंद्र शर्मा के निर्देश पर जार की नैनवां शाखा के अध्यक्ष नीरज गौड़ ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करदी है । अध्यक्ष नीरज गौड़ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक विनोदबिहारी शर्मा (देई) तुलसीराम सैनी (नैनवां) हंसराज शर्मा (नैनवां) एवं लोकेशकुमार शर्मा (भण्डेड़ा) होंगे जबकि उपाध्यक्ष पद पर मोहन कटारिया (देई) एवं पदम शाह (जजावर) को नियुक्त किया गया हैं। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक जैन (नैनवां)महासचिव भूपेन्द्र नागर (करवर) हनुमान गौड़ (देई) मुकेश नागर (नैनवां) बाबूलाल शर्मा (नैनवां)सचिव राकेश नामा (करवर)दिनेश शर्मा (देई) बालकिशन शर्मा (जजावर) इंसाफ अली (नैनवां )एवं संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी कमलेश शर्मा (करवर) रवि जैन (नैनवां) त्रिलोक शर्मा (बांसी)रसीद अख्तर (करवर) एवं आयुष गौतम (देई) को दी गई है।

# ओएसडी रघुनंदन प्रसाद, हर्बल जोशी, प्रमोद कुमार पहुंचे बयाना, भाजपाईयों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** डिप्टी सीएम दिया कुमारी के ओएसडी रघुनंदन प्रसाद, बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के पुत्र हर्षल जोशी व पीए आरएएस अधिकारी प्रमोद कुमार बुधवार को बयाना पहुंचे। यहां पंचायत समिति मिस्त्री मार्केट में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रमन धाकड़ के आवास पर शहर के गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत सत्कार किया। इसके बाद सभी ने ऐतिहासिक ऊषा मंदिर और क्षेत्र के प्रमुख आस्थाधाम श्री कैलादेवी झील का बाड़ा पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। इसके अलावा गोवर्धन गिरिराज जी पहुंचकर सप्त कोसीय परिक्रमा भी लगाई। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमन धाकड़, अग्रवाल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, श्रीराम धाकड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कृष्ण मुरारी धाकड़, किशन गुप्ता, थलेश धाकड़, अमित शर्मा, जलसिंह चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बयाना विधानसभा प्रभारी ने रूपबास ब्लॉक कांग्रेस की ली बैठक, मांगे सुझाव

बढ़ता राजस्थान



**रूपबास/ भरतपुर (राजेश कटारा)।** बयाना विधानसभा प्रभारी एवं राजस्थान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश कटारा ने रूपबास ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र सिंह परमार ने की। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा तथा विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता तथा बयाना विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा का ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र सिंह परमार तथा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकेश राजावत, सुरेश राजावत, पार्षद अभिषेक कटारा ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

कांग्रेस भरतपुर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे तथा कांग्रेस पार्टी के महासचिव राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं के सुझाव मांगे हैं कि पार्टी को देश व राज्यों में और मजबूत कैसे बनाया जाए तथा कांग्रेस पार्टी के द्वारा अब तक किए कामों के बारे में आमजन तक प्रचार प्रसार कर उनकी जानकारी दी जावे। रूपबास पंचायत समिति के प्रधान राजू नवल किशोर गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस मजबूत है लेकिन हमें अपने आप में सुधार करना होगा तथा कार्यकर्ताओं को तवज्जो देनी होगी तभी कार्यकर्ता तन मन तथा धन से भी जुड़ेगा तथा काम मन लगाकर करेगा। बयाना विधानसभा प्रभारी कांग्रेस राजेश कटारा ने सर्वप्रथम कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष गोपी राम मुदगल को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस का मुख्य स्तंभ रहा है और रहेगा। विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता राजेश कटारा ने सभी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस को कैसे और मजबूत किया जा सकता है इस बारे में सुझाव मांगे जिसमें सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन को तवज्जो देने की मांग रखी जिस पर राजेश कटारा ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे तथा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को महत्त्व देने के लिए जिलास्तर तथा ब्लॉक स्तर के बाद मंडल अध्यक्ष, बूथ बीएलए, बूथ प्रभारी के रूप में पद स्थापित किए जाएंगे। विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे तथा कांग्रेस पार्टी के महासचिव राहुल गांधी साफ शब्दों में कहा है कि जो पार्टी पदाधिकारी बने बैठे हैं और वह कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम या मीटिंगों में अनुपस्थित रहते हैं उन्हें अपने आप पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए तथा कांग्रेस पार्टी के बारे में अन्य पार्टियों द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार का मुंह तोड़ जबाव देने के लिए तैयार रहना होगा।

प्रदेश प्रवक्ता एवं विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा ने कहा कि 100बिकाऊ लोगों से अच्छे पार्टी के दस कार्यकर्ता ही बहुत हैं जो कांग्रेस पार्टी को अपनी पार्टी मानकर तन मन तथा धन भी लगाकर काम करते हैं और आज इन्हीं कार्यकर्ताओं की लगन तथा सहनशीलता और जुझारूपन की वजह से कांग्रेस भारत देश की सबसे बड़ी पार्टी हैइस मौके पर कांग्रेस के बयाना विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता राजेश कटारा,भरतपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा, पूर्व विधायक अमरसिंह जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष रवींद्र सिंह परमार,पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, रूपबास पंचायत समिति प्रधान नवल किशोर गुर्जर,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकेश राजावत, ब्लॉक प्रवक्ता सुरेश राजावत,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पंकज शर्मा, पार्षद अभिषेक कटारा, ब्लॉक उपाध्यक्ष नंदराम शर्मा, विष्णु कटारा, मुकेश टाइगर, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष गोपी राम मुदगल, तथा अन्य भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधान नीतू नवल किशोर गुर्जर ने पंचायत समिति कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास पंचायत समिति प्रधान नियत समय सुबह 9.30बजे कार्यालय पहुंची और 9.50मिनट पर कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें अतिरिक्त विकास अधिकारी अनिल डागुर, सहायक विकास अधिकारी अनिल शर्मा, पंचायत प्रसार अधिकारी दाऊदयाल शर्मा, कनिष्ठ लिपिक , कनिष्ठ लिपिक शुभम शर्मा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नंदकिशोर, एवं एक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही मौजूद मिले इनके अलावा विकास अधिकारी काजल शर्मा सहित, कैशियर, लेखा शाखा तथा अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले। प्रधान नीतू नवल किशोर गुर्जर से बात करने पर बताया कि जनता द्वारा शिकायत मिलने पर मैने 7दिवस पूर्व समय पर आने , जनता की समस्याओं का समय निपटारा करने तथा औचक निरीक्षण के लिए कहा था उसके बाद भी आज कोई भी न तो विकास अधिकारी और न ही कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित मिले। इस गंभीर समस्या एवं लापरवाही के बारे में जिला कलक्टर भरतपुर तथा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी जाएगी। रूपबास उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल से मोबाइल बात करने पर उपखण्ड अधिकारी विष्णु बंसल ने स्वयं के छुट्टी पर होने की बात कही तथा फोन द्वारा अनुपस्थित रहने की बात पर कहा कि अधिकारी हो या कर्मचारी हेडक्वार्टर पर रहना तथा कार्यालय समय पर पहुंचना आवश्यक है।

# 108 कुण्डीय यज्ञ महोत्सव के पत्रक का हुआ विमोचन
## गाय का शुद्ध देशी घी व जड़ी बूटियों से लगेंगी यज्ञ में आहुतियां

बढ़ता राजस्थान



**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कस्बे के निजी मैरिज होम लक्ष्मी पैलेस में 19मार्च बुधवार को आर्यसमाज द्वारा आयोजित 108कुण्डीय महोत्सव कार्यक्रम के पत्रक का विमोचन किया गया। साथ ही कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

आर्यसमाज की मंत्री सुनयना आर्या ने बताया कि दिनांक 31मार्च सोमवार को लक्ष्मी पैलेस में आयोजित 108कुण्डीय यज्ञ महोत्सव के इस कार्यक्रम में 216 से भी अधिक यजमानों को गाय के देशी घी एवं उत्कृष्ट सामग्री से आहुतियां देने का अवसर प्राप्त होगा। आर्यसमाज की यज्ञ व सत्संग प्रमुख राधा आर्या ने बताया कि यज्ञ एक पावन-पुनीत संसार का श्रेष्ठतम कर्म है। अत: इस महायज्ञ में आहुतियां देने के लिए हमें सारे कार्यों को छोड़कर प्राथमिकता देनी चाहिए।यजमान बनने के लिए शीघ्रता से पंजीकरण करावें। यज्ञ के पश्चात भजन सम्राट श्रीमान संदीप आर्य गिल द्वारा भजन संध्या का रोचक कार्यक्रम की जानकारी आर्यसमाज की कार्यकर्ता मधु आर्या ने दी।इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी लोगों को अपनी सनातन वैदिक परंपरा अग्निहोत्र से जोड़ना है।कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप आर्य ने बताया कि ऐसा भव्य कार्यक्रम बयाना क्षेत्र में पहली बार हो रहा है। अत: इसके पुण्य लाभ को प्राप्त करने का प्रयास सभी मिलकर करें।यह कार्यक्रम सभी का है अत: सभी का दायित्व है इसे सफल बनाना। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं, पुरुषों व युवाओं ने यजमानों के अधिक से अधिक पंजीकरण की ज़िम्मेदारी ली तथा कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। सभी ने संकल्पबद्ध होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का और नववर्ष की शुरुआत भव्य एवं पवित्र कर्म यज्ञ के साथ करने का प्रण लिया।

आर्यसमाज कोषाध्यक्ष परमसुख आर्य ने यज्ञ कुण्डों की सारी व्यवस्था संभालने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए और कहा कि प्रत्येक यज्ञ कुण्ड पर व्यवस्था की दृष्टि से एक-एक आर्यवीर व आर्यवीरांगना को नियुक्त करने का प्रयास किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से पार्षद कमल आर्य, साहबसिंह, मानसिंह आर्य,अनिल लोहिया, बाबूलाल रावत,कैलाश आर्य,केतन सिंघल, आचार्या हेमलता शास्त्री,लक्ष्मी बंसल, कमलेश आर्या,गीता आर्या, इन्द्रा आर्या,तारा सिंघल,सुषमा सिंघल,रजनी गुप्ता, राधा अग्रवाल ,बबीता जैन,सपना गोयल, तृप्ति वर्मा, निहाल आर्य, पारस आर्य, केशव आर्य,आशीष आर्य, विशाल आर्य और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# विश्व फार्मेसी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** श्री हरिदत्त फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मेसी दिवस के उपलक्ष्य में विविध खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। फार्मेसी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है, जिसमें दवाओं का निर्माण, नियंत्रण व वितरण समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट आलभ्य शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी हरिदत्त शर्मा ने की। कार्यक्रम का कुशल संचालन विनोद छारिया द्वारा किया गया।

वाद-विवाद, रंगोली, भाषण, खेल आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारत स्तर की प्रतियोगिता में भी कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर डी. फार्मेसी विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

क्विज प्रतियोगिता में अभिषेक चाहर, संदीप, हर्षित एवं दीपक विजयी रहे। दो डिबेट प्रतियोगिताओं में विषय थे 1. एंटीबायोटिक्स का प्रयोग करना चाहिए अथवा नहीं। 2. एलॉपथी और आयुर्वेदिक में ज्यादा बेहतर कौन? इन प्रतियोगिताओं में निकिता, गुरदीप, दीपक, संदीप कमल, राहुल गेरा ने बाजी मारी। क्रिकेट मैच में फार्मेसी द्वितीय वर्ष विजयी रही, जिसकी कप्तानी दिगम्बर सिंह ने की। बैडमिन्टन की प्रतियोगिता निकिता और दीपक ने जीती। रेस में सचिन प्रथम स्थान पर रहा और रिले रेस में कमल, गुरदीप, संदीप और सचिन विजयी रहे।

इस अवसर पर सुनील कुमार, बनवारी लाल, विवेक लोधा, डा. सन्जू शर्मा, प्रगति आदि उपस्थित रहे।

# बाड़ी तथा सरमथुरा में खाद्य व्यापारियों को दिया फॉस्टैक प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा महोदय के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फॉस्टैक ट्रेनिंग फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को बाड़ी और सरमथुरा में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि प्रशिक्षण में बाड़ी और सरमथुरा के सभी खाद्य कारोबारियों को एफ एस एस ए आई टीम ने निशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकुल गुप्ता ने खाद्य व्यापारियों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की संरचना और कार्यप्रणाली कि जानकारी के साथ-साथ लाइसेंस का महत्व एवं लाइसेंस नंबर की पूर्ण जानकारी भी दी, जिससे खाद्य कारोबारी किसी भी लाइसेंस नंबर से उसके राज्य, जिले एवं अन्य सभी जानकारियां खुद समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में पैकेज्ड फूड मटेरियल से संबंधित सभी नियमों की जानकारी, प्रत्येक पैकेज मटेरियल के लेबल पर लिखे जाने वाले अनिवार्य बिन्दुओं की जानकारी, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम की जानकारी एवं उनके पालन का तरीका बताया गया। मिलावट के प्रकार और उन्हें पहचानने के तरीके समझाए गए साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य उपलब्ध करवाने में बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया। फूड हैंडलिंग तथा स्वच्छता संबंधी सभी नियमों के पालन के तरीके भी बताए गए। इस दौरान बाड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, सरमथुरा व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम गोयल, सतीश मंगल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र जॉच शिविर में 147 रोगियों की हुई जांच




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अंधता निवारण समिति व संकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से स्थानीय भारत विकास परिषद शाखा की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 147 रोगियों के नेत्रों की जांच की गई। शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा नेत्रों की समस्या से ग्रस्त 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के कुल 147 रोगियों की जांच की गई, जिनमें 33 रोगी मोतियाबिन्द ग्रसित पाये गए, जिन्हें आधुनिक तकनीक द्वारा शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर में नि:शुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए रवाना किया गया। साथ ही गत शिविर के अंतर्गत आपरेशन हुए 59 रोगियों को नि:शुल्क नेत्र दृष्टि चश्में भी वितरित किए गए। शाखा सचिव डा. विजय पहाडिया के अनुसार आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किए गए रोगियों के भोजन, आवास एवं परिवहन की सुविधा भी नि:शुल्क रहेगी तथा उन्हें नि:शुल्क दवाईयां व चश्मे भी दिए जाएंगे। शिविर में शाखा के देवकीनंदन सोनी, ताराचंद गोयल, नीरज शर्मा, राजेश गोयल, प्रतीक मित्तल, शेरसिंह सैनी, हेमन्त पाण्डेय, बृजेश जिंदल, राजू गर्ग, डा. विजय पहाडिया, निक्कू सोनी, रमेश गर्ग, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शीतला मेला ब्रह्मबाद में श्रद्धालुओं से हुई बदसलूकी
## महिलाओं से छेड़छाड़ व वाहनों में करी तोड़फोड़, घटना रात 3.00 बजे की

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना कस्बे के ब्रह्मबाद गांव में चल रहे शीतला माता मेले में एक गंभीर घटना सामने आई है। बरसाना से आए श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय युवकों ने मारपीट की और उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। घटना गुरुवार तड़के 3 बजे की है। बरसाना से आए करीब 50-60 श्रद्धालु मेला परिसर की एक धर्मशाला में ठहरे थे। वे भजन-कीर्तन कर रहे थे। इसी दौरान लाठियों से लैस 8-10 युवक धर्मशाला में घुस आए। उन्होंने भजन पर नृत्य कर रही महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। श्रद्धालुओं ने जब इसका विरोध किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। युवकों ने धर्मशाला के बाहर खड़ी श्रद्धालुओं की आधा दर्जन गाड़ियों के शीशे भी तोड़ दिए। इससे मेला परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रुदावल थाना पुलिस और ग्राम पंचायत प्रशासन मौके पर पहुंचा। करीब दो घंटे की वार्ता के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। युवकों के परिजनों ने गाड़ियों की तोड़फोड़ से हुए नुकसान की भरपाई कर दी। रुदावल थाना एसएचओ बालकृष्ण के अनुसार, किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। बरसाना के देवपुरा गांव के मुकेश ठाकुर ने बताया कि वे हर साल की तरह इस बार भी 8-10 वाहनों से शीतला माता के दर्शन के लिए आए थे।

# कंज्यूमर कांफेंडरेशन आफ इंडिया के राज्य सचिव निर्वाचित हुये बृजेन्द्र चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** गाँव जटवलाई निवासी बृजेन्द्र चौधरी कंज्यूमर कांफ्रेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) के राजस्थान सचिव निर्वाचित किये गये। जयपुर में सीसीआई के राष्ट्रीय चीफ पोर्टन डॉ अनंत शर्मा एवं देश व प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ की मौजूदगी में यह चुनाव सपन्न हुआ। जिसमें बृजेन्द्र चौधरी को राजस्थान सचिव की जिम्मेदारी दी गई। बृजेन्द्र चौधरी पहले सीसीआई के सदस्य थे अब उनको राजस्थान सचिव बनाया गया है। चौधरी ने कहा कि जो ये नई जिम्मेदारी मुझे मिली है मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से इसे निभाउंगा। सीसीआई के राष्ट्रीय पदाधिकारियों को विश्वास दिलाता हूँ कि उन्होंने जो ये जिम्मेदारी देकर मुझ पर विश्वास किया है उसे टूटने नही दूँगा।

# प्रोटेक्शन वारंट पर मोटरसाइकिल चोर व एक को अवैध मदिरा के साथ किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। भुसावर थाना पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लोकल व स्पेशल एक्ट में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना अधिकारी नरेश चंद्र शर्मा द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब बेचते हुए थाना क्षेत्र के को गहरा निवासी नरेश सिंह पुत्र सियाराम जाति राजपूत को 96 पव्वा के साथ गिरफ्तार किया है। भुसावर थाना अधिकारी नरेश चन्द्र शर्मा द्वारा साहब सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना क्षेत्र के 2019 में चोरी गई बोलोरो के वंचित आरोपी दौसा जिले के महुआ थाना क्षेत्र के पलानहेडा( मचान का पूरा) निवासी खुशी राम पुत्र तुलसीराम जाति मीणा को प्रोटेक्शन वारंट पर दोसा जिला कारागार से प्रकरण में गिरफ्तार किया है!

# अखिल भारतीय कोली समाज के जिला अध्यक्ष बने विष्णु महावर

बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर (गोपाल पाठक)।** नगर पालिका वैर के चेयरमैन विष्णु महावर को अखिल भारतीय कोली समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ वाई एन वर्मा, प्रदेश महामंत्री सीएस वर्मा, प्रदेश मंत्री कैलाश महावर के हस्ताक्षरों से जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया है कि अखिल भारतीय कोली समाज राजस्थान प्रदेश कोली समाज के उत्थान एवं संस्था के प्रति समर्पण भावना एवं संगठनात्मक रुचि को देखते हुए अखिल भारतीय कोली समाज राजस्थान नई दिल्ली सामाजिक संस्था शाखा राजस्थान का विष्णु महावर को भरतपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही महावर को निर्देशित



किया गया है कि अखिल भारतीय कोली समाज( रजिस्टर्ड) नई दिल्ली सामाजिक संस्था के संविधान के अनुसार कार्य एवं प्रोटोकॉल का पालन करेंगे तथा सक्रिय सहयोग देकर पद की गरिमा बनाए रखते हुए दिए गये उत्तरदायित्व का निर्वाह करेंगे।

विष्णु महावर को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर समाज एवं कस्बा वैर के नागरिकों ने उनका स्वागत किया है।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

## विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन, महिला बंदियों को सिलाई मशीन एवं बंदियों को गर्मियों के लिए मटकियां भेंट




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान के तहत गुरुवार को अभय जैन और विशाल भार्गव ने जिला कारागृह, भीलवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठौड़ और जेल चिकित्सक अभिषेक शर्मा से बंदियों के स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बंदियों की स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही, जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

विधिक सेवा शिविर के दौरान अभय जैन ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जेल परिसर और बैरकों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें ताकि स्वस्थ वातावरण बना रहे। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं हैं, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान, जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने वहां की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया और आवश्यक निर्देश दिए।

**रोटी मेकर मशीन का उद्घाटन एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन :** इस अवसर पर बंदियों के भोजन व्यवस्था को सुचारू करने के लिए रोटी मेकर मशीन का उद्घाटन किया गया। बंदियों के अच्छे स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अस्पताल प्रशासन के सहयोग से एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।

### महिला बंदियों को सिलाई मशीन एवं ठंडे पानी के लिए 50 मटकी भेंट

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल मीरा संस्था की अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजु पोखरना, मंजु बाफना, आभा जाजू और तेरापंथ महिला मंडल के सहयोग से महिला बंदियों को चार सिलाई मशीनें भेंट की गईं। इसके अलावा, गर्मियों को ध्यान में रखते हुए बंदियों के लिए 50 मटकियां एवं एक वजन मापने की मशीन प्रदान की गई।

इस निरीक्षण के दौरान जेलर हिरालाल गुर्जर, निर्मल दुग्गड़, मनोज व्यास एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# रेखा हिरण के लोकसभा गया दौरे में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर जोर

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/गया, बिहार ।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी रेखा हिरण ने अपने पहले लोकसभा गया जिले के दौरे पर जोरदार स्वागत प्राप्त किया। गया जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पिंकी सिंह और गया जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उनका अभिनंदन किया गया। रेखा हिरण ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देशों का पालन करते हुए गया जिले की वजीरगंज विधानसभा के विभिन्न ब्लॉकों और पंचायतों में महिलाओं से संवाद किया। इस दौरे का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करना था। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर चलाए गए सदस्यता अभियान से प्राप्त फंड के उपयोग पर चर्चा की, जिसे महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने में लगाया जाएगा। इसके तहत, जीविका, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों की महिलाओं को कांग्रेस संगठन से जोड़ा जाएगा, जिससे आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में महिला सशक्तिकरण की झलक दिखे।

**महिला संवाद और संगठनात्मक बैठकों का आयोजन :** रेखा हिरण ने वजीरगंज ब्लॉक की कुंजी पंचायत, मखदुमपुर, महूगाईं, रसालपुर, चंदाबुजुर्ग और प्राणपुर में महिला संवाद आयोजित किया। साथ ही मानपुर ब्लॉक की सन्नोत एवं दोहरी पंचायतों में भी महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में वजीरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शशि शेखर, गया जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामाश्रय सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**महिला संगठन को लेकर बौद्धगया में विशेष चर्चा :** रेखा हिरण ने बौद्धगया में गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. गगन मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष के साथ बैठक कर महिला संगठन को और प्रभावी बनाने के विषय पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें सत्कार सम्मान भी दिया गया। रेखा हिरण ने इस दौरे में कांग्रेस संगठन को मज़बूती देने और महिला उत्थान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस संगठन की मजबूती से ही आगामी चुनावों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

## सर्व समाज, विविध संगठनों की बैठक आयोजित

# हिंदू नव वर्ष, चैत्र प्रतिपदा पर चित्तौड़गढ़ में समारोह पूर्वक होंगे, तीन दिवसीय आयोजन


बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ (रेखा खाबिया)।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में हिंदू नव वर्ष स्वागत आयोजन समिति द्वारा 28 से 30 मार्च तक तीन दिवसीय आयोजन समारोह पूर्वक किए जाएंगे। सर्व समाज एवं विविध संगठनों की सर्वसम्मत राय से समारोह को भव्यता प्रदान करने के लिए वृहद स्तरीय तैयारीयां की जा रही है। समारोह में भागीदारी करने वाले विविध संगठनों,विद्यालयों और सामाजिक व धार्मिक संगठनों एवं झांकियों को हिंदू नव वर्ष स्वागत आयोजन समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे । आज यहां श्रीनाथ गार्डन में आयोजित सर्व हिंदू समाज व समस्त सामाजिक संगठनों एवं विविध संगठन व संस्थाओं की बैठक आयोजित की गई। मंचासीन दिनेश चंद्र भट्ट, अनिरुद्ध सिंह भाटी, कैलाश चंद्र गुर्जर सामरी के आतिथ्य में आयोजित बैठक में तीन दिवसीय आयोजन को भव्यतम एवं सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया एवं विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में मौजूद समाजों व संगठनों के गणमान्य जनों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इस मौके पर सभी प्रतिनिधियों द्वारा पत्रक का विमोचन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति संयोजक अभिषेक मूंदड़ा रुद ने बताया कि प्रथम दिवस 28 मार्च शुक्रवार को सायंकाल विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा , जिसमें ख्यात नाम कवियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी। सहसंयोजक बालमुकुंद सोमानी व सुनील ढीलीवाल ने बताया कि शनिवार 29 मार्च को सायंकाल 4:30 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम से मातृशक्ति वाहन रैली प्रारंभ होगी। जो भीलवाड़ा रोड, कलेक्ट्रेट, रोडवेज बस स्टैंड, नगर पालिका कॉलोनी, महाराणा प्रताप सेतु मार्ग, चंद्र लोक टॉकीज, पाडनपोल, मिठाई बाजार, सदर बाजार व गोलप्याऊ होकर सुभाष चौक पहुंचेगी। जहां मातृशक्ति व बहनों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात सायं काल 7:30 बजे सुभाष चौक पर दीपदान व भारत माता की आरती की जाएगी एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। आयोजन की सहसंयोजिका जया तोषनीवाल ने बताया कि रविवार 30 मार्च को प्रातः वर्ष प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के स्वागत हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर मातृशक्ति द्वारा मंगल तिलक करके नीम, मिश्री व काली मिर्च का प्रसाद वितरित कर शुभकामनाएं दी जाएगी। इसी दिन सायंकाल 4:30 बजे मुख्य समारोह के रूप में इंदिरा गांधी स्टेडियम से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# धार्मिक स्थलों पर अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण कर रहे लाउडस्पीकरों की गाइड लाइन की पालना करने की विधायक कोठारी ने उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की तेज आवाज को गाइड लाइन की पालना करते हुए नियंत्रित किए जाने की मांग को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, वर्तमान में लाउडस्पीकरों की तेज आवाज तय मानकों से अधिक रहने से आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को काफी असुविधा होती है और विशेषकर नवजात शिशुओं, विद्यार्थियों, गर्भवती महिलाओं, मरीजो और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए उत्तर प्रदेश व अन्य सरकारो द्वारा धार्मिक स्थलों पर लगे हुए ऐसे लाउडस्पीकरों जो तय मानकों से ज्यादा ध्वनि उत्पन्न कर रहे थे, उनको गाइड लाइन की पालना करते हुए हटाया गया। राजस्थान सरकार को भी इसी प्रकार तय मानकों से ज्यादा तेज आवाज कर रहे लाउडस्पीकरों को लेकर दिशा निर्देश जारी करने चाहिए और अवमानना पर पर उत्तर प्रदेश व अन्य सरकारो की तर्ज पर ऐसे लाउडस्पीकर को हटाने चाहिए। विदित रहे कि अभी विद्यार्थियों के सीबीएससी और आरबीएससी की परीक्षाएँ चल रही हैं एवं लाउडस्पीकरों की तेज ध्वनि के कारण विद्यार्थियों को पढ़ने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) एवं अनुच्छेद 21 के तहत हर नागरिक को बेहतर वातावरण में शांतिपूर्ण जीवन जीने का मौलिक अधिकार है, इसको मद्देनजर रखते हुए माननीय न्यायालयों द्वारा भी जनहित में निर्णय पारित किये गये हैं। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 18 जुलाई 2005 को ध्वनि प्रदूषण पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि देश के हर व्यक्ति को शांति से रहने का आधिकार है, जो उसके जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है, माननीय कोर्ट ने उस समय साफ किया था कि लाउडस्पीकर या अन्य तेज आवाज का होना किसी के जीवन के अधिकार से ऊपर नहीं हो सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में सार्वजनिक स्थल पर लाउडस्पीकर के आवाज का पैमाना तय किया था। कोर्ट ने कहा था कि सार्वजनिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज उस क्षेत्र के लिए तय शोर के मानकों से 10 डेसिबल (ए) से ज्यादा नहीं होगी या फिर 75 डेसिबल (ए) से ज्यादा नहीं होगी। इसी के साथ माननीय कोर्ट ने यह भी साफ किया था कि, जहां भी तय मानकों का उल्लंघन हो, वहां सरकारे लाउडस्पीकर को हटवाकर या जब्त कर जनता को राहत प्रदान करें।

# मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा रूडसेट सुवाणा में मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना का मुख्य उद्देश्य रोजगार व आजीविका के क्षेत्र मे महिलाओं के योगदान को बढ़ाना, आत्म निर्भर व स्वावलम्बी बनाने के अवसर उपलब्ध कराना है। महिला पर्यवेक्षक मीनल विजयवर्गीय ने बताया कि योजना के तहत महिलाओं को उनकी अभिरूचि एवं क्षमताओं को ध्यान में रखते हुये वर्क फ्रॉम हॉम जॉब वर्क से जोड़ना है, साथ ही तकनीकी, कौशल एवं अन्य किसी क्षेत्र में दक्ष महिलायें जो इच्छुक है उनको राजकीय विभागों, स्वायत्तशाही संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र में वर्क के अवसर उपलब्ध कराना है। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से केंद्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बताया कि ऐसी निजी इकाई जो अधिकाधिक संख्या में महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क प्रदान करती है, उस निजी इकाई का विज्ञापन वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क पोर्टल पर निःशुल्क प्रदर्शित किया जायेगा। ऐसी निजी इकाई जो महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क प्रदान करती है एवं इस प्रकार दिये गये कार्य हेतु महिला का भुगतान पांच हजार हो तो उसे प्रशिक्षण शुल्क के तौर पर प्रति प्रशिक्षणार्थी तीन हजार रुपये प्रशिक्षण प्रोत्साहन के रूप में दिये जायेंगे। किन्तु प्रशिक्षण प्रोत्साहन राशि का भुगतान महिला प्रशिक्षणार्थी को निजी इकाई द्वारा आफर लेटर देने के पश्चात् ही दिया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के मास्टर ट्रेनर द्वारा पोषण की पढ़ाई व ट्रेनिंग एवं डाटा अपडेशन के विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

# अपनी वीरता से अंग्रेजी हुकूमत को हिलाने वाली शहीद वीरांगना रानी अवंती का 167वाँ बलिदान दिवस मनाया




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाली सन् 1857 की क्रांति की प्रणेता, रामगढ़ मंडला की रानी, अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती के 167वें बलिदान दिवस पर युवा क्षत्रिय लोधा समाज विकास समिति चित्तौड़गढ़ ने सैंती में गली नं. 7 के यहाँ अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती लोधा सर्किल पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

समाज सेवी शिवप्रकाश लोधा ने कहा कि देश को आजाद कराने में हजारों क्रांतिकारियों का बलिदान रहा है जिसमें मध्यप्रदेश के रामगढ़ मंडला की महारानी अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके 167वें शहीद दिवस पर सभी समाजजनों ने पुष्प माला, दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। वीरांगना महारानी अवंती 1857 के रेवांचल के मुक्ति आन्दोलन की सूत्रधार थी। अंग्रेजो के कई प्रलोभन को ठुकरा कर सेनानी बनी। अंग्रेजों को नंगे पांव युद्ध स्थल से भागना पड़ा। महारानी अवंती ने अंग्रेजों से युद्ध के दौरान राजाओं को चिट्ठी लिखी, चूड़ियां और सिंगार भेजा। नारी साहस को देखकर राजाओं में ऊर्जा का संचार दिखा। अंग्रेजों के जीते जी पकड़ने के मंसूबे को महारानी अवंती ने चकनाचूर कर दिया और अपनी वीरता की छाप छोड़ कर क्रांति को पूरे भारत में फैलाने में महत्ती भूमिका निभाई।

इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष शिव लोधा, सोहन लोधा लालजी का खेड़ा, नारू लोधा लक्ष्मीपुरा, रामलाल बिलिया, राजकुमार पंचवटी, बदरी मानपुरा, रामराज चन्देरिया, दुर्गाशंकर धनेतकलां, हरीश घोसुंडा, चुनीलाल, रमेश, जसराज, कालू, ईश्वर, गोरधन, फुलचंद, राजेंद्र, चांदमल, नारू, लोकेश, शंकर, अशोक, मिठू , प्रकाश, देवीलाल, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

# गो सेवा सबसे बड़ी सेवा : विकसित मुनि जैन समाज द्वारा गो शाला में सेवा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** आगम ज्ञाता विकसित मुनि महाराज एवं नवकार मंत्र आराधक वीतराग मुनि महाराज के पावन सानिध्य में समस्त जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं द्वारा गांधीनगर गोशाला में गो सेवा कार्यक्रम संपन्न हुआ । उपस्थित जन ने गायों को लपसी और हरा चारा खिलाकर भगवान महावीर के संदेश जीओ और जीने दो को चरितार्थ करने का दायित्व निभाया। नवकार मंत्र के साथ प्रारंभ हुए गो सेवा कार्यक्रम में जैन संतों के कर कमलों से गो सेवा प्रारंभ हुई जिसमें सभी ने श्रद्धा भाव से सहभागिता की।इस अवसर पर श्रमण संघ अध्यक्ष किरण डांगी, मंत्री प्रदीप बाबेल,श्री जैन दिवाकर संगठन समिति अध्यक्ष राजेश सेठिया,मंत्री सुधीर जैन,कोषाध्यक्षअनिल पटवारी ,श्री जैन दिवाकर महिला परिषद अध्यक्ष संगीता चिप्पड़,मंत्री स्मिता तरावत,जैन कांफ्रेंस प्रांतीय कोषाध्यक्ष अंगूर बाला भड़कतिया, ,मंत्री सरोज नाहर,मनसुख पटवारी,सुनील सिपानी,राकेश सेठिया,विजय मालू ,आशा पोखरनाआशा चिप्पड़, पदमा पगारिया, महावीर कांठेड़,अशोक बोहरा,निशा सिंघवी, वीरेंद्र पगारिया,कमलेश सिंघवी,गणपत डागलिया, माणक सिपानी,अमित नाहर,दिनेश मेहता,आदि सम्मिलित रहे।

# प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला मातारानी के दरबार में भजन संध्या एवं बगड़ावत सहित महाभंडारे का आयोजन होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र में स्थित पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर आयोजित होने वाले चैत्रीय नवरात्रि मेले में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु भजन संध्या एवं बगड़ावत मंचन कार्यक्रमों सहित दूरदराज से आगंतुक मुला मातारानी के भक्तों हेतु महाभंडारे का आयोजन किया जायेगा।

मुला माता मंदिर समिति कपासन अध्यक्ष एवं पुर्व नगर पालिका पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि आगामी 30 मार्च से 7 अप्रैल तक नगर कपासन के राजमार्ग स्थित पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला मातारानी के दरबार में आयोजित होने वाले नो दिवसीय धार्मिक मेले में दूरदराज से आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं हेतु नो दिनों तक प्रतिदिन महाभंडारे में प्रसाद उपलब्ध रहेगा। साथ ही नो दिवसीय धार्मिक मेले में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु मेले के रंगमंच पर प्रतिदिन रात्रि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।जिसके अंतर्गत 30-31 मार्च बालूराम गाडरी एंड पार्टी सिंदेसर कलां द्वारा लोकगाथा पर आधारित बगड़ावत मंचन,1 अप्रैल गोपाल राव एंड पार्टी कांकरोली द्वारा भजन संध्या, 2 अप्रैल जय म्यूजिकल ग्रुप निम्बाहेड़ा द्वारा भजन संध्या,3 अप्रैल बालूराम गाडरी एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत मंचन,4 अप्रैल किशनलाल पनोतिया एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत मंचन, 5 अप्रैल को एक शाम मुला माताजी के नाम भजन संध्या,6 अप्रैल यश म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या,7 अप्रैल आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# कक्षा 8 बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कपासन के विद्यार्थियो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** क्षैत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिंहपुर परीक्षा केंद्र पर पंजीकृत कक्षा 8 बोर्ड के विद्यार्थियो की परीक्षा का गुरुवार को शुभारम्भ हुआ।जिसमे परीक्षार्थियों द्वारा द्वारा समयानुसार उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया गया। केंद्राधीक्षक यशोदा सालवी ने बताया कि ब्लॉक क्षैत्र में स्थापित परीक्षा केंद्र सिंहपुर,बनाकिया खुर्द, झूंपड़ीया,भंवरकिया,छापरी,माताजी का खेड़ा, कांकरिया,मोडा खेड़ा,समरथपुरा में कक्षा 8 की परीक्षा हेतु कुल 246 परीक्षार्थी पंजीकृत है। इस दौरान अतिरिक्त केंद्राधीक्षक मंगतूराम चौधरी द्वारा परीक्षार्थियों को भय रहित प्रश्न पत्र हल करने के उपाय बताए तथा व्याख्याता भेरूलाल चौधरी द्वारा परीक्षा पूर्व आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुवे परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा केंद्र पर समयानुसार उपस्थित होने हेतु प्रेरित किया गया।इस मौके पर उपस्थित परीक्षार्थियों को स्वागत अभिनंदन बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।यहां परीक्षा केंद्र पर प्रथम दिवस 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने किया सिलीसेढ झील के आसपास के क्षेत्र एवं नगर विकास न्यास कार्यालय का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने गुरूवार को अलवर के दौरे पर रहकर सिलीसेढ झील के आसपास के क्षेत्र एवं नगर विकास न्यास कार्यालय का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने सिलीसेढ झील के आसपास क्षेत्र का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिलीसेढ झील के प्राकृतिक सौन्दर्य को बनाये रखने के लिए झील का संरक्षण अति आवश्यक है। अत: सुनिश्चित करें कि इसके भराव एवं बहाव क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होवे। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध अतिक्रमण का चिन्हिकरण कर उसे हटाने की कार्रवाई करें। इससे पहले मंत्री डॉ. मीणा ने नगर विकास न्यास कार्यालय पहुंचकर विगत दिनों आमजन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों से फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण कार्यों की रोकथाम हेतु निष्पक्ष रूप से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी के उप सचिव से नगर विकास न्यास द्वारा की जा रही कार्रवाईयों की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. मीणा ने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान पूर्व मंत्री नसरू खान, एडीएम प्रथम श्री मुकेश कायथवाल, यूआईटी के उप सचिव श्री सोहन सिंह नरूका, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता श्री संजय खत्री सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## वमनपुरा में नाली विवाद को लेकर फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** वमनपुरा में नाली विवाद को लेकर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने वमनपुरा निवासी विज्जो गुर्जर को हिरासत में लिया है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा के अनुसार, घटना 15 मार्च को हुई थी। नाली के विवाद को लेकर हुए झगड़े में आरोपियों ने पिल्लू गुर्जर पर फायरिंग कर दी थी। इस हमले में पिल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया था।पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार आरोपी विज्जो के खिलाफ सदर थाने में पहले से ही दो अन्य मामले दर्ज हैं।इस कार्रवाई में एएसआई रजन लाल, हैड कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश, भल्लू सिंह, प्रधान, हेमेंद्र और संजय सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## ध्यान और आत्मिक शक्ति मानसिक संतुलन में सहायक



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** सी आई एफ में ब्रह्मा कुमारीज के सर्विस सिक्योरिटी विंग के द्वारा स्व सशक्तिकरण से राष्ट्रीय सशक्तिकरण अभियान पहुंचा कमांडेंट विवेक रेड्डी जी ने अभियान यात्रियों का वेलकम कर कार्यक्रम की सराहना की।इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संगठन के कर्नल भुवन चंद्र सती ने कहा ध्यान और आत्मिक शक्ति हमारे व्यस्त जीवन में हमारे मन को मजबूत बनाती है और हमारा व्यक्तित्व सकारात्मक बनता है जिसका प्रभाव दूसरों पर भी पड़ता है.सती भाई जी ने अपने जीवन का अनुभव भी सबसे साझा किया किस प्रकार आर्मी में रहते हुए उन्होंने आध्यात्मिक शक्ति से उग्रवादियो को भी प्रेमपूर्वक सही राह पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया.ब्रह्माकुमारी मीनाक्षी बहन ने सशक्त बनने के लिए उपाय बताएं जिसमें आत्मिक स्थिति का अभ्यास, नियमित रूप से ज्ञानवर्धक बातों को सुनना एवं पढ़ना और मेडिटेशन करना है ,ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहन ने बहुत ही सुंदर राजयोग का अभ्यास सभी को कराया तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी अंकिता बहन ने सभी जवानों को नियमित रूप से राज्यों का अभ्यास सीखने के लिए सेवा केंद्र पर आने के लिए निमंत्रण दिया और सभी का धन्यवाद किया. कार्यक्रम के अंत में कमांडेंट विवेक रेड्डी सर ने सभी ब्रह्मा कुमारीज के वक्ताओ को मोमेंटो भेट किया तथा ब्रह्माकुमारीज की ओर से सभी को प्रसाद और स्लोगन दिया गया कार्यक्रम में 250 जवानों ने भाग लिया. विशेष माउंट आबू से पधारे करनल सती ,दिल्ली से पधारी हुई ब्रह्माकुमारी मीनाक्षी एवं पूर्णिमा बहन और विपुल भाई के साथ-साथ रावतभाटा से ब्रह्माकुमारी अंकिता बहन , ब्रह्माकुमारी लवीना बहन ,ब्रह्माकुमारी चित्रा बहन एवं ब्रह्माकुमारी काजल बहन मौजूद रहे ।

# गंगा नदी की तर्ज पर देवली में बनास नदी की आरती का आयोजन प्रारंभ हुआ

### गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम ने सर्वप्रथम पवित्र बनास नदी की आरती की शुरुआत की

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** बुधवार को स्थानीय बोयडा गणेश जी की पवित्र बनास नदी की आरती की गई इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने बनास नदी घाट पहुंचकर आरती कार्यक्रम में भाग लिया और भव्य आरती के दर्शन किए ।

इस मौके पर गणेश जी मंदिर के मुख्य पुजारी रामस्वरूप मीणा, पप्पू लाल मीणा, राधाकांत जोशी, भानु शर्मा ,दुर्गालाल, देवराज शर्मा, सहित कई पंडितों ने गंगा नदी की तर्ज पर पवित्र बनास नदी की आरती की, बुधवार से बोयडा गणेश जी के यहां स्थित बनास नदी के घाट पर मां बनास नदी की आरती प्रारंभ हो चुकी है जो कार्यक्रम समिति और श्रद्धालुओं के अनुरूप जारी रहेगी। इस अवसर पर पंडित मुकेश गौतम ने कहा कि नदियां तो हमारे लिए जीवन दायिनी होती है। क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है ।इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वाले भामाशाह इंजीनियर नवल जी मंगल पंडित मुकेश गौतम पंकज शर्मा मंदिर ट्रस्ट और गणेश मंदिर के पुजारी की



मेहनत और लगन एवं आस्था से पवित्र बनास नदी की आरती का कार्यक्रम बेहद सफल और आस्थापूर्वक रहा। इस सफल बनाने में अनिल भानु ग्वाला,प्रमोद मंगल सहित कई कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया ।आस्था से जुड़े इस कार्यक्रम में दूनी के भाजपा अध्यक्ष अतुल पाराशर ने बोयडा गणेश जी के दर्शन किए इस मौके पर पुजारी रामस्वरूप मीणा ने माला पहनाकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

### परिवार मेरा तेरे हवाले खाटू वाले औ खाटू वाले....

## ब्यावर में मेला मेरे श्याम का भजन संध्या का आयोजन

### बाबा श्याम का गुणगान करने उमड़े हजारों श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री खाटू श्याम सेवा मंडल ब्यावर के तत्वावधान में विराट भजन संध्या का आयोजन हुआ अजमेर रोड सतपुलिया के पास मोती महल गार्डन में आयोजित भजन संध्या में देशभर में लोकप्रिय भजन गायक कलकत्ता निवासी सौरभ शर्मा, विभा मिश्रा अरिहंत कांकरिया अपने भजनों की सरिता बहाएंगे । भजन संध्या में बाबा का दर्शन,श्रृंगार और गुणगान करने के लिए हजारों श्रद्धालु दरबार में पहुंचे। देर रात तक भक्त संगीत की धुनों के बीच भक्ति गंगा में झूम उठे। कोलकाता के भजन गायक सौरभ शर्मा का भक्तों ने श्याम प्रभु के जयकारें लगाकर स्वागत किया। श्री सौरभ शर्मा से पूर्व ब्यावर के उभरते भजन गायक देश मै ब्यावर का नाम रोशन करने वाले सबके लाडले अरिहंत कांकरिया ने सबसे पहले भगवान गणेश वंदना से की उसके बाद भजन यह सुंदर श्रृंगार सुहाना लगता है, ओ सांवरे ओ सांवरे, मेरा हाथ पकड़ ले रे, फैसला दरबार का गाकर भक्तो को नाचने पर मजबूर कर दिया । भजन सम्राट सौरभ शर्मा ब्यावर में पहली बार बाबा श्याम के दरबार मै बाबा को रिझाने के लिए ही कलकत्ता से ब्यावर आये सौरभ शर्मा ने देर रात्रि अपने भजनो का नजराना बाबा श्याम के दरबार मै भक्तो की उपस्तिथि मै बड़ी दूर से मैं आया तेरे द्वार साँवरे मुझे श्याम यूँ तुम भूला ना सकोगे,हारो का हर दम सहारा खाटू वाला श्याम है,श्याम बाबा श्याम बाबा दया करो तेरे दास पे,श्यामा थारी ओल्यू आवे,देखूं जिधर उधर ही मेरे श्याम का नजारा सहित सुन्दर भजनो पर भक्तो को नाचने पर विवश कर दिया।

# नैनवां नवलसागर को मिली 15 करोड़ की सौगात

### अब टूरिज्म स्पॉट के तौर पर नये लुक में नजर दिखेगा तालाब

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( नि.स. )।** शहर का बड़ा तालाब यानी नवल सागर तालाब के पर्यटन एंव सौन्दर्यकरण के लिए 15 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ है। जिसका तकमीना तैयार कर लिया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से शीघ्र ही नवल सागर पर 15 करोड़ से नया लुक नजर आने लग जायेगा। पूर्व केबिनेट कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी ने गुरूवार को प्रेस वार्ता में बताया कि सीएम के बजट घोषणा में यह 15 करोड़ का कार्य है। जिससे नवल सागर तालाब का सौन्र्दयकरण सहित तकमीना के अनुसार खर्च होगें। जिसमें सौन्र्दयकरण के लिए 9 करोड़ 91लाख,ट्रेक निर्माण के लिए 2करोड़ 78लाख,शुलभ कॉम्पलेक्स के लिए 17लाख 37 हजार,सेनेटरी वर्क्र के लिए 12लाख 57 हजार,ऑपन जीएम के



लिए 24लाख,लेण्ड स्केप के लिए 81लाख रूपये,गणेश घाट विकास के लिए 28लाख 96 हजार,लाईट कार्य 37लाख 47 हजार,सुरक्षा दिवार के लिए 28लाख 96 हजार रूपये खर्च किये जायेगें। टूरिज्म स्पांट- नैनवां ऐतिहासिक नगरी है,जो कॅवर नैनसिंह के नाम से चर्चित है। नैनवां के नवल सागर तालाब पर ऐतिहासिक छतरिया मौजूद है। यहां प्रसिद्व मंशापूर्ण गणेश महाराज मंदिर स्थित है। यहां पर ही कॅवर नैनसिंह महाराज की छतरिया मौजूद है। आज भी नैनवां शहर के अलावा दूर दराज से भी लोग गणेश महाराज एंव कॅवर नैनसिंह के दर्शनार्थ यात्री आते है। ऐसे में पूर्व कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी की पहल पर नैनवां के इस नवल सागर तालाब का सौन्र्दयकरण एंव टूरिज्म स्पॉट बनाये जाने को लेकर सीएम के पास पहल की गई थी। सीएम ने बजट घोषणा में इसके लिए 15 करोड़ का बजट तकमीना बनाया जा चुका है। शीघ्र ही सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निविदा जारी करके अधिकृत फर्म को कार्यआदेश देकर नवल सागर तालाब का सौन्र्दयकरण सहित अन्य कार्य शुरू हो जायेगें।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

### 86 वर्षीय भिकी बाई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश, कलेक्टर खडगावत के आग्रह पर हाथों-हाथ अधिकारियों ने सहायता राशि एकत्र कर भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्ट्रेट के मीटिंग हॉल में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने की। जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से आए नागरिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई एवं उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

**प्रमुख निर्देश एवं निर्णय :** जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने आमजन से प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लिया और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिले में जल आपूर्ति की समस्याओं को देखते हुए अधीक्षण अभियंता को तत्काल टीम भेजकर पाइपलाइन की समस्या हल करने को कहा। प्राइवेट कर्मचारी के ईएसआई भुगतान से संबंधित शिकायत पर बैंक और श्रम विभाग को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारण के आदेश दिए गए। सफाई व्यवस्था को लेकर मकान के पास खाली भूमि पर जमा कचरे की समस्या के समाधान हेतु नगर परिषद आयुक्त को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों द्वारा आधार के साथ खाता खोलने की शिकायत भी प्राप्त हुई। सिलिकोसिस पीड़ित श्रमिक द्वारा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के लिए बिजली बिल भुगतान में परेशानी की शिकायत मिलने पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तुरंत राहत प्रदान करने के लिए कहा। आईटीआई में सूचना उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत पर भी कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित विभाग को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु पाबंद किया।

**विशेष प्रकरण-86 वर्षीय भिकी बाई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश :** जनसुनवाई में भिकी बाई (निवासी- नेहरू गेट, जरिया कॉलोनी, ब्यावर) ने अपने पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा उत्पीड़न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उन्हें घर से निकाल दिया गया है और उन्हें भोजन भी नहीं दिया जाता। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर ने पुलिस एवं उपखंड अधिकारी को त्वरित कानूनी कार्रवाई करने तथा भिखी बाई की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि अखबारों या अन्य माध्यमों से किसी गंभीर समस्या की जानकारी मिलती है तो उस पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व गोरैया दिवस के अवसर पर बच्चों ने परिंदे बांधे देखरेख का लिया संकल्प।

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में स्मार्ट किड्स ग्रुप के नन्हे नन्हे बच्चों ने जगह जगह परिंदे बांधने एवम् उनकी देख रेख करने का अभियान चलाया जानकारी देते हुए ग्रुप संचालक पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि हर साल की तरह बच्चों के हाथों से कॉलोनी में 111 परिंदे सभी पार्क एवम् अन्य जगह बंधवाए जाएंगे परिंदे। अभियान की शुरुवात योग प्रशिक्षक सीमा दुबे ने 51 परिंदे कॉलोनी में घर घर जा कर एवम् कई स्कूलों में कर दी है। ग्रुप की सीमा दुबे,पूजा वर्मा, प्रिया स्वामी ने बच्चो को परिंदों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि गर्मी तेजी के साथ बढ़ रही हैं हमें अपने साथ जब भी घर से निकले 2 बोतल पानी लेकर निकलना चाहिए एक अपने लिए और एक जहां भी परिंदे दिखे उनमें भरने के लिए जिससे पक्षियों की भी प्यास बुझाई जा सके। पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने संकल्प लिया है कि प्रकृति की सुंदरतम रचनाओं में से एक गौरैया पक्षी के संरक्षण हेतु हेतु सार्थक प्रयास करने का संकल्प लिया उन्होंने बताया कि आमजन को परिंदे बांधने एवम् उनमें पानी एवम् अनाज के दाने डालने एवम् उनकी सफाई करने के लिए ग्रुप के सदस्य सक्रिय रहेंगे।

## महिलाओं मे सामूहिक 16 दिन की गणगौर खेलने का सातवा दिन महिलाओं में दिख रहा उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान में गणगौर पर्व धुलण्डी से शुरुआत हो गई है। गुरुवार को गणगौर का सातवा दिन बुधवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर की पूजा-अर्चना की एसडीम कोर्ट के सामने महिलाएं सिर पर जल से भरे कलश और दूब लेकर पूजन स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने भंवर पूजन और गणगौर के भजन गाते हुए विधिवत पूजा कीपूजन में शामिल पिंकी मंगल ने बताया कि गणगौर पर्व 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं और बालिकाएं सज-धजकर पूजा करती हैं। यह पूजा

## शीतला सप्तमी पर मंदिर में उमड़ी महिलाओं की भीड़, माता के प्रसाद के रूप में रात का बनाया ठंडा खाना करती है ग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** होलिका दहन के बाद चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को हर वर्ष शीतला सप्तमी पर्व बड़े हर्ष व उल्लास से मनाया जाता है इस दिन सनातन धर्म के अनुसार भोर की बेला में महिलाएं स्नान कर ,नवीन वस्त्र पहनकर 16 श्रृंगार कर शीतला माता मंदिर जाकर ,माता को कुम कुम,हल्दी ,मेहंदी से भेंट कर माता का श्रृंगार करती है , इसके बाद नारियल , दही ,चावल व एक दिन पूर्व बनाये ठंडे व बासी भोजन का भोग लगाकर विशेष पूजा ,आराधना कर ,अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करती है , शीतला माता पूजन के बाद मंदिर में दीवार पर हल्दी व कुम कुम के छापे लगाती है ,व अपने घर



के मुख्य द्वार पर दोनों और भी छापे लगाती है ,ऐसी मान्यता है कि इससे घर बुरी नजर से बचा रहता है ,व छोटी माता ,(चेचक ) की बीमारी का प्रकोप नही होता है, मान्यता के अनुसार ,इस दिन गरम खाना नही बनाया जाता पूरा परिवार शीतला सप्तमी की पूर्व संध्या यानी एक दिन पहले बनाया ठंडा व बासी भोजन ग्रहण करते है , आज ब्रह्म महूर्त में सुबह से ही क्षेत्र के मंदिरों में शीतला माता की पूजा करने महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।यह क्रम दोपहर तक अनवरत जारी रहा। इस वर्ष सप्तमी तिथि दो दिन मनाने के कारण मंदिर में महिलाओं की उपस्थिति कम रही है कई महिलाएं सप्तमी तिथि कल यानी 21 मार्च शुक्रवार को शीतला माता की पूजा करेगी ।

## कृष्णा कॉलोनी मे पिछले दिनों मे दो मकानों में चोरी की घटना के विरोध में क्षेत्र वासियों ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** कृष्णा कॉलोनी की वार्ड संख्या 14 व 15 में पिछले दिनों दो मकानों में हुई चोरी की घटना के विरोध में क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन दिया। जिसमें चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की गई है। पार्षद महेश बेनीवाल व युगल किशोर शर्मा ने बताया कि पंडा का कुआ क्षेत्र में पिछले 14 मार्च को एक सूने मकान में चोरी की घटना हुई।जिसके महज 8-9दिन बाद ही स्थानीय निवासी सुरेश वैध के सूने मकान से भी चोर नगदी सहित लाखों रुपए के सामानों को चुराकर ले गए।उक्त क्षेत्र में चोरी की बढ़



रही घटनाओं से क्षेत्र के लोग परेशान है।ज्ञापन में बताया कि चोरी की दोनो घटनाओं की प्राथमिकी कोतवाली थाने में दर्ज है। ज्ञापन में नाराजगी जताते हुए वार्ड वासियो ने बताया कि चोरी की घटनाओं को एक माह बीत जाने के बाद भी चोरी का खुलासा नही हुआ है।

# खानपुर और बकानी मे आधुनिक बस स्टेंड का निर्माण कराया जाये - सुरेश गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर ने आज विधानसभा में नियम 295 के अन्तर्गत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से खानपुर एवं बकानी में आधुनिक बस स्टेंड के निर्माण की आवश्यकता का मुद्दा उठाते हुये कहा कि झालावाड जिले में बकानी और खानपुर दो बडे कस्बे है। खानपुर कस्बा, बारां झालावाड मेगा हाईवे पर स्थित है, ये विधानसभा क्षेत्र का मुख्यालय है, जहॉ उपखंड कार्यालय, उपअधीक्षक कार्यालय, कॉलेज आदि संचालित है, जिसके कारण प्रतिदिन हजारो की संख्या में यात्री आवागमन करते है। साथ ही यहॉ पर प्रसिद्ध जैन तीर्थ चांदखेडी में पूरे देश से तीर्थ यात्री दर्शन के लिये आते है।

इसी प्रकार बकानी कस्बा कृषि एवं व्यापार का एक बडा केन्द्र है , ये मध्यप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है । यहॉ भी प्रतिदिन बडी संख्या में ग्रामीण आते है। यहॉ पर रोडवेज और निजी बसे बीच बाजार में ही खडी होती है , जिसके कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

खानपुर और बकानी में वर्तमान में कोई बस स्टेंड नही है। यात्रीयो को भरी गर्मी में छांव नही मिल पाती, बरसात में बारिश से बचने के लिये आस पास की दुकानो में शरण लेनी पडती है। इतना ही नही यात्री सुविधाओं के अभाव में बस के इंतजार में खडे रहना पडता है। वहॉ आस पास सार्वजनिक जनसुविधाये नही होने से महिलाओं को परेशानी का सामना करना पडता है।

विधायक सुरेश गुर्जर ने मांग रखी कि खानपुर और बकानी में यात्री प्रतीक्षालय सहित आधुनिक बस स्टेंड का निर्माण कराया जाये।

# मिस्टर इंडिया में चाइल्ड आर्टिस्ट बने

## आर्थिक स्थिति खराब हुई, सेट पर जाने के पैसे नहीं थे; आज बड़े डायरेक्टर्स में एक अहमद खान

एक ऐसा शख्स जो एक्टिंग भी कर सकता है। अपने इशारों पर लोगों को नचा भी सकता है। साथ ही, इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में भी बनाकर दे सकता है। हम बात कर रहे हैं, कोरियोग्राफर-डायरेक्टर अहमद खान की। शेखर कपूर की आइकॉनिक फिल्म मिस्टर इंडिया में इन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट की भूमिका निभाई थी।

जीवन के शुरुआती दौर में सब कुछ ठीक था। सारी सुविधाएं थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया जब सब कुछ बिखर गया। कभी गाड़ियों से चलने वाले अहमद के पास सेट पर जाने के लिए भी पैसे नहीं होते थे। इन्होंने दिग्गज कोरियोग्राफर सरोज खान के अंडर डांस सिखाना शुरू किया। कम उम्र में बड़े कोरियोग्राफर बन गए। एक वक्त ऐसा आया जब कोरियोग्राफी से मन भर गया। फिर डायरेक्शन में उतरे। लकीर, हीरोपंती और बागी जैसी फिल्में बनाईं। इस साल 34 एक्टर्स वाली वेलकम टु द जंगल भी ला रहे हैं।

### बिना ऑडिशन मिस्टर इंडिया के लिए चुने गए

मैंने कम उम्र में ही डांसिंग शुरू कर दी थी। 11 साल का था, पुणे में एक शो में परफॉर्म कर रहा था। वहां फिल्म मिस्टर इंडिया की टीम आई थी। उन्होंने मुझे वहां देखा और फिल्म के एक चाइल्ड आर्टिस्ट के किरदार के लिए चुन लिया। बिना किसी ऑडिशन के सिर्फ डांस देखकर उन लोगों ने मुझे कास्ट कर लिया। फिर मेरी मुलाकात फिल्म के डायरेक्टर शेखर कपूर जी से हुई। उस वक्त स्टार्स को दूर से देख लेना ही बहुत बड़ी बात होती थी।

### पिता की बदौलत घर पर सेलिब्रिटीज का आना-जाना था

मैं जब पहली बार शूटिंग के लिए फिल्म सिटी गया, तो वहां अनिल कपूर और श्रीदेवी जैसे स्टार्स को देखकर मेरी आंखें खुली की खुली रह गईं। हालांकि ऐसा नहीं था कि मैं मूवी स्टार्स से परिचित नहीं था। मेरे पिताजी जॉकी (घुड़सवार) हुआ करते थे। पास में ही महालक्ष्मी रेस कोर्स था। वहां कई सेलिब्रिटीज घुड़सवारी देखने आते थे। वहां से लौटते वक्त वे मेरे घर भी आते थे। मेरी बिल्डिंग वाले भी सोचते थे कि ये लोग हैं कौन, जिनके घर इतने सेलिब्रिटीज आते हैं।

### डांसिंग और खेलकूद को सीरियसली नहीं लिया जाता था

मैंने जब डांसिंग करनी शुरू की, तब इन सब चीजों को बहुत सीरियसली नहीं लिया जाता था। डांस करने या खेलने-कूदने को खराब माना जाता था। माता-पिता भी इन सब को लेकर बहुत ज्यादा जागरूक नहीं थे। उस वक्त यूट्यूब चैनल्स भी नहीं थे कि उन्हें देख कर कुछ सीखा जा सके। मेरे अंदर डांसिंग की जो भी स्किल थी, वह मैंने खुद डेवलप की थी। बाकी



कुछ चीजें जन्म से ही रहती हैं।

### मां की सरोज खान से दोस्ती थी, उनके पास भेजा

सबसे पहले मेरी मां को एहसास हुआ कि मैं डांस में कुछ अलग कर सकता हूं। मेरी मां फेमस कोरियोग्राफर सरोज खान की दोस्त थीं। उन्होंने मेरे लिए उनसे बात की। इससे पहले सरोज खान जी ने मेरी एक परफॉर्मेंस देखी थी। मैं एक बार में 11 बार बैक स्पिन (डांस की एक विधा) कर लेता था। सरोज जी ने मुझे अपने पास बुला तो लिया, लेकिन उनके अंदर मुझे लेकर कॉन्फिडेंस नहीं था। उनको लगा कि मैं कुछ दिन उनके साथ काम करूंगा, फिर लौट जाऊंगा।

### 16 साल की उम्र में सरोज खान के असिस्टेंट बने

सरोज जी उस वक्त अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म अकेला की डांस कोरियोग्राफर थीं। इस फिल्म के लिए उन्होंने 5-6 असिस्टेंट रखे थे। मुझे भी असिस्टेंट के तौर पर लिया। उस वक्त सिर्फ 16 साल का था। 16 साल की उम्र में ही सरोज खान का असिस्टेंट बनना अपने आप में बड़ी बात थी। उस वक्त एक्टर्स को डांस सिखाना आसान नहीं था। मैं ठहरा मॉडर्न डांस मूव सिखाने वाला, मुझे तो और भी दिक्कत होती थी। फिर समय आया शाहरुख, आमिर, सलमान और अक्षय का। ये सारे अच्छे डांसर्स थे, मुझे इन्हें सिखाने में मजा भी आने लगा।

### मां-बाप का तलाक हुआ तो आर्थिक स्थिति खराब हुई

मेरे जीवन में सब कुछ ठीक चल रहा था। पैसे नहीं भी कमा रहा था, फिर भी पिता की बदौलत किसी चीज की कमी नहीं थी। अचानक हमारे जीवन में भूचाल आ गया। माता-पिता का तलाक हो गया। मैं मां के साथ रहने लगा। मां ठहरीं खुद्दार। उन्होंने पिता से मदद लेने से इनकार कर दिया। वे खुद अपनी बदौलत मुझे पालने लगीं।

### घर जाने के लिए ट्रक के पीछे लटकना पड़ा

अब नौबत यह आ गई कि स्टूडियो से घर जाने के लिए भी पैसे नहीं होते थे। लोगों से लिफ्ट मांगकर घर जाता था। कभी-कभार तो ट्रक के पीछे लटक जाया करता था। मैं एक धनी बाप का गरीब बेटा बन गया। नौकर-चाकर और गाड़ियों से सीधे पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर आ गया। पिता की बदौलत पता ही नहीं था कि रिक्शे और लोकल ट्रेन में चलना क्या होता है।

### 20 साल की उम्र में मिला फिल्म फेयर अवॉर्ड

समय था 1995 का। आमिर खान स्टारर और रामगोपाल वर्मा की डायरेक्शन वाली फिल्म रंगीला में मुझे कोरियोग्राफी का मौका मिला। उस वक्त मेरी उम्र 20 साल थी। मैंने फिल्म की लीड एक्ट्रेस उर्मिला मांतोडकर को डांस सिखाया। फिल्म के सारे गाने बहुत हिट हुए। मुझे बेस्ट कोरियोग्राफी के लिए फिल्म फेयर का नॉमिनेशन मिला। उस वक्त नॉमिनेशन मिलना ही बड़ी बात थी।

अवॉर्ड वाले दिन सुबह मैं मस्तमौला होकर फुटबॉल खेल रहा था। उम्मीद नहीं थी कि अवॉर्ड मिल जाएगा। शाम को एक मरून ब्लेजर और डेनिम जींस पहनकर शो में चला गया। जब स्टेज से मेरे नाम का अनाउंसमेंट हुआ तो ब्लैंक हो गया। यकीन ही नहीं हुआ कि मैंने फिल्म फेयर अवॉर्ड जीत लिया है। मुझे प्रभुदेवा के हाथों अवॉर्ड मिला, वे भी सोच रहे थे कि यह 20 साल का लड़का है कौन? सबसे कम उम्र में यह अवॉर्ड पाने वाला मैं पहला लड़का था।

### शादी के बाद कोरियोग्राफी छोड़ डायरेक्शन में आए

मैंने 22 साल की उम्र में शादी कर ली। 27 साल में मेरा बच्चा हो गया। जिम्मेदारियां बढ़ गई थीं। मैं सोचने लगा कि खुद को सिर्फ कोरियोग्राफी में फंसा कर क्यों रखा है? फिर मेरी वाइफ ने डायरेक्शन में उतरने की सलाह दी। उस वक्त सोच लिया कि डांस वाली फिल्म नहीं बनाऊंगा। आप देखिए, जितने भी कोरियोग्राफर आगे जाकर डायरेक्टर बने हैं, सबने एक डांस या म्यूजिकल मूवी जरूर की है। मैंने सोच लिया था कि एक्शन फिल्में बनाऊंगा।

पहली फिल्म लकीर (2004) बनाई। फिल्म बनाने से पहले सनी देओल से बात की थी। वे तुरंत फिल्म के लिए मान गए। इसके बाद सुनील शेट्टी को कास्ट किया। उन्होंने सुझाव दिया कि जॉन अब्राहम को फिल्म में लेना चाहिए। फिर मैंने जॉन और सोहेल खान को फिल्म में लिया। सोहेल भी मेरे दोस्त थे। वहीं, फिल्म के म्यूजिक पर लीजेंड्री ए.आर रहमान ने काम किया। इस तरह सबके सहयोग से पहली फिल्म बनाई। यह भले ही नहीं चली, लेकिन मैंने अपना पूरा फोकस डायरेक्शन पर कर लिया, जो आज भी जारी है।

### वेलकम टु द जंगल में 34 एक्टर्स कास्ट किए

यह मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। मेरी छोड़िए, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी फिल्म कह सकते हैं। फिल्म में 34 एक्टर्स कास्ट किए गए हैं। प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने मुझसे कहा कि अहमद, तुम इस फिल्म में उन्हीं एक्टर्स को लेना, जिन्हें लोग नाम से जानते हों। एक भी ऐसा एक्टर नहीं होना चाहिए जिसके बारे में लोगों को बताना पड़े। फिल्म की कास्टिंग के दौरान सबसे खास बात यह रही है कि किसी एक्टर ने यह नहीं कहा कि मैं फिल्म में काम नहीं करूंगा, क्योंकि इसमें कई सारे कलाकार काम कर रहे हैं। स्क्रीन टाइम को लेकर किसी के मन में कोई इनसिक्योरिटी नहीं थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, संजय दत्त, सनी देओल, और मिथुन चक्रवर्ती जैसे कई स्टार्स नजर आएंगे।

# अंकिता लोखंडे की एज शेमिंग कर ट्रोल हुए एल्विश यादव

## कहा- उम्र 40 है, आलिया भट्ट की मां का रोल करेंगी, जवाब मिला- मैं बूढ़ी लगती हूं?



अंकिता लोखंडे कुछ समय पहले ही पति विक्की जैन के साथ यूट्यूबर एल्विश यादव के पॉडकास्ट में पहुंची थीं। इस दौरान एल्विश यादव ने अंकिता की उम्र पर कमेंट करते हुए उनका मजाक उड़ाया था। जहां अंकिता ने मौके पर ही एल्विश की बोलती बंद करवा दी, वहीं क्लिप वायरल होने के बाद अब एल्विश यादव को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान एल्विश यादव ने अंकिता से कहा था, विकिपीडिया आपकी उम्र 40 बताता है। आलिया भट्ट के साथ फिल्म करोगे? मां का रोल करोगे?

इसके जवाब में अंकिता ने कहा, क्यों 40 साल की औरत बूढ़ी हो जाती है। मैं कहीं से भी 40 की बूढ़ी लगती हूं। जब अंकिता के गुस्सा होने पर विक्की जैन ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो वो भड़कते हुए कहने लगीं, वो ऐसे सवाल क्यों कर रहा है।

इस पर भी एल्विश यादव ने बात नहीं बदली और कहा, भाभी डर गई। कुछ देर बाद फिर एल्विश ने पूछा कि क्या आप मां का रोल करेंगी। जवाब में अंकिता ने कहा, मैं पहले ही पवित्र रिश्ता में बड़े-बड़े बच्चों की मां का रोल कर चुकी हूं। इस पर विक्की ने कहा- वो 18 की उम्र में मां का रोल कर चुकी है।

एल्विश ने फिर सवाल किया, क्या आप आलिया भट्ट की मां का रोल करेंगी। इस पर अंकिता ने कहा, नहीं, मैं आलिया भट्ट की मां का रोल बिल्कुल भी नहीं करती।

पॉडकास्ट का वीडियो सामने आने के बाद से ही एल्विश यादव को अंकिता की एज शेमिंग करने पर ट्रोल किया जा रहा है।

एक यूजर ने रेडिट पर अंकिता का सपोर्ट करते हुए लिखा है, इस गंवार को कोई बताए कि आलिया भट्ट खुद 32 साल की है और वो उड़ता पंजाब जैसी फिल्मों में काफी कम उम्र का रोल करती है। अंकिता और आलिया दोनों ही अपनी उम्र के हिसाब से बहुत सुंदर हैं। लेकिन इस मूर्ख के बारे में ये नहीं कह सकते। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है कि क्या किसी आदमी से ये सवाल किया जा सकता है?

# जया बच्चन ने अक्षय कुमार की फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा का उड़ाया मजाक, जमकर हुईं ट्रोल

समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने कहा, अभी आप नाम भी देखेंगे तो मैं ऐसी पिक्चर खुद कभी ना देखने जाऊं। टॉयलेट- एक प्रेम कथा, ये कोई नाम है? ये कोई शीर्षक है? कृपया बताएं आप लोगो में से कितने लोग इस तरह हैं, जो इस टाइटल की फिल्म देखने जायेंगे? अभी इतने लोग में 4 लोग हाथ उठा रहे हैं, बहुत दुखद है। उन्होंने आगे कहा, आजकल तो राजनीतिक पार्टियां भी फिल्में बना रही हैं। दिग्गज अभिनेत्री और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन एक बार फिर अपने बयान के कारण विवादों में आ गई हैं। इस बार अभिनेत्री ने 2017 में रिलीज हुई अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर की फिल्म टॉयलेट- एक प्रेम कथा के नाम का मजाक उड़ाया। जया ने एक कार्यक्रम में कहा कि वह ऐसे नाम वाली फिल्म कभी नहीं देखेंगी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म को फ्लॉप करार दिया।

इंडिया टीवी के एक कार्यक्रम के दौरान, जब साक्षात्कारकर्ता ने टॉयलेट- एक प्रेम कथा का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे फिल्में सत्ताधारी पार्टी के अभियानों से जुड़ी हुई हैं, तो समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने कहा, अभी आप नाम भी देखेंगे तो मैं ऐसी पिक्चर खुद कभी ना देखने जाऊं। टॉयलेट- एक प्रेम कथा, ये कोई नाम है? ये कोई शीर्षक है? कृपया बताएं आप लोगो में से कितने लोग इस तरह हैं, जो इस टाइटल की फिल्म देखने जायेंगे? अभी इतने लोग में 4 लोग हाथ उठा रहे हैं, बहुत दुखद है। उन्होंने आगे कहा, आजकल तो राजनीतिक पार्टियां भी फिल्में बना रही हैं।



जया के बयान कई लोगों की भौंहें तन गईं। कई लोगों ने आगे आकर अभिनेत्री पर निशाना साधा। एक सोशल मीडिया यूजर ने शेयर किया, टॉयलेट वास्तव में एक अच्छी फिल्म थी! इसने एक ऐसे विषय पर जागरूकता लाई, जिसके बारे में सार्वजनिक रूप से शायद ही कभी बात की जाती है और अक्षय इसमें बहुत मज़ेदार थे। मुझे लगता है कि यह एक हिट भी थी। एक अन्य नाराज़ प्रशंसक ने लिखा, कितना हास्यास्पद है। वह फिल्म भारत में गांवों में जीवित रहने वाली महिलाओं की परेशानियों का एक बड़ा संदेश थी। उनके जैसे लोगों का जीवन आलीशान होता है और वे बात करते हैं। अक्षय ने बहुत अच्छा काम किया।

तथ्य बताते हुए, एक नेटिजन ने शेयर किया, यह फ्लॉप नहीं थी, यह बॉक्स ऑफिस पर हिट थी। जबकि एक टिप्पणी में लिखा था, जिनके पास शौचालय नहीं था, उनके लिए इस फिल्म ने एक अंतर बनाया।

75 करोड़ के बजट में बनी अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर स्टारर टॉयलेट- एक प्रेम कथा को न केवल शानदार समीक्षा मिली, बल्कि इसने दुनियाभर में 311.5 करोड़ का

# इंडियाज गॉट लेटेंट शो पर विवाद जारी : दो बार नहीं पहुंचे समय रैना, साइबर सेल ने भेजा तीसरा समन, 24 मार्च को होगी पूछताछ

इंडियाज गॉट लेटेंट शो में पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट्स के मामले में बुधवार को महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैना को तीसरी बार समन भेजा है। साथ ही साइबर सेल ने समय को 24 मार्च को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है।

### महाराष्ट्र साइबर सेल ने समय रैना को भेजा तीसरा समन

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 'समय रैना को इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर चल रहे विवाद के चलते बुधवार, 19 मार्च को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। लेकिन समय महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश नहीं हुए। अब साइबर सेल ने कॉमेडियन को तीसरा समन जारी किया है।

### इससे पहले दो बार जारी हुआ समन, पेश नहीं हुए समय

महाराष्ट्र साइबर सेल ने समय रैना को दूसरा समन 17 मार्च को भेजा था। जिसमें कहा गया था कि उन्हें 19 मार्च को जांच अधिकारियों के सामने पेश होना है। समय को पहला समन 13 फरवरी को भेजा गया था। जिसके मुताबिक समय को 17 मार्च को अपना बयान दर्ज कराना था। लेकिन यूट्यबर अब तक साइबर सेल के सामने पेश नहीं हुए।

### शो में पेरेंट्स-महिलाओं पर भद्दे कमेंट्स का मामला

स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर विवाद जारी है। समय ने 8 फरवरी को अपने यूट्यूब चैनल पर शो का एक एपिसोड अपलोड किया था। जिसमें यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया ने पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर भद्दी बातें कही थीं। दैनिक भास्कर उन बातों का जिक्र नहीं कर सकता है।

### शो के सभी गेस्ट के खिलाफ केस दर्ज हुआ था

एपिसोड के सामने आते ही शो और इससे जुड़े लोगों की जमकर आलोचना होने लगी। रणवीर पर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई। साथ ही समय के अलावा इस शो के उन 30 गेस्ट के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ, जिन्होंने पहले एपिसोड से अब तक के शो में हिस्सा लिया था।

# शाहरुख-सलमान को साथ में कास्ट कर सकते हैं मुरुगदास : डायरेक्टर ने कहा- फ्यूचर में प्लान कर सकते हैं; आमिर के साथ भी काम कर चुके हैं

सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी बीच यह खबर सामने आ रही है कि डायरेक्टर ए. आर मुरुगदास अपनी अगली फिल्म में सलमान और शाहरुख दोनों के साथ काम करेंगे। इससे पहले डायरेक्टर ने आमिर खान के साथ फिल्म गजनी में काम किया है।

### शाहरुख-सलमान को साथ में कास्ट करेंगे मुरुगदास

डायरेक्टर ए. आर मुरुगदास ने हाल ही में ईटाइम्स के साथ बातचीत की। इस दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने शाहरुख खान के साथ भी काम करने की प्लानिंग की है? क्योंकि वह पहले ही सलमान खान और आमिर खान के साथ काम कर चुके हैं। साथ ही कुछ समय से ऐसी अफवाह है कि डायरेक्टर सलमान और शाहरुख दोनों को एक साथ एक फिल्म में कास्ट करेंगे।

### अफवाहों पर डायरेक्टर का रिएक्शन सामने आया

सवाल का जवाब देते हुए में मुरुगदास ने बताया कि वह फिलहाल अपने तमिल प्रोजेक्ट को पूरा करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इसके बाद मैं साजिद सर के साथ बैठूंगा और अगर सब कुछ ठीक रहा तो फ्यूचर में हम कुछ प्लान कर सकते हैं।'

### डायरेक्टर ने रिवील किया सिकंदर का रनटाइम

इस दौरान डायरेक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर को लेकर भी बात की। डायरेक्टर ने फिल्म का रनटाइम शेयर करते हुए कहा, 'सिकंदर के इंटरवल से पहले का पार्ट लगभग 1 घंटा 15 मिनट का है और इंटरवल के बाद का पार्ट लगभग 1 घंटा 5 मिनट का है। फिल्म का टोटल रनटाइम लगभग 2 घंटे 20 मिनट है।'

# तमिल और हिंदी कई फिल्म डायरेक्ट कर चुके हैं ए. आर. मुरुगदास

ए. आर. मुरुगदास को गजनी, थुप्पाकी, हॉलिडे: ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी और सरकार जैसी तमिल और हिंदी फिल्मों के डायरेक्शन के लिए जाना जाता है। फिल्म सिकंदर में सलमान के अलावा काजल अग्रवाल और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसमें सत्यराज, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल और शरमन जोशी भी हैं। फिल्म की कहानी को रिवील नहीं किया गया है। सिकंदर को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। यह 30 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# दिशा सालियान सुसाइड केस, पिता की हाईकोर्ट में याचिका:आदित्य ठाकरे पर एफआईआर के साथ सीबीआई जांच की मांग; सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर थीं

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने बेटी की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की है। उन्होंने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और बेटी की मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी। याचिका में सूरज पांचोली, डिनो मोर्या और मुंबई पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। 8 जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके की 14वीं मंजिल से गिरकर दिशा की मौत हो गई थी। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया था। उस समय दिशा के पिता ने जांच को संतोषजनक माना था। भाजपा नेता का दावा- गैंगरेप के बाद हत्या हुई भाजपा नेता नितेश राणे ने 3 साल पहले दिशा से गैंगरेप के बाद उनकी हत्या का आरोप लगाया था। हालांकि, दिशा के पेरेंट्स ने बेटी को बदनाम करने की साजिश बताते हुए नितेश पर ही केस दर्ज कराया था। अब 5 साल बाद दिशा के पिता का कहना है कि उन्हें नजरबंद करके पुलिस के पेश सबूतों को सच मानने के लिए मजबूर किया गया था। सुशांत के पिता बोले- दिशा के पिता ने सही किया सुशांत सिंह राजपूत के पिता ने कहा- पहले दिशा सालियान के पिता ने कहा था वे कुछ नहीं जानते हैं, बेटी ने आत्महत्या ही की होगी। ये मुझे नहीं पता कि बाद में वह किस बात पर कह रह हैं कि ये आत्महत्या नहीं हत्या है।

# राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज समेत 25 सेलेब्स के खिलाफ एफआईआर

### सट्टे की एप प्रमोट करने और लोगों को गुमराह करने के आरोप, विजय देवरकोंडा का नाम भी शामिल



प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा और राणा दग्गुबाती समेत 25 सेलेब्रिटीज और इन्फ्लुएंसर के खिलाफ तेलंगाना पुलिस ने 19 मार्च को केस दर्ज किया। सभी पर अवैध बैटिंग ऐप्स को प्रमोट करने और लोगों को गुमराह करने के आरोप हैं।

तेलंगाना पुलिस ने राणा दग्गुबाती, विजय देवरकोंडा, प्रकाश राज, मांचू लक्ष्मी और निधि अग्रवाल समेत कई एक्टर्स के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### 25 में से 6 साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार

एक रिपोर्ट के मुताबिक, साइबराबाद में मियापुर पुलिस ने 32 साल के बिजनेसमैन फणींद्र सरमा की शिकायत पर केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने इन सभी कलाकारों पर बैटिंग ऐप्स को प्रमोट करने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया था। आरोप है कि इस तरह सट्टेबाजी को प्रमोट करना 1867 के सार्वजनिक जुआ कानून खिलाफ है। उनमें 6 साउथ सिनेमा के बड़े एक्टर्स हैं। सेलेब्स एप्स प्रमोट करने के लिए मोटी फीस लेते हैं। उन्हें देखते हुए युवा भी सट्टेबाजी की तरफ आकर्षित होते हैं और अपनी मेहनत की कमाई इसमें लगा देते हैं। एफआईआर में अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों को बढ़ावा देने से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। जिसकी जांच अब अधिकारी जी रमेश नायडू कर रहे हैं।

मांचू लक्ष्मी प्रसन्ना तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर और प्रोड्यूसर हैं। इसके अलावा वह अमेरिकी टेलीविजन में भी काम कर चुकी हैं। मांचू लक्ष्मी तेलुगु इंडस्ट्री के फेमस एक्टर मोहन बाबू की बेटी हैं। मांचू लक्ष्मी प्रसन्ना तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर और प्रोड्यूसर हैं। इसके अलावा वह अमेरिकी टेलीविजन में भी काम कर चुकी हैं। मांचू लक्ष्मी तेलुगु इंडस्ट्री के फेमस एक्टर मोहन बाबू की बेटी हैं।

### इन कलाकारों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था

कुछ दिन पहले पंजागुट्टा पुलिस ने 11 फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों और इन्फ्लुएंसर के खिलाफ भी केस दर्ज किया था। इन सब पर भी बैटिंग एप्स को प्रमोट करने के आरोप थे। इन कलाकारों में किरण गौड़, विष्णु प्रिया, श्यामला, इमरान खान, रितु चौधरी, हर्ष साई, टेस्टी तेजा और बंडारू शेषयानी सुप्रिता समेत 11 कलाकारों के खिलाफ केस दर्ज किए थे।

### सट्टेबाजी एप प्रमोट करने पर फंस चुके हैं ये सेलेब्स

इससे पहले साल 2024 में महाराष्ट्र साइबर सेल ने संजय दत्त और तमन्ना भाटिया को समन भेजा था। मामला 2023 में महादेव ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग ऐप से संबंधित फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल मैच देखने का प्रमोशन करने से जुड़ा हुआ था।

एक सच्चे विद्यार्थी को कभी छुट्टी नहीं मिलती। छुट्टियाँ उसके लिए कुछ नया सीखने का एक अवसर है

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जैन विश्व भारती संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए राज्यपाल बागडे

## विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए प्रेरित किया जाए : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शिक्षा के जरिए चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किए जाने का आह्वान किया है। राज्यपाल बागडे गुरुवार को लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती संस्थान के 35वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने वाली है। प्राचीन ज्ञान के आधुनिकीकरण के साथ हम सभी विकसित भारत की संकल्पना को साकार करें। उन्होंने आचार्य तुलसी को याद करते हुए उनके अणुव्रत आंदोलन एवं नशा मुक्ति हेतु किये गए प्रयासों से प्रेरणा लेकर नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लेने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान समुद्र समान है, हमें बौद्धिक क्षमता का विकास करना चाहिए और लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान शिक्षा,खेल,शोध एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों और संस्थान के शिक्षकों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व राज्यपाल बागडे ने विश्वविद्यालय के नवीनीकृत कुलपति कार्यालय और सेमिनार हॉल का उद्घाटन किया। साथ ही इस अवसर पर जैन विश्व भारती चिकित्सालय का शिलान्यास भी किया।

# थल-थल और वायु सेना होगी और मजबूत 54,000 करोड़ के रक्षा उपकरण खरीदने को डीएसी की मंजूरी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 54,000 करोड़ रुपये से अधिक के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय में सेना के लिए टी-90 टैंकों के लिए उन्नत इंजन, नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो और वायु सेना के लिए एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्लूएंडसी) सिस्टम की खरीद शामिल है। भारतीय सेना के लिए, परिषद ने टी-90 टैंकों में मौजूदा 1,000 एचपी इंजन को अपग्रेड करने के लिए 1,350 एचपी इंजन खरीदने की मंजूरी दी। इससे पावर-टू-वेट अनुपात में वृद्धि करके युद्ध के मैदान में गतिशीलता में सुधार होने की उम्मीद है। भारतीय नौसेना को अतिरिक्त वरुणास्त्र टॉरपीडो मिलने वाले हैं, जो नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित जहाज से लॉन्च किया जाने वाला एंटी-सबमरीन हथियार है। टॉरपीडो से नौसेना की पनडुब्बी खतरों का मुकाबला करने की क्षमता बढ़ेगी।

# विदेश यात्रा से पहले मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा विपक्ष : ममता बनर्जी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विदेश यात्रा से पहले बृहस्पतिवार को भाजपा और वाम दलों पर उनकी छवि धूमिल करने के प्रयास किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि विदेश यात्रा से पहले किसी नेता पर हमला करने से देश की छवि को नुकसान पहुंचता है। ममता बनर्जी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आगामी दिनों में लंदन की यात्रा करने वाली हैं। बनर्जी ने कहा कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन किसी भी नेता को किसी अन्य नेता की विदेश यात्रा से पहले उसकी छवि खराब नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह व्यक्ति देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दिल्ली में हुई बैठक

# आवास प्लस की सूची के पौने तीन लाख आवास अप्रैल में संतृप्त कर लेंगे : शिवराज सिंह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच गुरुवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में बैठक हुई, जिसमें ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य योजनाओं के संबंध में राजस्थान सरकार द्वारा दिए प्रस्तावों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की कई योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्थान आदर्श तरीके से कर रहा है, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान का परफार्मेंस बहुत अच्छा है। शिवराज सिंह ने आश्वस्त किया कि राजस्थान की प्रगति में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का जो भी योगदान हो सकेगा, वह हम भरपूर करेंगे।

शिवराज सिंह ने राजस्थान सरकार के प्रस्ताव पर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अग्रिम अनुदान के 126 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्देशित किया, वहीं इस योजना के चौथे चरण में आवासों की मंजूरी भी आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद करने की बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में गरीबीमुक्त गांव बनाने पर जोर दिया जा रहा है, इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि राजस्थान में इस दिशा में नवाचार किया जा रहा है, जहां गरीबीमुक्त गांव बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है और पांच हजार गांवों का प्रारंभिक लक्ष्य राजस्थान में रखा गया है, जिनमें कोई भी गरीब (बीपीएल) नहीं रहेगा। शिवराज सिंह ने बताया कि राजस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लगभग 24 लाख आवास बनाने के लक्ष्य का आवंटन किया था, जिनमें से करीब 20 लाख आवासों का काम लगभग पूरा हो चुका है, वहीं 2018 के बाद की राजस्थान की आवास प्लस की जो सूची है, उनमें तकरीबन पौने तीन लाख आवास और शेष है, जो पात्र भाई-बहनों को दिए जाएंगे। इस पूरी सूची को हम आगामी अप्रैल में संतृप्त कर लेंगे, यानी 2018 के सर्वे की सूची के अनुसार कोई भी घर नहीं छूटेगा। प्रधानमंत्री मोदी की मंशा अनुसार, सभी पात्र गरीब भाइयों-बहनों को आवास दिए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मामले में भी राजस्थान बहुत अच्छा काम कर रहा है, इस योजना के चौथे चरण में राज्य सरकार द्वारा जो प्रस्ताव मापदंड के अनुसार भेजा जाएगा, वे सभी सड़कें स्वीकृत करने का कार्य किया जाएगा।

शिवराज सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य हमने राजस्थान को दिया था, उस संबंध में भी बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है, अभी तक चार लाख लखपति दीदियां बन गई है और अब राजस्थान में 25 लाख लखपति दीदियां बनाने का लक्ष्य रखा गया है। शिवराज सिंह ने बताया कि दीदियों में भी सौर दीदी का एक नया कान्सेप्ट राज्य सरकार लाई है, जिसमें हम पूरा सहयोग करेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे, इसके साथ ही पर्यटन दीदी बनाने के काम की पहल भी राजस्थान ने की है। राजस्थान पर्यटन का प्रमुख क्षेत्र है, पर्यटन राजस्थान की अर्थव्यवस्था का प्राण है, बेटी-बहनें इस दिशा में निश्चित ही अच्छा काम करेगी।

शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की योजना के तहत राजस्थान में कुछ जिले बचे हुए हैं, जहां प्रशिक्षण केंद्र अभी नहीं है, हमने मुख्यमंत्री से कहा है कि दो करोड़ रुपये प्रति भवन हम देंगे, जिसके लिए भूमि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मनरेगा की मजदूरी और सामग्री की शेष राशि अप्रैल में राजस्थान सरकार को दे दी जाएगी।

कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा में नहीं की गई लोकपाल की नियुक्ति व सोशल आडिट को लेकर शिवराज सिंह ने मुख्यमंत्री शर्मा से कहा कि वे अब इन कामों को पूरा करवाएं। नवाचार करने के संबंध में 30 करोड़ रुपये के इनोवेशन फंड का प्रस्ताव मिलते ही यह राशि भी तत्काल स्वीकृत की जाएगी।

# लेपर्ड ने युवक की गर्दन तोड़ी, मौत

## जबड़े में दबोचकर घसीटा; हमले के सवा तीन घंटे बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

बढ़ता राजस्थान

**पाली।** पाली में लेपर्ड ने युवक को गर्दन तोड़कर मार डाला। लेपर्ड ने युवक पर पीछे से हमला किया। जबड़ों में उसकी गर्दन दबोचकर घसीटता हुआ उसे गुफा की तरफ ले जाने लगा। इस दौरान युवक के पिता भी वहीं थे। पिता ने शोर मचाया तो लेपर्ड युवक को घायल हालत में छोड़कर भाग निकला। घटना सुमेरपुर थाना इलाके में जवाई बांध के पास के जंगल में गुरुवार शाम करीब 3:45 बजे हुई। मौके पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने शाम करीब 4:15 बजे गंभीर हालत में युवक को सुमेरपुर हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान 10-15 मिनट में ही उसकी मौत हो गई। डीएफओ पी. बाल मुरुगन ने बताया- शाम करीब 7 बजे घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगाए गए पिंजरे में लेपर्ड कैद हो गया। इसी लेपर्ड ने युवक पर हमला किया था।

सीओ सुमेरपुर जितेंद्र सिंह ने बताया- बलवना गांव का रहने वाला पशुपालक भोलाराम (25) पिता कानाराम के साथ बकरियां चराने गया था। हमें सूचना मिली थी कि भोलाराम पर लेपर्ड ने हमला कर दिया। लेपर्ड युवक की गर्दन जबड़ों में दबोचकर गुफा की तरफ ले जा रहा था।

# 1 अप्रैल से शिफ्ट होगा नारायण सिंह सर्किल बस स्टैंड

## सर्किलों को छोटा करने के लिए बनी कमेटी, ई-रिक्शा के लिए बनेंगे स्टैंड



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनंदी की अध्यक्षता में गुरुवार को जड़ा के मंथन सभागार में ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जयपुर के नारायण सिंह सर्किल पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए बस स्टैंड को शिफ्ट करने का फैसला किया गया। इसके साथ ही शहर में अलग-अलग चौराहों पर बने सर्किल को छोटा करने के लिए एक कमेटी का गठन करने का निर्णय हुआ।

**1 अप्रैल से बदलेगी व्यवस्था :** बैठक में नारायण सिंह सर्किल बस स्टैण्ड को रोटरी सर्किल, ट्रांसपोर्ट नगर के पास उपलब्ध भूमि पर स्थानांतरित कर आगरा को जाने वाली बसों का आवागमन और बजरी मण्डी और दिल्ली रोड पर मण्डी के सामने खाली जमीन से दिल्ली को जाने वाली बसों का संचालन 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

**चौराहों पर बने सर्किल होंगे छोटे :** बैठक में जयपुर शहर में सर्किलों को छोटा करने के लिए कमेटी गठित कर रिपोर्ट के आधार पर सर्किलों को छोटा करने का फैसला किया गया। इसके साथ ही डिवाइडर पर स्थाई रिफ्लेक्टर टेप लगाने का फैसला हुआ। वहीं कुछ स्थानों पर रोड मीडियन कट बंद करने पूर्व में लगे हुए स्थाई सीमेंट बैरिकेट्स के स्थान पर स्थाई मीडियन बनाने का फैसला हुआ।

### ई-रिक्शा के लिए बनेंगे स्टैंड

इसके साथ ही जयपुर में 16 मार्गों पर वर्तमान निर्धारित स्कोप वाहन संख्या में बढ़ोतरी किए जाने का अनुमोदन किया गया। इनमें नगरीय टेंपो (8 से 10 सीटर) के 8 मार्गों के चौपहिया वाहनों के स्कोप में बढ़ोतरी का निर्धारण किया गया है। वहीं नगरीय टेंपो मार्गों के वाहन, तिपहिया के स्कोप के स्थान पर चौपहिया वाहनों के स्कोप में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। जबकि शहर में ई - रिक्शा के स्टैंड के लिए स्थान निर्धारित करने का फैसला किया गया।

बैठक में ई-रिक्शा की बढ़ रही संख्या को देखते हुए ई-रिक्शा पर क्यूआर कोड स्टीकर लगवाए जाने का फैसला हुआ। क्यूआर कोड स्टीकर स्कैन करने पर ई - रिक्शा से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी। जिससे संबंधित ई रिक्शाओं का नियंत्रण किया जा सकेगा। इसके लिए डीओआईटी द्वारा सिस्टम विकसित किया जाएगा। वहीं यातायात के सुगम संचालन हेतु नो एंट्री के बोर्ड, स्पीड लिमिट के बोर्ड, यू टर्न निषेध संकट के बोर्ड, दुर्घटना संभावित क्षेत्र बोर्ड भारी वाहन प्रवेश निषेध बोर्ड, ट्रैफिक लाइट, ब्लिंकर लाइट और रंबल स्ट्रिप जैसे काम के लिए कमेटी गठित कर कम करवाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शहर में हो रहे अस्थाई अतिक्रमणों को अभियान बनाकर हटाने का फैसला किया गया।

# अधिकारी हेल्पलेस, दबाव में एक्शन नहीं ले पा रहे, भू-माफिया बेखौफ है, मंदिर की जमीन पर कब्जा करना कुकर्म जैसा : किरोड़ी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि प्रशासन के अधिकारी हेल्पलेस हैं। वे दबाव में होने के कारण भू-माफिया पर एक्शन नहीं ले पा रहे हैं।

किरोड़ी ने कहा- मंदिर की जमीन पर कब्जा करना तो कुकर्म जैसा है। गलत काम करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा। मंत्री गुरुवार दोपहर अलवर ढ्ढ्ढ सचिव स्नेहल नाना के चैंबर में पहुंचे थे। सचिव नहीं मिली तो उन्होंने अधिकारियों की मीटिंग लेकर अवैध कब्जों पर जानकारी ली। किरोड़ी ने मीडिया से कहा- मीटिंग में बातचीत के दौरान पता चला कि वे (अधिकारी) हेल्पलेस हैं। लेकिन, अधिकारी अच्छे हैं। एक दिन पहले ही बड़ा अतिक्रमण हटाया है। उन्होंने कहा- भूमाफिया बेखौफ हैं। कई जगह कब्जे करके बैठ गए हैं। लेकिन, अब माफिया से डरने की जरूरत नहीं है। मैं जनता के साथ खड़ा हूं। जिन जगहों पर अतिक्रमण है, उसे हटाया जाना चाहिए। सब पर बराबर कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले में सरकार के स्तर पर भी बातचीत की जाएगी। किरोड़ीलाल मीणा ने अधिकारियों से पूछा कि भू-माफिया कितनी जगह सरकारी जमीनों पर कब्जा किए बैठे हैं। कहां कितना विकास हुआ है? अतिक्रमण के मामले क्यों दबा दिए जाते हैं? इस दौरान उन्होंने बड़े बिल्डरों के अवैध कब्जों की जानकारी ली। खुद की ओर से भेजी गई शिकायतों पर लिए गए एक्शन की जानकारी भी ली। बता दें कि एक दिन पहले अलवर यूआईटी ने केसरपुर में करीब 25 बीघा जमीन से अतिक्रमण हटाया है। जिसकी किरोड़ीलाल मीणा ने शिकायत की थी।

अलवर के एक बड़े बिल्डर की शिकायत पर

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# संसद में नारे लिखी टीशर्ट पहनकर पहुंचे विपक्षी सांसद

## लोकसभा स्पीकर बोले- टीशर्ट खोलकर आएंगे तभी सदन चलेगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को डीएमके और कई विपक्षी सांसद नारे लिखी टी शर्ट पहनकर संसद में पहुंचे। विपक्ष की नारेबाजी और नियमों के उल्लंघन के कारण लोकसभा और राज्यसभा में कोई भी कामकाज नहीं हो सका। संसद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में डीएमके के सांसद जो टीशर्ट पहनकर पहुंचे थे, उस पर केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ लिखा था- तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा। इसे देखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सांसद जब टीशर्ट बदलकर आएंगे तभी सदन चलेगा।

डीएमके सदस्यों ने केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर अपनी चिंताओं को लेकर दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद लोकसभा पहले दोपहर 12 बजे, फिर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। जबकि राज्यसभा दोपहर 12 बजे, दोपहर 12.15 बजे, दोपहर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

### नाराज बिरला बोले- नियम 349 पढ़कर आएं सांसद

विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन नियमों और शिष्टाचार के अनुसार चलता है। बिरला ने कहा कि कुछ सांसद नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और सदन की गरिमा का उल्लंघन कर रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सदस्यों के इस तरह के व्यवहार से सदन नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों को रूल्स ऑफ बिजनेस के नियम 349 को पढ़कर आना चाहिए।





बजट सत्र के छठे दिन गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आतंकी घटनाओं पर केंद्र सरकार का पक्ष रखा। वे राज्यसभा में सदस्यों के प्रश्नों का जबाव दे रहे थे। उन्होंने कहा- पहले आतंकवादियों का महिमामंडन किया जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई है। राय ने यह भी बताया कि ह्ढ्ढ लंदन और ओटावा में इंडियन हाई कमिशन और सैन फ्रांसिस्को में वाणिज्य दूतावास पर हमले की जांच कर रही है। राय ने राज्यसभा में कहा, मोदी सरकार में आतंकवादी घटनाओं में 71 प्रतिशत की कमी आई है और आतंकवादी अब या तो जेल जाएंगे या जहन्नुम जाएंगे।

वहीं, कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में बताया कि सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र में बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं है। कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद खाली होने वाले पदों को खत्म करने की केंद्र सरकारी की कोई नीति नहीं है।